माघ शुक्ल पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -181, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर 16

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन 2

स्वामी प्रसाद का सपा व एमएलसी पद से इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव व विधान परिषद सभापति को भेजा त्यागपत्र

अमृत विचार : सपा से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में मौर्य ने कहा कि वह 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहे हैं।

विधान परिषद सभापति को भेजे गए पत्र में लिखा कि वे सपा से परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे, उन्होंने सपा से त्याग पत्र दे दिया है, इसलिए नैतिकता के आधार पर परिषद की सदस्यता से भी त्याग पत्र दे रहे हैं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत में मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख खुद को सेकुलर कहते हैं, पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। मौर्य ने कहा कि अखिलेश ऐसे सेकुलर हैं जो पार्टी कार्यालय में पूजा करवाते हैं, पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कभी संविधान की भावना के विपरीत व्यवहार नहीं किया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में प्रदेश में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने खूब सराहा

उत्तर प्रदेश में सुरक्षित ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जीबीसी के दूसरे दिन उद्योग समूहों के दिग्गजों को मंच मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जमकर तारीफ की। कहा कि प्रदेश में विदेशी उद्यमियों के साथ परिवार की तरह व्यवहार होता है। सुरक्षित निवेश ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गांरटी रहती है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को ''यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य'' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विदेशी निवेश की उम्मीद

लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं।

भारत और यूपी से रिश्ता परिवार जैसा

शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि कोई भी वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हों कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी से हमारा रिश्ता परिवार जैसा है।

उत्तर प्रदेश में निवेश का मिला व्यापक समर्थन

एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें यूपी में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मैं आने वाले वर्षों में निवेश के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं।

मोटोजीपी की मेजबानी देना एक बड़ा अवसर

डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। बताया कि मोटोजीपी ने 12 हजार रोजगार पैदा किए हैं।

छह माह में मंजूरी देने वाला पहला राज्य

ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने कहा कि अन्य राज्यों में जहां प्रथम अनुमोदन चरण में दो से ढाई साल लगते हैं वहीं छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।

एक नजर

लर्नर व ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता 29 तक बढ़ी

नई दिल्ली। सड़क मंत्रालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने अपने 'सारथी' पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों के चलते ऐसा किया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा कि 31 जनवरी से 12 फरवरी तक सारथी पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों देखने को मिले। ऐसे में आवेदकों को लाइसेंस संबंधी सेवाओं का लाभ उठाने में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। इसे देखते हुए लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस, जिनकी वैधता 31 जनवरी और 15 फरवरी 2024 के बीच खत्म हो गई है, उन्हें 29 फरवरी 2024 तक बिना कोई जुर्माना लगाए वैध माना जाएगा।

अभिनेता ऋतुराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन

मुंबई। पहली बार 1993 में टीवी शो 'बनेगी अपनी बात' से प्रसिद्ध हुए और अगले तीन दशकों में कई टीवी सीरीयल, फिल्मों और ओटीटी शो में नजर आए प्रसिद्ध अभिनेता ऋतुराज सिंह का मंगलवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 59 साल के थे। पेट की किसी समस्या के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ ही दिन पहले उन्हें छुट्टी दी गई थी। उनके करीबी दोस्त अमित बहल ने बताया कि देर रात 12 :30 बजे के आसपास दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

पूर्व डीआईपीपी सचिव के परिसर पर सीबीआई छापा

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पूर्व डीआईपीपी सचिव रमेश अभिषेक से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके परिसर पर तलाशी अभियान चला रहा है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1982 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी अभिषेक 2019 में सेवानिवृत हुए और इसके बाद एक निजी कंपनी में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि एजेंसी भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली में अभिषेक के एक परिसर की तलाशी ले रही है। अभिषेक औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) में सचिव पद पर तैनात रह चुके हैं।

भाजपा को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को घोषित किया महापौर

ऐतिहासिक फैसला : अदालत ने चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्षदों की संख्या कम होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को कर दिया था विजयी घोषित

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चंडीगढ़ महापौर के पद पर चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित करते हुए रद कर दिया और आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महापौर के पद पर अपेक्षाकृत कम पाषर्द संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को 30 जनवरी के चुनाव में गैरकानूनी तरीके से विजयी घोषित करने संबंधी पीठसीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलट दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया। शीर्ष अदालत ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने याचिकाकर्ता 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मतों को जानबूझकर विकृत कर दिया था। पीठ ने वोटों की गिनती से संबंधित वीडियो देखने और विकृत मतपत्रों की जांच करने के बाद पीठासीन अधिकारी मसीह को अदालत की अवमानना के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने (मसीह) जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से महापौर चुनाव को बदल दिया।

कोर्ट ने कहा-चुनाव अधिकारी पर चले मुकदमा

चुनाव अधिकारी द्वारा 30 जनवरी को महापौर के पद के लिए विजयी घोषित किए गए मनोज सोनकर ने सोमवार को शीर्ष कोर्ट में सुनवाई से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई मतों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में कहा था कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

विपक्ष ने कहा- न्यायालय के फैसले ने भाजपा के जबड़े से लोकतंत्र बचाया

नई दिल्ली। विपक्ष के कुछ प्रमुख दलों ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम को उच्चतम न्यायालय द्वारा पलटे जाने का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने लोकतंत्र को निरंकुश भारतीय जनता पाटी के जबड़े से बचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह तो सिर्फ एक मोहरा थे। खरगे ने 'एक्स' पर कि उच्चतम न्यायालय ने लोकतंत्र को निरंकुश भाजपा के जबड़े से बचाया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में जो कुछ हुआ है उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए बहुत बड़ी जीत है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अंततः सत्य की जीत हुई।

पर्यटन में स्विट्जरलैंड को भी टक्कर देंगी कश्मीर की वादियां

जम्मू, एजेंसी

- मोदी बोले-अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण
- जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है और उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्जरलैंड को टक्कर दे सके। यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की।

उन्होंने क्षेत्र में जी20 के आयोजन के बाद खाड़ी के देशों में जम्मू-कश्मीर में निवेश को लेकर आई सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा और संस्कृति से बहुत प्रभावित हुई है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को 'परिवारवाद' की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया।

रेल प्रोजेक्ट के लिए अब्दुल्ला ने दी बधाई

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करने पर प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा कि यह रेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा कदम है और हम इस पहल का स्वागत करते हैं। हम उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देते हैं।

कश्मीर की सुंदरता-संस्कृति से पूरी दुनिया प्रभावित

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के युवाओं की नई भावना की सराहना की और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलावों को रेखांकित किया तथा खाड़ी देशों से निवेश के संबंध में अपनी उम्मीदें भी साझा की। कहा कि आज जब दुनिया जम्मू-कश्मीर में जी20 का आयोजन होते देखती है तो इसकी गूंज बहुत दूर तक पहुंचती है। पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा, संस्कृति और स्वागत से बहुत प्रभावित हुई है। आज हर कोई जम्मू-कश्मीर आने को तत्पर है।

एसटीएफ ने सॉल्वर गैंग के एक सदस्य को दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कराने और सॉल्वर से परीक्षा दिलाने में रहा सक्रिय

अमृत विचार : प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक कराने तथा फर्जी सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दिलाने वाले गिरोह का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के एक सदस्य को झांसी से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़ा अभिताभ रावत, मध्य प्रदेश का निवासी है। वह 2021 से लेकर अब तक मध्य प्रदेश की कई प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करा चुका है।

रावत ने 2013 में मध्य प्रदेश आरक्षी भर्ती परीक्षा में तीन लाख रुपेय देकर सतेंद्र रावत की जगह रनवीर जाट को परीक्षा में बैठाया था, जिसमें सतेंद्र व रनवीर पकड़े गए थे। सतेंद्र की अग्रिम जमानत हो गई थी। वर्ष 2016 में जब ऑनलाइन परीक्षाएं होने लगीं तब अभिताभ रावत गैंग बनाकर 2016 में सिलिका जेल से बायोमेट्रिक इंप्रेशन बनाकर सॉल्वर बैठाकर परीक्षा में धांधली कराने लगा। उसने 17 एवं 18 फरवरी को हुई उप्र पुलिस भर्ती में विष्णु चौधरी निवासी आगरा से संपर्क करके भर्ती कराने के नाम पर कई अभ्यर्थियों से धोखाधड़ी की है।

सपा-कांग्रेस में गठबंधन की उम्मीद, कुछ सीटों पर फंसा पेच

लोकसभा चुनाव

- सपा ने पहले 11 फिर दीं 17 सीटें लेकिन कांग्रेस नहीं मानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव न तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ उनकी यात्रा में शामिल हुए और न ही सीटों के बंटवारे पर कोई समझौता हुआ बावजूद इसके दोनों दलों के नेताओं को अब भी उप्र. में गठबंधन की उम्मीद है। मंगलवार को मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि लगातार वरिष्ठ नेता से बातचीत चल रही है। गठबंधन होगा तो आपको बताया जाएगा। उधर, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि गठबंधन निर्णायक स्थिति में है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को उप्र. से लोकसभा की पहले 11 और फिर 17 सीटों का प्रस्ताव दिया जबकि कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। सीट समझौते को लेकर कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच सोमवार को देर रात तक बातचीत हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। दरअसल, दोनों दलों के बीच कुछ सीटों को लेकर पेच फंसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिलेश यादव से 17 सीटों के अलावा बहराइच, देवरिया, अमरोहा सीट भी मांगी थी। सपा ने देवरिया और अमरोहा सीट देने की हामी भरी, लेकिन बहराइच नहीं दिया. इसके बाद अखिलेश यादव ने राहुल गांधी की यात्रा में जाने से मना कर दिया।

सपा ने पांच प्रत्याशियों की सूची की जारी, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह व बदायूं से शिवपाल लोस चुनाव लड़ेंगे

अजेंद्र सिंह राजपूत

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने पांच प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की है।सपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से मंगलवार को डाली गई सूची के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं अखिलेश ने बदायूं से भाई धर्मेन्द्र यादव का टिकट काटकर चाचा शिवपाल को उम्मीदवार बनाया है। बदायूं से धर्मेन्द्र का नाम पहली सूची में था। बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, कैराना से इकरा हसन, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत उम्मीदवार होंगे। सूत्रों के मुताबिक, कन्नौज और आजमगढ़ में किसी एक सीट पर धर्मेंद्र तो किसी एक पर अखिलेश यादव चुनाव लड़ सकते हैं। धर्मेंद्र यादव के आजमगढ़ से लड़ने की ज्यादा संभावना है। फिलहाल धर्मेंद्र यादव को कन्नौज और आजमगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। महबूब अली और राम अवतार सैनी को अमरोहा का प्रभारी तो वहीं, मनोज चौधरी को बगपत का प्रभारी बनाया गया है। सपा ने अब तक 31 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

राजा भैया से मिले सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मंगलवार को जनसत्ता दल के नेता और कुंडा (प्रतापगढ़) से विधायक राजा भैया से मुलाकात की। उन्होंने राजा भैया की फोन पर अखिलेश यादव से बात कराई है। नरेश उत्तम की राजा भैया के साथ लंच लेने की फोटो भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक जनसत्ता दल और सपा के बीच राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के लिए वोट करने और चुनावी गठबंधन को लेकर बात हुई है। जनसत्ता दल के उप्र. में दो विधायक हैं। अगले ही हफ्ते राज्यसभा की दस सीटों के लिए मतदान है।

सुविधा | निर्यात होगा आसान, सेल प्वाइंट सीधे एफपीओ से उत्पाद खरीदकर करेगा बिक्री

दुबई में खुला सेल प्वाइंट, खरीदेगा यूपी के उत्पाद

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

दुबई में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो में एपिडा व डॉ. नेचर के अधिकारी।

- भुगतान रहेगा सुरक्षित, सीधे किसानों को मिलेंगे रुपये, मार्च से बिक्री की तैयारी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) फल, सब्जी, गल्ला व इनसे बनने वाले खाद्य पदार्थों का निर्यात आसान होगा।

लखनऊ में मैंगो पैक हाउस संचालन व निर्यात करने वाली फर्म डॉ. नेचर ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के समन्वयक से दुबई के फूड एंड वेजीटेबल अल अवीर बाजार में सेल प्वाइंट खोला है। इस सेल प्वाइंट में कंपनी प्रदेश के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से सीधे उत्पाद खरीदेगी और दुबई, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब आदि में आयात करेगी। यह कार्य अभी तक इन देशों द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है और निर्यात की मंजूरी व भुगतान आदि में समय लगता है। लेकिन, इस सेल प्वाइंट से किसी तरह का झंझट नहीं रहेगा। खासबात यह है कि किसानों की बिक्री के रुपये सुरक्षित रहेंगे और कंपनी सीधे उनके खातों में समय पर भुगतान करेगी।

> यूएई में निर्यात करने में समस्या आती है। स्वीकृति से लेकर तमाम पेंच फंसते हैं। इससे किसानों का समय बर्बाद होता है। इसलिए सेल प्वाइंट खोला है। जहां खुद अपने उत्पाद एफपीओ से लेकर देशों में आयात करेंगे।
> – **अकरम बेग**, प्रमोटर, डॉ. नेचर

24 को एफपीओ जाएंगे दुबई, मार्च से निर्यात

दुबई में गल्फ फूड एक्सपो चल रहा है। वहां एपिडा के चेयमैन अभिषेक, सचिव डॉ. सुधांशू, डॉ. तरुन बजाज व डॉ. नेचर के प्रमोटर अकरम बेग टीम के साथ गए हैं। इस बीच वहां सेल प्वांइट की तैयारी की जा रही है। निर्यात की शुरुआत लखनऊ और वाराणसी से की जाएगी। दोनों जिलों के 50 एफपीओ से एक-एक सदस्य 22 को दुबई सेल प्वांइट का भ्रमण करने जाएंगे। चार्टर्ड प्लेन से भेजने के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया है।

रामलला के दर्शन कर भावुक हूं : धामी

अयोध्या कार्यालय

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कैबिनेट के साथ किया रामलला का दर्शन-पूजन
- बोले, राम मंदिर का निर्माण सनातनियों की जीत, नए युग व रामराज्य की शुरुआत

रामलला का दर्शन करते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी।

अमृत विचार : आज रामलला के दर्शन कर मन बहुत भावुक है। रोम-रोम भक्तिमय हो गया। पहले जब आया था तब रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी था। 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण रामभक्तों व सनातन धर्म को मानने वालों की जीत के साथ-साथ नए युग और रामराज्य की शुरुआत है। हर रामभक्त यहां आकर रामलला का दर्शन-पूजन करना चाहता है। मैं भी रामभक्त होने के नाते यहां आया हूं और रामलला का दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्शाली मानता हूं। यह बातें मंगलवार को रामनगरी पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहीं। वे अपनी कैबिनेट के साथ यहां रामलला का अशीर्वाद लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रामलला को ब्रह्मकमल व भोज पत्र अर्पित किया। उन्होंने कहा कि एक लंबी प्रतीक्षा और लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसके लिए बहुत बलिदान देने पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम यत्र, तत्र, सर्वत्र हैं। उनकी कृपा सभी पर है। प्रभु श्रीराम कभी राजनीतिक मुद्दा नहीं रहे और न ही हमने कभी श्रीराम के नाम पर राजनीति करने का प्रयास किया।

नीदरलैंड पर दबदबा बरकरार रखने को उतरेगा भारत

एफआईएच प्रो लीग: पांच में दो मुकाबले जीते, नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर अंक किए हासिल

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ इस टीम पर अपना दबदबा बनाए रखने पर होंगी। प्रो लीग में भारत ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने पांच में से अपने दो मुकाबले नियमित समय में जीते जबकि नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर बहुमूल्य बोनस अंक भी हासिल किए।

टीम ने एकमात्र मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गंवाया है लेकिन उसमें भी भारतीय टीम जीत दर्ज करने की स्थिति में थी। भारत अभी पांच मैच में 10 अंक के साथ प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है। नीदरलैंड नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। अर्जेन्टीना के आठ मैच में 13 जबकि ऑस्ट्रेलिया के चार मैच में 12 अंक हैं। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को हालांकि दुनिया की 12वें नंबर की टीम आयरलैंड और आठवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जूझना पड़ा है। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने गुरजंत सिंह के अंतिम मिनट में दागे गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज की और फिर मैराथन शूट आउट में स्पेन को 8-7 से हराया। भारत और स्पेन 60 मिनट के नियमित समय के बाद 2-2 से बराबर थे। भारत को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में जीत दर्ज करके तीन अंक जुटाने हैं तो अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। पिछले तीन मुकाबले में प्रदर्शन भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा हो लेकिन उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भुवनेश्वर में 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद भारत ने शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की थी। मिडफील्डर हार्दिक ने कहा, पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा लेकिन दूसरे हाफ में हमने जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में खींचा। हम तब से अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त थे, विशेषकर यह देखते हुए कि हमारे पास अच्छे गोलकीपर हैं।

हुसैन ने डकेट से कहा, बैजबॉल से नहीं जायसवाल ने कड़ी मेहनत से सीखा

लंदन, एजेंसी

पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजकोट टेस्ट में यशस्वी जयसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी को इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति से प्रभावित बताने वाले बेन डकेट की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि मेहमान टीम को इस बल्लेबाज से सीख लेने की जरूरत है। राजकोट में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद डकेट ने जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित करने का श्रेय इंग्लैंड की वर्तमान टीम को जाता है। इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी करने की 'बैजबॉल' रणनीति इस मैच में नहीं चल पाई और उसे 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने डकेट की टिप्पणी पर कहा कि जायसवाल को लेकर डकेट की टिप्पणी की उसने हमसे सीखा, मैं उसके बारे में बात करने जा रहा हूं। उसने (जायसवाल) आपसे नहीं सीखा है बल्कि उसने अपनी परवरिश और कड़ी मेहनत से सीखा है। उसने आईपीएल से सीखा है। हुसैन ने पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के साथ चर्चा के दौरान कहा कि अगर कुछ भी हो मैं उसे देखकर सीख लूंगा। हुसैन ने रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आत्ममंथन करने की सलाह भी दी। वे सार्वजनिक या ड्रेसिंग रूम में जो कुछ कह रहे हों, उन्हें असल में अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

खेल डायरी

स्पेन को हराकर भारतीय महिला टीम विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में

बुसान, एजेंसी। भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 की जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में शीर्ष स्थान पर रहा। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में इकलौती हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमश: सुन यिंघसा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है।

'लेन उल्लंघन' से गुलवीर ने गंवाया स्वर्ण पदक

तेहरान, एजेंसी। भारत के गुलवीर सिंह ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक गंवा दिया, क्योंकि उन्हें 'लेन उल्लंघन' से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुलवीर ने सोमवार को 3000 मीटर के फाइनल में 8 मिनट 07 .48 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान पाया था। यह स्पर्धा ओलंपिक में शामिल नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देर रात इसके खिलाफ अपील दायर की लेकिन उसे भी नामंजूर कर दिया गया। टीम के साथ गए एक कोच ने कहा, हां, यह फैसला सुनाया गया कि गुलवीर ने लेन का उल्लंघन किया था। एएफआई ने विरोध भी दर्ज कराया लेकिन उसे नामंजूर कर दिया गया।

ला लीगा में एथलेटिक्स बिलबाओ से हारा गिरोना

मैड्रिड, एजेंसी। दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना ने एथलेटिक्स बिलबाओ के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की बढ़त को कम करने का मौका गंवा दिया। गिरोना के पास रीयाल मैड्रिड की बढ़त को तीन अंक तक सीमित करने का मौका था लेकिन एलेक्स बेरेनगुएर ने दो और इनाकी विलियम्स ने एक गोल दागकर बिलबाओ की जीत सुनिश्चित की। गिरोना की ओर से विक्टर सेहानकोव और एरिक गार्सिया ने गोल किए। गिरोना की हार से ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की छह अंक की बढ़त बरकरार है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के इतने ही मैच में 56 अंक हैं।

सिंगापुर के भारतीय मूल के 8 साल के लड़के ने पोलैंड के ग्रैंडमास्टर को हराया, बनाया रिकॉर्ड

सिंगापुर, एजेंसी। भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ साल के अश्वथ कौशिक रविवार को स्विट्जरलैंड में बर्गडोर्फर स्टेडथॉस ओपन टूर्नामेंट में पोलैंड के शतरंज ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराकर क्लासिकल शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्वथ ने 37 साल के स्टोपा को हराया। पिछला रिकॉर्ड कुछ ही हफ्ते पहले बना था जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने बेलग्रेड ओपन में बुल्गारिया के 60 साल के ग्रैंडमास्टर मिल्को पोपचेव को हराया था। इवानोविच की उम्र अश्वथ से कुछ महीने अधिक है। फिडे विश्व रैंकिंग में दुनिया के 37,338वें नंबर के खिलाड़ी अश्वथ 2017 में सिंगापुर आ गए थे। उन्होंने कहा, मुझे अपने खेल पर और मैंने जैसा प्रदर्शन किया उस पर गर्व है, विशेषकर तब जब मैं एक समय बहुत खराब स्थिति में था लेकिन वहां से वापसी करने में कामयाब रहा। सिंगापुर के ग्रैंडमास्टर और सिंगापुर शतरंज महासंघ के सीईओ केविन गोह ने अश्वथ की उपलब्धि की सराहना करते हुए 'एक्स' पर लिखा, उसके पिता ने काफी समर्थन किया, लड़का समर्पित है, स्कूल ने लचीलापन दिखाया और निश्चित रूप से उसमें नैसर्गिक प्रतिभा है। उन्होंने लिखा, यह देखना बाकी है कि वह कितनी दूर तक जा सकता है क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लड़के की रुचि बदल सकती हैं। फिर भी हम आशांवित हैं।

भारत के खिलाफ गेंदबाजी करने पर विचार कर रहे हैं स्टोक्स

दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान को विचार करने पर किया विवश

राजकोट, एजेंसी



भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में वापसी पर विचार करने को मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है।

मैकुलम ने कहा कि यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पेल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा। इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। मैकुलम ने कहा, हमें देखना होगा कि खतरा कहां है और उसे इससे दूर करने की कोशिश करनी होगी, लेकिन यह एक अच्छा संकेत है। राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा श्रृंखला में गेंदबाजी नहीं करेंगे। लेकिन रविवार को तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं। मैं ज्यादातर चीजों के बारे में हमेशा आशावादी रहता हूं। मेडिकल टीम के साथ विस्तृत बातचीत होगी कि मुझ पर काम का कितना बोझ है, जिससे कि मुझे कोई बड़ा खतरा नहीं हो। राजकोट टेस्ट के दौरान स्टोक्स ने शत प्रतिशत क्षमता से ट्रेनिंग की थी और स्वीकार किया था कि उन्हें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभ्यास के एक दिन शत प्रतिशत क्षमता के साथ गेंदबाजी करने में सफल रहा, जिससे मुझे अच्छा महसूस हुआ। मुझे लगा कि मैं मैच में गेंदबाजी कर सकता था लेकिन यह बेवकूफी होती। श्रृंखला का पहला मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लैंड को विशाखापत्तनम में 106 रन से हार मिली, जिसके बाद राजकोट में सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। अगर यह ऑलराउंडर दोबारा गेंदबाजी करना शुरू कर दे तो इंग्लैंड की टीम को काफी फायदा होगा।

अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए: बेन

रांची। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे हटाया जाना चाहिए। स्टोक्स ने कहा कि मेरी निजी राय यह है कि अगर गेंद स्टंप्स से टकरा रही है, तो मैं पूरी ईमानदारी से कहूं तो अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए, लेकिन मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता, क्योंकि तब यह ऐसा लगेगा कि हम इसलिए बिलबिला रहे है कि हम हारे हैं, इसीलिए हम केवल मन मसोसकर रह गए हैं। सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद स्टोक्स ने राजकोट टेस्ट के अंत में डीआरएस पर स्पष्ट किया कि इंग्लैंड की हार का कारण उनकी तकनीक नहीं थी। अंपायर्स कॉल पर पहले भी कई खिलाड़ियों ने असंतोष व्यक्त किया है। 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जताई थी और अपनी टीम के खिलाफ ऑपयर द्वारा लिए फैसले को गलत ठहराया था। उस समय भी इस तकनीक को लेकर गर्मागरम बहस छिड़ी थी।

रूट को नैसर्गिक तरीके से खेलना चाहिए: चैपल

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी।

सीनियर बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है। वह इस दौरान ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए। ब्रैंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को खासकर भारत के मौजूदा दौरे पर इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है।

चैपल ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' को 'बेहद खराब रणनीति' करार देते हुए कहा कि अपने स्वाभाविक खेल से जो रूट का रिकॉर्ड कमाल का रहा है। वह अपने नैसर्गिक खेल से भी अपेक्षाकृत तेजी से रन बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह अपने खेल में इतना बदलाव क्यों कर रहा है। मैं कभी भी पहले से निर्धारित कर के शॉट खेलने की वकालत नहीं करूंगा।

बुमराह की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने पर हुई आलोचना

टेस्ट में 11,000 से ज्यादा रन बनाने वाले जो रूट को तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलने पर आलोचना का सामना करना पड़ा था। रूट इस प्रयास में स्लिप में कैच दे बैठे। उनके आउट होते ही इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गयी। इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 224 रन था और टीम ने 95 रन के अंदर अपने आखिरी आठ विकेट गंवा दिये। इंग्लैंड इस मैच को 434 रन से हारा जो 1934 के बाद रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है।

कड़ी मेहनत करके इस स्तर तक पहुंचा हूं: आशुतोष

मोहाली, एजेंसी

आईपीएल की टीम पंजाब किंग्स के नए खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने कहा कि मौका मिलने पर वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन करना चाहते हैं। आशुतोष ने कहा कि उन्होंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और खेल में गलती होने पर पर खुद को घरेलू काम करने की सजा देते हैं। मध्य प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी के चार मैचों में एक शतक लगाने वाले आशुतोष को पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी में 20 लाख की बोली के साथ टीम में शामिल किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम के आशुतोष को आर्थिक तंगी से निपटने के लिए अंपायरिंग का सहारा लेना पड़ा था। आशुतोष ने कहा कि मैंने जब क्रिकेट में करियर बनाने के लिए घर छोड़ा था तब मेरे पास ज्यादा पैसे नहीं थे। मैं शिविर में जाता था और दोपहर के खाने के लिए अंपायरिंग शुरू कर दिया था। परिवार में कमाई के सीमित संसाधन थे और खुद के बूते सब कुछ करना काफी मुश्किल था।

आईपीएल 22 मार्च से शुरू करने की योजना: धूमल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है। धूमल ने कहा हि हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल के पूरे सत्र का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। 2019 के आम चुनावों के दौरान इस लीग का आयोजन देश में ही हुआ था। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनजर आईपीएल के फाइनल का आयोजन 26 मई को हो सकता है। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस टूर्नामेंट का आगाज एक जून को अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगा। आमतौर पर आईपीएल का उद्घाटन मैच पिछले साल के विजेता और उपविजेता के बीच होता है।

बॉलीवुड हलचल

धनुष की 'रायन' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सन पिक्चर्स ने धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक एक्स पर शेयर किया है। इस फिल्म को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन धनुष के करियर की 50 वीं फिल्म है। फिल्म रायन के पोस्टर में धनुष एप्रन पहने और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। एक हाथ में उन्होंने पेचकस पकड़ा हुआ है। फिल्म रायन का संगीत ए .आर . रहमान तैयार कर रहे हैं। फिलहाल 'रायन' के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म रायन को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।

'ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण ने वरुण तेज-मानुषी छिल्लर की फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच किया। वरुण तेज की एरियल एक्शन फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को हिंदी और तेलुगु में शूट किया गया है, जहां हिंदी ट्रेलर सलमान खान ने जारी किया . वहीं, तेलुगु ट्रेलर का अनावरण राम चरण ने किया। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज और मानुषी छिल्लर एक वायु सेना पायलट और एक रडार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' देश की वायु सेना के नायकों के अदम्य साहस और देश की रक्षा के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, संदीप मुद्दा की रेनेसां पिक्चर्स द्वारा निर्मित और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट (वकील खान) और नंदकुमार अब्बिनेनी द्वारा सह-निर्मित है।

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया सरन वेबसीरीज शो टाइम में अभिनेत्री के किरदार में नजर आएंगी। श्रिया सरन इन दिनों शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। श्रिया सरन ने इस शो में अभिनेत्री का किरदार निभाया है। श्रिया सरन ने बताया कि मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहती थी जो मेरे बेहद करीब हो। शो में मैं एक अभिनेत्री हूं जो एक अभिनेत्री की भूमिका निभाती है। मैं करण से कई बार मिली हूं और वह बहुत प्यारे इंसान हैं। व्यावसायिक रूप से, मेरे लिए, इस प्रोजेक्ट पर धर्मेटिक्स के साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। श्रिया सरन ने इमरान हाशमी के साथ वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म आवारापन में काम किया है। श्रिया सरन लंबे अरसे के बाद इमरान हाशमी के साथ शो टाइम में नजर आएगी। श्रिया सरन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हमें एक साथ शोटाइम करने का मौका मिला। मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर भाग्यशाली हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं और कैमरे पर अविश्वसनीय दिखते हैं। मैं शो देखने के लिए उत्सुक हूं। यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है, इसमें बहुत सारे आर्क हैं, मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

शांतनु ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम के अनुभव को किया साझा

मुंबई। अभिनेता शांतनु माहेश्वरी ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में शांतनु माहेश्वरी ने अफसान की भूमिका निभाई।शांतनु ने हजारों फैंस और आलोचकों का दिल जीत लिया और उन्हें नीली आंखों वाला लड़का कहा जाने लगा। शांतनु माहेश्वरी ने कहा, ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि 'गंगूबाई काठियावाड़ी' दो साल की हो गई है, ऐसा लग रहा है जैसे कुछ दिन पहले ही मैं संजय सर के साथ शूटिंग कर चूका हूं और सेट पर उनसे सीख रहा था। हर कोई मुझे अफसान का किरदार निभाने के लिए याद करता है।सेट पर संजय सर जैसे किसी व्यक्ति के साथ रहना और उन्हें अपने सामने अपनी जादू की छड़ी घुमाते हुए देखना बहुत संतुष्टिदायक अनुभव था। मैं सभी कौशलों को हमेशा याद रखूंगा। शांतनु अब नीरज पांडे की फिल्म 'औरों में कहां दम था' के साथ-साथ बंगाली सिनेमा में चलचित्र से डेब्यू करते नजर आएंगे।

फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को होगा रिलीज

मुंबई। अभिनेता संग्राम सिंह पटेल और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर की आने वाली फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को अवध गंगा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में सचिन यादव के निर्देशन में की गई है। इस फिल्म में संग्राम सिंह पटेल, प्रतिष्ठा ठाकुर के बॉडी गार्ड के किरदार में नज़र आएंगे। अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन है। संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' बेहद खास और अन्य फिल्मों से अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका मनोरंजन हो। वे और लोगों को फिल्म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्म भी बेहद खास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

जिला बदर आरोपी को पुलिस ने दबोचा

सिकंदरा। पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सिकंदरा थाना प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि डेरापुर थाना की तरफ से गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत अपर जिला मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त प्रशांत निवासी ग्राम खालागांव थाना डेरापुर को जिला बदर किया था। उसे मुखबिर खास की सूचना पर कैलाश गेस्ट हाऊस सिकंदरा के पास से एसएसआई मंजीत दयाल ने गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ डेरापुर व सिकंदरा थाने में मारपीट, गालीगलौज, एससी/एसटी, गुंडा अधिनियम के तहत चार मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाही होती रहेगी।

विकास भवन में किसान दिवस कल

कानपुर देहात। उप निदेशक कृषि राम बचन राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार माती में सुबह 12 बजे से किया जाता है। इस माह 21 फरवरी को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक प्रस्तावित है। जिसके कारण माह फरवरी में किसान दिवस का आयोजन 22 फरवरी बृहस्पतिवार को किया जाएगा।

आयुष चिकित्सक के सेवानिवृत्त पर दी विदाई

रसूलाबाद। कानपुर नगर निवासी डॉ. सीपी बुंदेला वर्ष 2010 में जालौन जनपद के माधवगढ़ के मडोरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संविदा नौकरी पर कार्यरत हुए थे। बाद में उनका स्थानांतरण कानपुर देहात के रसूलाबाद क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ीपुर में हुआ था। जहां से वह सेवानिवृत हुए हैं। उनके सेवानिवृत होने पर मंगलवार को चिकित्सा अधीक्षक पीयूष त्रिपाठी सहित सीएचसी रसूलाबाद के स्वास्थ्य कर्मियों ने फूल-माला के साथ विदाई दी। इस मौके पर डॉ सौरभ शाक्य, डॉ एन चंद्रा आदि मौजूद रहे।

दूध-दही समेत खाद्य पदार्थों के आठ नमूने भरे गये

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर जनपद में विशेष अभियान के दूसरे दिन विभिन्न खाद्य सुरक्षा टीमों ने छापेमारी की।

मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनीता यादव ने नगर पालिका रोड पुखरायां स्थित राम शिव डेयरी में कारोबारी अजीत सिंह के यहां से मिश्रित दूध का नमूना संग्रहीत लिया। इसी तरह खाद्य सुरक्षा अधिकारी रूचि बाजपेयी ने बरौर में माता प्रसाद के यहां से दूध व धार में टिंकू के प्रतिष्ठान से अरहर दाल एवं मोहम्मद हसन के यहां से सरसों तेल के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र ने उलरापुर में शिव बालक के यहां से खोया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम बिहारी ने अकबरपुर के नेहरू नगर में रमाकांत के यहां से दही, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराग ने धभारी में कारोबारी विकास के यहां से मिश्रित दूध का नमूना भरा। जबकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुधा कनौजिया ने डुबकी स्थित गगन डेयरी से दूध का नमूना संग्रहीत किया। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय ने बताया कि उक्त नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए।

दुकान से खाद्य पदार्थ का नमूना लेते अधिकारी। अमृत विचार

लिखित परीक्षा में 70 अंक के होंगे प्रश्न पत्र

हाईस्कूल की परीक्षा

- ओएमआर शीट पर देना होगा उत्तर, गड़बड़ी पर केंद्र व्यवस्थापक जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में इस बार भी लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र 70 अंकों के होंगे। यह परिवर्तन वर्ष 2023 की परीक्षा से लागू है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा के प्रश्न पत्र के प्रारूप में परिवर्तन किया गया है। जिसके अनुसार प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है। इसका उत्तर परीक्षार्थी को ओएमआर शीट पर देना होगा। यह ओएमआर शीट परीक्षार्थी को उत्तर पुस्तिका के साथ ही दी जाएगी। दूसरा खंड 50 अंकों का होगा। इसमे वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। इसका उत्तर परीक्षार्थी को उत्तर पुस्तिका में लिखना होगा। ओएमआर शीट सावधानी पूर्वक भराने की जिम्मेदारी कक्ष निरीक्षक व केंद्र व्यवस्थापकों की होगी। परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्र व्यवस्थापक व कक्ष निरीक्षक परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट भरने की पूरी जानकारी देंगे। इस बावत माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी केंद्र व्यवस्थापकों व कक्ष निरीक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं। अगर किसी भी परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों द्वारा ओएमआर शीट भरने में गड़बड़ी की जाती है तो इसकी जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक की होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र ने बताया कि यूपी बोर्ड से जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए पंद्रह मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। गाइडलाइन का पूरी तरह पालन कराते हुए शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

दो पाली में दो बोर्ड परीक्षा

यूपी बोर्ड की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होगी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। डीआईओएस ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 08:30 बजे से 11:45 बजे तक होगी। जबकि द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से 05:15 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांग व दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों को बीस मिनट प्रति घंटा के हिसाब से अतिरिक्त समय दिया जाएगा।



परीक्षा के लिए केंद्रों पर भेजे गए प्रश्न पत्र

कानपुर देहात। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए संकलन केंद्र से 82 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्र पहुंचा दिए गए हैं। जिन्हें केंद्र पर डबल लॉक के स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। इनकी निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा जिले के 82 केंद्रों पर 22 फरवरी से शुरू हो रही है। जिसके चलते जिले को बारह जोन व सोलह सेक्टर में बांटा गया है। इस बार हाईस्कूल में 27399 व इंटर में 25315 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इसके लिए अकबरपुर इंटर कालेज को संकलन केंद्र बनाया गया है। बोर्ड से भेजे गए प्रश्न पत्रों को यहां पर सुरक्षित रखवाया गया था। जिनके बंडल आठ रूट बनाकर परीक्षा केंद्रों पर भेजा गया है। अकबरपुर इंटर कालेज संकलन केंद्र पर सहायक डीआईओएस रती वर्मा ने रूट चार्ट के अनुसार प्रश्न पत्रों के बंडल परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच भिजवाए। वहीं परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों के बंडल डबल लॉक के स्ट्रांग रूम में रखवाए गए। जिसकी चाबी स्टेटिक मजिस्ट्रेट को सौंपी गई। सहायक डीआईओएस ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के लिए बने केंद्रों पर सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्रों को पहुंचा दिया गया है।

युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था युवक, परिजनों ने शव का पीएम कराने से किया इंकार

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। सरैया गांव में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में छत की धन्नी में फांसी काफंदा लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

आलोक।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव निवासी कमल सिंह का पुत्र आलोक उर्फ़ सूरज (25) प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। पिता खेतीबाड़ी कर जीवन यापन करते हैं। मंगलवार की भोर पहर आलोक ने घर के अंदर भूसे वाले कमरे की छत में लगी धन्नी पर रस्सी के सहारे लटककर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंचे दरोगा उमेश यादव ने शव को फंदे से उतार कर छानबीन शुरू की। वहीं पुत्र की मौत पर मां शारदा बेसुध हो गई। जबकि बहन शिखा, कंचन आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया की परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। पंचायतनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

युवक की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की बिगड़ी हालत

मंगलपुर। झींझक कस्बे के गांधीनगर वार्ड नंबर एक के रहने वाले रामऔतार के पुत्र विपिन (25) ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उपचार शुरू किया। जहरीला पदार्थ खाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन सूत्रों की माने तो गृह क्लेश के चलते युवक ने यह कदम उठाया है। चिकित्सक संजू मिश्रा ने बताया कि हालत में सुधार न होने पर युवक को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया है।

अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगा कर दी जान

डेरापुर। भड़ावल गांव में युवक ने अज्ञात कारणों के चलत घर में फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गये जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। डेरापुर थाना क्षेत्र के भड़ावल गांव निवासी सजीवन लाल के पुत्र आर्यन (18) ने मंगलवार की शाम घर में फंदा लगा लिया। जानकारी पर पिता उसे सीएचसी डेरापुर ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया। ईएमओ ने बताया कि मामले में मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी जा रही है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

सार-संक्षेप

विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

रसूलाबाद। रहीम नगर वार्ड में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रसाद पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा वाचक पं ललित नारायण त्रिवेदी ने सात दिनों तक श्रोताओं को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया। कथा सुनने पूरे नगर से भक्त पहुंचे और श्रीकृष्ण धुन में रम गए। कथा के समापन पर मंगलवार को विशाल नगर भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष पूड़ी-सब्जी व बूंदी की खीर बनाने में जुटे रहे। दोपहर से भंडारे का उद्घाटन हुआ। जिससे बड़ी संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने को पहुंचे। भंडारा देर रात तक चलता रहा। वहीं रात्रि कालीन में रामलीला का आयोजन रखा गया।

मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध की मौत

कानपुर देहात। डेरापुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर नित्तरा गांव निवासी वृद्ध भगवान दास मंगलवार की सुबह खेतों पर फसल की रखवाली करने गए थे तभी वहां पर मधुमक्खियों ने उनपर हमला बोल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तब तक उनकी मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेजा है। एसडीएम ने बताया की घटना की जानकारी मिली है। मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल मामले की जांच पड़ताल के लिये भेजा गया है।

भगवान दास।

गोशाला के पास मृत गोवंशों को नोचते रहे कुत्ते

संवाददाता मूसानगर

अमृत विचार। अमरौधा ब्लाक की ग्राम पंचायत नगीना बांगर स्थित गोशाला से कुछ दूरी मृत गोवंशों को कुत्ते द्वारा नोचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानकारी पर एसडीएम ने मृत गोवंशों को मौके पर जाकर दफन कराया और जांच के निर्देश दिए हैं। ग्राम प्रधान व सचिव ने मृत गोवंश गोशाला के न होने की बात कही है।

छुट्टा मवेशियों के देखरेख के लिए शासन की ओर से ग्राम पंचायत स्तर में गोशालाओं का निर्माण कराया है। जिनका संचालन ग्राम पंचायत करती है। लेकिन सरकार की मंशा के इतर गोवंशों की सही देखरेख न होने के चलते गोवंश कुपोषित होकर दम तोड़ रहे हैं और उन्हें जंगल व खुली जगहों पर फेंके जाने के मामले सामने आ रहे हैं। मंगलवार को नगीना बांगर स्थित गोशाला के पास मृत पड़े दो गोवंशों को आवारा कुत्ते नोचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार इस तरह के वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस दौरान कवरेज करने गए कुछ मीडिया कर्मियों से केयर टेकर व प्रधान से नोकझोंक की। ग्रामीणों ने बताया कि गोशाला में पिछले कई सालों से गोवंशों की संख्या करीब 60 ही बनी हुई है। यह न तो कम होती है।

> मृत गोवंशों को कुत्तों द्वारा नोंचने की जानकारी पर मौके पर जाकर शवों को दफन करा दिया गया है। मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -राजकुमार चौधरी एसडीएम भोगनीपुर

दिन बदलने के कारण कम पहुंचे फरियादी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। मैथा तहसील में डीएम व एसपी ने जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान कुल 107 शिकायतें दर्ज हुई। जिनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

मंगलवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने तहसील मैथा में लोगों की समस्याओं को सुना। डीएम ने कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर व मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत निस्तारण कराकर आख्या से जिला प्रशासन को अवगत कराने के भी निर्देश दिए। बाद में डीएम ने तहसील परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों को देखा और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने के निर्देश दिए।

- डीएम-एसपी ने शिकायत सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के दिए निर्देश

इस मौके पर सीएमओ डॉक्टर एके सिंह, डीएफओ एके द्विवेदी समेत जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी तरह सिकंदरा तहसील में सीडीओ लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें मौके पर सात शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं शनिवार को होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस मंगलवार को होने के चलते फरियादियों की संख्या कुछ कम नजर आई। इंगवारा की आशा पत्नी रवींद्र ने दी शिकायत में बताया कि उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति से प्लाट की जमीन खरीदी थी, जो जमीन खरीदी थी वह जमीन नहीं दे रहा है और उसके बदले में दूसरी जमीन दे रहा है। सीडीओ ने तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम शिखा शंखवार सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मैथा तहसील में शिकायत सुनते डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

सिकंदरा तहसील में शिकायत सुनतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.।

भोगनीपुर तहसील में ज्ञापन देने पहुंचा युवक। अमृत विचार

पुलिस भर्ती परीक्षा दोबारा कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

पुखरायां। मंगलवार को भोगनीपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम न्यायिक अमित राठौर की अध्यक्षता में चल रहा था। इसी दौरान पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के चलते नितिन यादव, अनूप यादव, सत्यम, ओमजी, मनीष यादव, अतुल यादव, आशीष राठौर, रविंद्र, मोहित कुमार, लकी शर्मा, आकाश सिंह, अभिषेक, विमल कुमार, अंकुश यादव, अखिलेश कुमार, अंकित कुशवाहा आदि करीब आधा सैकड़ा परीक्षार्थी पहुंच गए। उन्होंने एडीएम से कहा कि पुलिस भर्ती की परीक्षा 17 और 18 फरवरी को दोनो पाली में संपन्न हुई थी। परीक्षा होने के 24 घंटे पहले उत्तर कुंजी के साथ सोशल मीडिया में वायरल हो रही थी। ऐसे में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने मुख्यमंत्री व पुलिस भर्ती बोर्ड को अवगत कराने व दोबारा परीक्षा पारदर्शिता तरीके से कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

लाभ प्रति बीघा फूलों की खेती से 50 हजार रुपये तक कमा रहे किसान, 50 सालों से फूलों की खेतीसे फूलपुर पड़ा नाम

बिजली-नौरंगा व गुलमेंहदी की खेती से किसानों की चांदी

संवाददाता शिवली, कानपुर देहात

अमृत विचार। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में फूलों की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। एक बीघे फूल की खेती से प्रतिवर्ष 50 हजार तक की कमाई करने वाले किसान अब बिजली, नौरंगा, गुलमेंहदी जैसे महंगे फूलों की खेती भी करने लगे हैं। जिसकी मांग में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं गांव में करीब 50 वर्षों से फूलों की खेती होने के कारण गांव नाम ही फूलपुर पड़ गया।

खेती में हो रहे नित नए प्रयोग किसानों के लिए फायदे का सौदा साबित हो रहा है। ग्रामीण अंचल में प्रगतिशील किसान अब पारंपरिक खेती के अलावा व्यवसायिक खेती भी कर रहे हैं। इसमें फूलों की खेती करना किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रहा है। मैथा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रास्तपुर के मजरा फूलपुर के किसान राज नारायण राजपूत करीब तीन बीघे में फूलों की खेती किए हैं। वह बताते हैं कि गेंदा, बिजली, नौरंगा, गुलमेंहदी जैसे फूलों की एक बीघा खेती में करीब 20 हजार रुपये की लागत आती है। एक बीघा फूल की खेती में प्रतिमाह करीब 50 हजार से एक लाख रुपये तक की आय हो रही है। खेत की जोताई, निराई, उर्वरक, फूलों को तोड़ने एवं अन्य खर्च को मिलाकर बीस हजार रुपये प्रतिवर्ष का खर्च आता है। खेती के फूलों की बिक्री से खर्च काटकर 40 से 50 हजार रुपये की आमदनी हो जाती है। किसानों का कहना है कि एक बार फूलों की खेती करीब छह महीने तक चलती है। हर रोज वह शाम को परिवार के सभी सदस्यों के साथ फूलों की तुड़ाई करते है और सुबह सुबह कानपुर नगर की शिवाला, नौबस्ता समेत अन्य बाजार बेचने जाते हैं। इस गांव के अधिकतर किसान फूलों की खेती करके ही अपना जीवन यापन करते हैं।

फूलपुर गांव में खेत से फूल तोड़ते किसान। अमृत विचार

इन महीनों में होती फूलों की खेती

- जुलाई महीने से लेकर अक्तूबर तक जाफरी गेंदे की खेती।
- अक्टूबर से लेकर दिसंबर तक बिजली फूल की खेती।
- जून से लेकर जुलाई तक गुलमेंहदी की खेती।
- फरवरी से लेकर अप्रैल तक कलकतिया फूल की खेती।

इस भाव में बिक रहा फूल

किसानों ने बताया कि इस बार मंडी में फूल की कीमत काफी कम है। जिसमे गेंदा फूल कीमत 10 से 15 रुपये प्रति किग्रा में बिक रहा है। जबकि बिजली 15 से 20 रुपये प्रति किग्रा बिका रहा है। किसानों ने बताया कि इस बार फूलों की अधिक पैदावार होने के कारण मंडी में ठीक भाव नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि सरकार को फूलों की खेती करने वाले किसानों की मदद करनी चाहिए।

> गेंदे को किसी भी मिट्टी में सफलता पूर्वक उगा सकते हैं। फिर भी मिट्टी अगर उपजाऊ और पानी धारण करने योग्य हो। साथ ही पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था हो तथा मिट्टी का पीएच लगभग 7.0-7.5 के बीच हो, तो पैदावार बहुत अच्छी होती है।
>
> -सुमित राजपूत फूल उत्पादक किसान

> उत्तरी भारत के मैदानी क्षेत्रों में अच्छे फूल जाड़े के मौसम में सामान्यत अक्टूबर से अप्रैल तक प्राप्त किए जाते हैं। गर्मी में ज्यादा तापमान एवं लंबे दिनों के कारण वानस्पतिक वृद्धि ज्यादा होती है और फूल कम खिलते हैं। इससे फूल का आकार छोटा हो जाता है।
>
> -सुधा देवी फूल उत्पादक किसान

शैक्षिक गुणवत्ता पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जनपद भर के विभिन्न संकुलों में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक विद्यालय से शिक्षक शामिल हुए। जहां उन्होंने नवाचारों का प्रदर्शन किया और एक दूसरे के साथ शैक्षिक रणनीति साझा की।

विकासखंड सरवनखेड़ा में न्याय पंचायत सैंथा, सरवनखेड़ा व फतेहपुर रोशनाई की बैठक प्रावि टुर्रा, रंजीतपुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय धंजुआ में आयोजित की गई। प्राथमिक विद्यालय टुर्रा में शालिनी कोहली ने प्रेरणा गीत बुनियादी शिक्षा आ गई हर दिल मे ज्योति जलाना है, भाषा ही नहीं गणना में भी हर बच्चा निपुण बनाना है, से शिक्षकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को रीडिंग एवं गणना में दक्ष बनाने का प्रयास करें और इस गीत को हमेशा अपने जहन मे रखे। श्रीनारायन शिक्षक संकुल ने कहा कि विगत मासिक बैठक में सबको बच्चों की उपस्थिति 90 प्रतिशत करने का लक्ष्य दिया गया, लेकिन इसे हम लोग हासिल नहीं कर पाए। सभी शिक्षक अभिभावकों से नियमित फोन या व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करें और बच्चे को स्कूल नियमित भेजने के लिए कहें। प्राथमिक विद्यालय भरतपुर से अनुराग मिश्रा ने अपने विद्यालय को किस प्रकार से निपुण बनाया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक ध्यान रखें कि संदर्शिकाओं का नियमित उपयोग करें और जिस दिन का जो शिक्षण कार्य है। उसको उसी दिन पूर्ण करें। बच्चे जब सीखेगें उसका फायदा तभी मिलेगा। शिक्षक पूनम सिंह ने बच्चों का लर्निंग लेवल विद्यालय में किस प्रकार से बढ़ाया, इसके बारे में डेमोंसट्रेशन दिया। ग्राम प्रधान निर्मला देवी विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढाने में सक्रिय योगदान दे रही हैं। एआरपी संजय शुक्ला ने बताया कि बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति जब तक कक्षा में नहीं होगी। तब तक विद्यालय को निपुण बनाना असंभव है। निपुण एप पर नियमित बच्चों का आकलन करें। इस दौरान मंजू देवी, शाहीन अख्तर, बुद्धदेव बाजपेई, गोरेंद्र सचान, प्रीती त्यागी, धर्मेंद्र सिंह, पीयूष, अनुपम, प्रतिभा यादव, अंजू सचान, राखी, शहाना, प्रतिभा कटियार समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

शिक्षक संकुल बैठक करते अध्यापक। अमृत विचार

- शिक्षक-शिक्षिकाओं के सतत पेशेवर विकास का मंच बनती संकुल स्तरीय मासिक बैठकें

एक नजर

शॉर्ट सर्किट से टेनरी की मशीन में लगी आग

कानपुर। जाजमऊ में एक टेनरी में शार्ट सर्किट से मशीन में आग लग गई। दमकल की एक गाड़ी ने आग को बुझाया। जाजमऊ स्थित 150 फिट रोड पर सनशाइन नाम से टेनरी है। जहां पर तड़के करीब साढ़े चार बजे अचानक मशीन में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने करीब बीस मिनट में आग को बुझा लिया। जाजमऊ अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से मशीन में आग लगी थी। आग को बुझा लिया गया है।

लाभार्थियों से मिलने घर घर पहुंचेंगे भाजपाई

कानपुर। भाजपा लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 80 सीटों पर जीत दर्ज कराने के लिए प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के एक करोड़ लाभार्थी परिवारों के घरों में दस्तक देगी। पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी परिवारों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र भी देंगे। भाजपा 25 फरवरी से लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान शुरू करेगी। मंगलवार को भाजपा दक्षिण जिले में कई मंडलों में लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान की कार्यशालायें हुई। इस दौरान विधायक महेश त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं से अभियान में जुटने को कहा। कहा लोकसभा चुनाव में पूरे क्षेत्र में भाजपा का परचम फहराना है। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कार्यकर्ताओं से पूरे जी-जान से अभियान में जुटने के लिए कहा। कहा कि एक-एक लाभार्थी के घर पहुंचना है और उनको सरकार की योजनाएं बतानी भी हैं। इस मौके पर संजय कटियार, जसविंदर सिंह वंदना गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, रामदेव शुक्ल, प्रवीण मिश्रा बुल्ली, शिवपूजन सविता मौजूद रहे।

देवी जागरण में जमकर झूमे लोग

कानपुर। कल्याणपुर के नया शिवली रोड स्थित वैष्णो धाम मंदिर में देवी जागरण का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपनी अद्भुत छठा बिखेरी भक्तों ने कलाकारों के साथ जमकर आनंद लिया। जय-जयकार करते हुए भक्त घंटों मगन रहे। बरेली से आई भजन गायक अंजली द्विवेदी ने समां बांधा। राम और खाटू श्याम के मनोहारी भजनों की धूम रही। अंजलि द्विवेदी ने अपने सहयोगी कलाकार और आर्केस्ट्रा की धुन पर सरस्वती गणेश वंदना भी सुनाई। इसके बाद राम और अयोध्या नगरी को समर्पित कई भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ देवेंद्र सिंह ने किया।

बकाया हाउस टैक्स पर 67 दुकानें सील, हंगामा

35 लाख जमा न करने पर नगर निगम ने मार्केट की सील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किदवई नगर में त्रिवेणी मार्केट में सुबह 7.30 बजे की सीलिंग की कार्रवाई
- मार्केट में 67 दुकानें हैं व्यापारियों ने जोनल कार्यालय में किया हंगामा

अमृत विचार। गृहकर वसूली को लेकर नगर निगम ने सख्ती बढ़ा दी है। मंगलवार को सुबह जोन-3 में 35 लाख गृहकर न जमा करने पर किदवई नगर स्थित त्रिवेणी मार्केट को सुबह साढ़े सात बजे सील कर दिया गया। टीम ने मुख्य चैनल पर ताला और सील लगाकर नोटिस चस्पा कर दी। व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया। कहा कि गृहकर मकान मालिक ने नहीं जमा किया है इससे दुकानदारों का क्या लेना देना। व्यापारियों ने जोनल कार्यालय में पहुंचकर हंगामा किया।

सीलिंग की कार्रवाई के बाद मौके पर पहुंचे व्यापारी नेता कमल उत्तम ने सभी व्यापारियों को एकत्र किया। उन्होंने बताया कि मार्केट में कुल 67 दुकानें हैं। मंगलवार को अधिकतर दुकानें बंद रहती हैं। कुछ व्यापारी आये तो पता चला कि मार्केट को नगर निगम ने सील कर दिया है। जबकि सभी व्यापारी मकान मालिक रूबी पांडेय को हर महीने समय से किराया जमा करते हैं। मकान मालिक पर हाउस टैक्स का 35 लाख 15 हजार 425 रुपये बकाया है। मकान मालिक बिल्डिंग की 5वीं फ्लोर पर रहते हैं। मकान मालिक की गलती का खामियाजा व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। इसके बाद एकत्र होकर व्यापारियों ने जोन-3 में पहुंचकर विरोध जताया।

पूरी बाजार सील कर दी गई। अमृत विचार

सहालग के चलते व्यापारी हुए परेशान

त्रिवेणी मार्केट में कपड़े, रेडीमेड गारमेंट समेत चूड़ियों का कारोबार होता है। मंगलवार बंदी रहती है, लेकिन व्यापारी शादी सीजन के चलते दुकानें खोल रहे हैं। सुबह व्यापारी दुकानें खोलने पहुंचे तो पूरे मार्केट की एक-एक दुकानों पर सील लगी हुई थी। मामले में जोनल अभियंता-5 विनय प्रताप सिंह ने बताया कि हाउस टैक्स की बड़ी बकायेदारी के चलते कार्रवाई की गई है। टैक्स जमा होने के बाद सील खोल दी जाएगी।

कार्रवाई न होने का आरोप, धरने पर बैठे पीड़ित पिता

कानपुर। कैंट थानाक्षेत्र के एक मिशनरी स्कूल में पांच माह पूर्व शिक्षिका पर हाईस्कूल के छात्र के धर्मांतरण की कोशिश और शारीरिक शोषण के गंभीर आरोप लगे थे। पुलिस ने पिता की तहरीर पर प्रधानाध्यापिका समेत चार पर एफआईआर दर्ज की थी। बाद में न्यायालय के आदेश पर शिक्षिका ने भी क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में पांच माह बाद भी कार्रवाई न होने पर छात्र के पिता मंगलवार को कमिश्नर ऑफिस पहुंचे और धरना दे दिया।

पिता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने धर्म परिवर्तन समेत अन्य धाराओं में एफआईआर तो दर्ज की लेकिन अभी तक शिक्षिका के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया है कि शिक्षिका को उसी स्कूल में फिर से नौकरी मिल गई है, ये बात भी कई छात्र बता रहे हैं। बताया कि पिछले पांच महीने से लगातार वह दौड़ रहे हैं। लेकिन कहीं से कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित पिता कमिश्नर ऑफिस में धरने पर बैठ गया। कहा कमिश्नर कार्रवाई का आश्वासन नहीं देंगे, तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। पुलिस कमिश्नर की स्टॉफ ऑफिसर अमिता सिंह ने बताया कि मामले की पुनः जांच कराकर कार्रवाई की जा रही है।

महापौर का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अमृत विचार

कंघी मोहाल के 3 लाख लोगों को सीवर-जलभराव से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने कंघी मोहाल में संपवेल पंपिंग स्टेशन व नई सीवर लाइन कार्य का किया शिलान्यास

अमृत विचार। महापौर प्रमिला पांडेय ने मंगलवार को कंघी मोहाल में संपवेल पंपिंग स्टेशन व नई सीवर लाइन कार्य का शिलान्यास किया। नगर निगम यहां 15वें वित्त आयोग से सात करोड़ से संपवेल पंपिंग स्टेशन व नई सीवर लाइनों को डालने का कार्य करेगा। इस कार्य से लगभग चार वार्डों की तीन लाख आबादी को जलभराव व गंदगी से निजात मिल जायेगी। नगर निगम यह कार्य छह महीने में करेगा।

मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर महापौर पहुंची तो पार्षदों के नेतृत्व में जनता ने फूल बरसाकर स्वागत किया। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर में सीवर भराव और जलभराव को दूर करने के लिये लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कार्य छह महीने में पूरा हो जायेगा। जिसके बाद स्थानीय लोगों को जलभराव की समस्या से हमेशा के लिये छुटकारा मिल जायेगा। नाजिरबाग वार्ड 109 के पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने बताया कि कार्य होने के बाद कागजी मोहाल, फूलमती तिराहा, बड़ा मैदान, खलवां नाला रोड, चमनगंज, नश्तर चौराहा, रशीन बनिया चौराहा में गंदगी से निजात मिल जायेगी। इस दौरान मोहम्मद अमीम, शिब्बू अंसारी, साबिर समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।

बम निरोधक दस्ते ने दोबारा की बारूद विस्फोट की जांच

इसी बिल्डिंग में हुआ था विस्फोट। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कंघी मोहाल का मामला, एक किरायेदार की हुई थी मौत मां-बेटी झुलसे थे

अमृत विचार। बजरिया थानाक्षेत्र के अति संवेदनशील घनी आबादी वाले कंघी मोहाल इलाके में हुए बारूद के विस्फोट की जांच करने एक बार फिर बम निरोधक दस्ता पहुंचा। इस घटना में किराएदार आमिर की मौत हो गई थी, वहीं गजाला व उसकी बेटी तूबा गंभीर रूप से झुलस गई थी। वे दोनों अब दूसरे घर में शिफ्ट हो गए हैं। लेकिन नगर निगम के नकारेपन की वजह से आज भी रह रहकर जर्जर मकान से ईंट पत्थर गली में गिर रहे हैं। न जर्जर मकान गिराया गया और न मलबा हटाया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक किए लेकिन उसमें कोई संदिग्ध कैद नहीं हुआ।

कंघी मोहाल इलाके में टीपू के मकान में बारूद से हुए जबरदस्त विस्फोट में तीसरी मंजिल पर मौजूद आमिर व दूसरे तल पर रहने वाली गजाला और तूबा गंभीर रूप से झुलस गए थे। तीनों को केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया था। जहां दो दिन बाद आमिर की मौत हो गई थी। कई दिन बाद मां बेटी की छुट्टी की गई। विस्फोट में घर तहस नहस हो जाने के बाद वह गजाला दलेलपुरवा में रहने वाली अपनी बहन के घर चली गईं। फोरेंसिक जांच में पोटेशियम नाइट्रेट का विस्फोट निकला था।

विस्फोट के बाद पिछले सप्ताह एक बार फिर बम निरोधक दस्ता घर पहुंचा और जांच पड़ताल की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट आलाधिकारियों को सौंप दी गई है। बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह नगर निगम के जेई को मलबा हटाने के लिए पत्र लिख चुके हैं। लेकिन जेई ने जर्जर बिल्डिंग की हालत को देखते हुए मलबा उठाने से साफ इन्कार कर दिया। इलाके के अकील खान, शरीफ व अन्य ने बताया कि इस घटना को एक माह का समय होने वाला है। लेकिन पुलिस किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंची है। वह लोग जल्द पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से वारदात के खुलासे के लिए मिलेंगे।

सौंदर्यीकरण में आने वाली बाधाएं दूर करें

बिरहाना रोड पर निरीक्षण करते नगर आयुक्त। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने बिरहाना रोड और पुराने गंगा पुल का किया निरीक्षण

अमृत विचार। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को बिरहाना रोड व पुराना गंगा पुल का निरीक्षण किया। बिरहाना रोड पर चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्य के निरीक्षण में जगह-जगह कई पिलरों पर पेंटिंग पायी गयी। बिरहाना रोड पर विज्ञापन होर्डिंग्स की भरमार पाये जाने पर इन्हें हटाने के निर्देश दिये। विज्ञापन प्रभारी ने बताया कि दुकानदारों ने दो दिनों में बोर्ड हटाने को कहा है।

इसके बाद नगर आयुक्त ने पुराने गंगा पुल का निरीक्षण किया। गंगा पुल के दोनों रास्तों की युद्धस्तर पर सफाई करने को कहा। नवीन पुल के नीचे से लेकर पुराने गंगा पुल तक जगह-जगह मलबे के ढेर पड़े हुए पाये गये। दो शौचालय भी बंद पाये। कहाकि अधिशाषी अधिकारी, छावनी को इस सम्बन्ध में पत्र लिखकर अनापत्ति मांगी जाये कि अब इन शौचालयों का रख-रखाव नगर निगम द्वारा किया जायेगा। नगर आयुक्त ने सफाई व अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद विकास जायसवाल भी मौजूद थे।

हत्या में पत्नी व साले को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की कोर्ट ने सुनाया फैसला
- 2015 में युवक को ससुरालीजनों ने खिलाया था जहर, हो गई थी मौत

अमृत विचार। पति की जहर खिलाकर हत्या करने के आरोप में मंगलवार जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की कोर्ट ने पत्नी व उसके भाई को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 35-35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

मूलरूप से जौनपुर जिले के मखदूमशाह अढ़न गांव निवासी सैय्यद सरदार हुसैन ने नौबस्ता थाने में वर्ष 2016 में अपने बेटे सैय्यद जफर अब्बास की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। सरदार हुसैन ने बताया था कि 20 जून 2015 को उनके बेटे जफर अब्बास की जहर खिला कर हत्या उसकी पत्नी नफीसा फातिमा उर्फ शमा, साले फराज समेत ससुरालीजनों ने यशोदा नगर में कर दी थी। ससुरालीजनों ने शव को जौनपुर स्थित इमामबाड़े में सुपुर्द ए खाक कर दिया था। जफर अब्बास के परिजनों ने आशंका पर तत्कालीन आईजी को जांच के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। तब पुलिस ने शव को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होने के बाद परिजनों ने नौबस्ता थाने में जफर अब्बास की पत्नी व उसके भाई के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी रविंद्र अवस्थी ने बताया कि मामले में जफर अब्बास के दो भाई आरिफ अब्बास, मो. अब्बास उर्फ शारिब समेत 15 गवाहों ने कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ बयान दर्ज कराए थे। कोर्ट ने जफर अब्बास की पत्नी नफीस फातिमा व उसके भाई फराज को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 35-35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

गूगल पर सर्च किया तो 20 हजार रुपये पार

कानपुर। विष्णुपुरी निवासी सुरेश चंद्र शुक्ला ने पुलिस को बताया कि 14 फरवरी को अपने भतीजे शिवम शुक्ला को लखनऊ में डॉक्टर को दिखाने के लिए गूगल पर हॉस्पिटल का सम्पर्क नम्बर सर्च कर मोबाइल मिलाया तो एक व्यक्ति ने मोबाइल उठाया और अपना नाम आशीष आनन्द बताया। डॉक्टर से अपाइन्टमेन्ट मांगा तो ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही। उनके अनुसार उन्होंने व्हाट्सएप पर एक एप भेजकर मरीज की सूचना भरने के लिए कहा। जिसका रजिस्ट्रेशन शुल्क 20 रुपये यूपीआई से देने के लिए कहा। गूगल पे का पासवर्ड भी भर दिया लेकिन पैसे नहीं गये। उधर से अभिषेक आनंद का फोन आया जिसने अपाइन्टमेन्ट हो जाने की बात कही। पैसे कटे नहीं और अपाइन्टमेन्ट हो गया। यह बात उन्हें खटकी। जिसके बाद वह नवाबगंज स्थित अपने सेन्ट्रल बैंक पहुंचे। जहां 15 फरवरी की शाम 6.30 बजे खाते से 20,700 कटने का पता चला। उन्होंने कोहना थाने और साइबर सेल में मामले की शिकायत की।

रोजगार मेले में 169 का हुआ चयन

कानपुर। कौशल विकास मिशन व सेवायोजन विभाग की ओर से रोजगार मेले का आयोजन कमला नगर स्थित यदुपति सिंहानिया सेंटर फॉर वोकेशनल स्किल डेवलेपमेंट में हुआ। मेले में 21 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए। मेले में 497 युवाओं ने अपनी सहभागिता दिखाई। साक्षात्कार के बाद 169 युवाओं का चयन किया गया। मेले में आईटीआई के प्रिंसिपल डॉ नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।



अधूरा विकास | सीएम की प्राथमिकता वाले आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर का मामला

पहला चरण ही अधूरा, दूसरे की कौन कहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर के प्रथम चरण का कार्य पूरा नहीं हुआ है। वहीं, दूसरे चरण में तो अभी शुरुआत तक नहीं हुई है। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने पिछले दिनों निरीक्षण कर दूसरे चरण का काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिये थे। लेकिन, पहले चरण में अनियमितता मिल चुकी है। अब लोकसभा चुनाव आ रहे हैं, जिससे एक बार फिर काम लटक सकता है।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर धाम के कायाकल्प का काम चल रहा है। 25 करोड़ की लागत से तीन फेज में कॉरिडोर का काम पूरा होना है। पहले चरण में छह करोड़ रुपये से काम हो रहा है। कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड (केएससीएल) की देख-रेख में यहां 2022 अक्टूबर में कार्य शुरू किया था। प्रथम चरण में वीआईपी रोड पेट्रोल पंप से मंदिर तक सड़क, सुलभ शौचालय तक नाले पर स्लैब डालने का काम, बिजली के खंभे लगाने, इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने और पार्किंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। मंदिर मुख्य गेट से परिसर तक दोनों ओर लगी दुकानों को हटाना बाकी है।

कई काम अभी अधूरे पड़े हैं। अमृत विचार

तीसरे चरण में यह कार्य लटके

अब दूसरे व तीसरे चरण में मंदिर के तीन भव्य मुख्य द्वार, मां भागीरथी की आरती के लिए तट पर विशाल आरती स्थल, मंदिर के मुख्य गेट से त्रिशूल वाले गेट तक दुकानदारों और अतिक्रमण को हटाना, मंदिर परिसर व आसपास के स्थल का सुंदरीकरण, सेल्फी प्वाइंट, परमट घाट से मंदिर तक आरओबी, आस-पास की बस्तियों का विकास, गंगा नदी में जा रहे आवासीय गंदे पानी को सीवर लाइन से जोड़ने का काम होना है।

25 करोड़ रुपये प्रोजेक्ट की लागत

03 फेज में कॉरिडोर का होना है काम

06 करोड़ आंवटित पहले चरण के लिए

07 सदस्यीय निगरानी समिति बनी है

निगरानी समिति भी नहीं रख पाई ध्यान

बाबा आनंदेश्वर कॉरिडोर के कार्य की रिपोर्ट जानने के लिए पूर्व मंडलायुक्त राजशेखर के निर्देश पर डीएम ने सात सदस्यीय प्रशासनिक कमेटी बनाई थी। इसमें सचिव, एसडीएम सदर, अपर नगर आयुक्त सदर, तहसीलदार सदर, प्रभारी अधिकारी नजूल, एसीएम तृतीय, नगर निगम जोन 4 के जोनल अधिकारी निगरानी समिति के सदस्य हैं। जिनको कॉरीडोर के कार्य की प्रगति और मॉनीटरिंग करनी है, पहले ही चरण में हुए घटिया कार्य ने अधिकारियों पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

> पहले चरण में काम पूरा है। दूसरे चरण का काम भी जल्द ही शुरू हो जाएगा।
>
> – आरके सिंह, प्रभारी, कानुपर स्मार्ट सिटी मिशन

नाबालिग से किया कुकर्म गिरफ्तार

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग टेनरी कर्मी से आरोपी ने बहाने से घर ले जाकर कुकर्म किया। इसके साथ ही उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए कई बार कुकर्म किया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ जाजमऊ थाने में मामला दर्ज कराया है। जाजमऊ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जाजमऊ निवासी 16 वर्षीय किशोर के अनुसार वह अशरफाबाद स्थित एक टेनरी में काम करता है। करीब बीस दिन पहले रात में इलाके का 52 वर्षीय नवाब बहाने से अपने साथ ले गया। इसके बाद चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश करने के बाद कुकर्म किया। उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद से आरोपी उसे वीडियो वायरल कर देने की धमकी देकर कुकर्म करता रहा। पीड़ित ने जाजमऊ थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सहालग में अचानक बढ़े सड़क हादसे रोजाना खून से लाल हो रहीं सड़कें

सोमवार को चार सड़क हादसों में चली गई छह लोगों की जान

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। इन दिनों सड़क हादसे बढ़ते ही जा रहे हैं। रोजाना कहीं न कहीं से सड़क हादसों की खबरें पढ़ने सुनने को मिल जाती हैं। इसमें कुछ लोग घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ते हैं तो कइयों की जान चली जाती है। हाल ही में गाजीपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा भी तेज रफ्तार की वजह से हुआ। ताबड़तोड़ हादसों के बाद भी यातायात महकमा कोई कारगर प्रयास नहीं कर रहा है।

जिले में शायद ही कोई ऐसा एरिया हो जहां हादसों में लोगों की जान न जा रही हो। इन हादसों की मुख्य वजह तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाना माना जा रहा है। मौजूदा समय सहालग का है तो ऐसे में बराती से लेकर घराती तक शादी के जश्न में नशे का सेवन करते हैं। इसके बाद वह वाहनों को मनमाने तरीके से चलाते हैं। ऐसे में या तो वह खुद हादसे का शिकार होते हैं या फिर सामने वाले को हादसे का शिकार बना देते हैं। बात यातायात नियमों की करें तो नियमों का पालन कराने के लिए संबंधित महकमा कोई कारगर कदम नहीं उठाता तो खुद वाहन चालक इसे तोड़ने में गुरेज नहीं करते। यही वजह है कि जिले में सड़क हादसों की घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। एक दिन पहले सोमवार को चार सड़क हादसे हुए जिसमें छह लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। रोजाना हो रहे सड़क हादसों के बाद भी वाहन चालक सबक नहीं ले रहे हैं।

- जागरूकता अभियान का नहीं पड़ रहा लोगों पर असर

धूल फांक रहे है ब्रीथ एनलाइजर

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर रोकथाम के लिए ब्रीथ एनलाइजर मंगाया गया था। इस उपकरण के सहारे से पल भर में पता चल जाता कि वाहन चालक नशे में हैं या नहीं। इस तरह से शराब पीकर वाहन चालकों के लिए एक निर्धारित जुर्माना भी रखा गया था। लेकिन इसके आने के बाद भी यातायात पुलिस इसका इस्तेमाल नहीं कर रही है।

> सहालग चल रही है, इसलिए सड़कों पर ट्रैफिक बढ़ा है। जल्दबाजी के चलते तेज रफ्तार में लोग वाहनों को दौड़ाते हैं, जिससे हादसे होते हैं। शराब पीकर वाहन कतई न चलाएं।
>
> –अजय कुमार सिंह, यातायात प्रभारी

तालाबंद घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। चोरों ने सोमवार की रात एक सूने पड़े घर को अपना निशाना बना लिया। ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखा कीमती सामान पार कर दिया। वैवाहिक कार्यक्रम से लौटे परिवारर को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के साई गांव निवासी शिवशंकर तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव में उसके बेटे राजकिशोर तिवारी का घर है। जहां से पूरा परिवार सोमवार को एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। घर पर ताला लगा था। मंगलवार सुबह जब पूरा परिवार घर पहुंचा तो मेन गेट का ताला टूटा था। यह देख वह स्तब्ध रह गए। अन्दर जाकर देखा तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त फैला पड़ा था। देखा तो दो टीवी, आठ दीवार घड़ियां, 25 नए कम्बल, इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर समेत चोरी हो चुका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

नलकूप से हजारों की चोरी

थरियांव। थाना क्षेत्र के खरसोला मजरे मलाव गांव निवासी गया प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पहलवान बाबा मंदिर के सामने उसका नलकूप है। मंगलवार सुबह जब वह अपने नलकूप पहुंचा तो देखा की जिस बक्से में स्टार्टर रखा रहता था, उसका ताला टूटा था और स्टार्टर समेत उसमें रखा अन्य सामन चोरी हो गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

हेल्मेट लगाने के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

फतेहपुर। 24 घंटे के अंदर हुए सड़क हादसों में छह लोगों की जान जाने के बाद पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर पूरे जिले में पुलिस ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। अभियान के तहत बिना हेलमेट पहने और बाइक पर तीन लोग मिलने पर चालान काटकर जुर्माना लगाया गया। साथ ही पम्पलेट के माध्यम से ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुक भी किया। शहर में सीओ ट्रैफिक प्रगति यादव के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने सरकारी बस स्टैंड, शांति नगर, लोधी गंज, सदर अस्पताल, पत्थर कटा चौराहा, पटेल नगर और राधा नगर चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने इस दौरान 80 बाइक सवार को रोककर हेलमेट न पहने होने पर चालान काटकर जुर्माना लगाया। बताया कि लगातार बाइक सवार बाइक को चलाते समय हेलमेट नहीं लगा रहे हैं। जिस कारण हादसे के समय सिर पर चोट लगने से मौत हो रही है। कार चालक सीट बेल्ट नहीं लगाते हैं। ऐसे वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए जुर्माना लगाया जा रहा है। शराब पीकर गाड़ी चलाते मिलने पर करीब 27 वाहनों को सीज किया गया है। बड़े वाहन चालकों को पम्पलेट के माध्यम से ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। डीएसपी ने वाहन चालकों से अपील करते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात कही। बता दें कि जिले में चार अलग अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में मृतक बाइक सवार लोगों ने हेलमेट नहीं पहने थे। अगर पहने होते तो सभी की जान बच सकती थी।

बेकाबू वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

थरियांव। थाना क्षेत्र के बिलंदा नेशनल हाईवे के पास बाइक चालक को एक बेकाबू वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में बाइक सवार युवक हाईवे में गिरकर गंभीर घायल हो गया। थरियांव थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी जय किशोर पुत्र नितिन बिहारी कुछ निजी काम से फतेहपुर गया था। सोमवार देर शाम वापस घर जाते समय बिलंदा के पास ही पहुंचा था कि तभी पीछे से एक तेज रफ्तार वाहन उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। हसवा पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। वही चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि घायल के परिजनों को सूचना दी गई है।

109 शिकायतों में मात्र तीन का निस्तारण

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

अमृत विचार। नगर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 109 शिकायतें आईं। जिनमें केवल तीन शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया। सबसे अधिक राजस्व विभाग की 62 शिकायत आईं।

मंगलवार को नगर के तहसील रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान 11:00 से प्रारंभ हुआ समाधान दिवस में एडीएम अविनाश त्रिपाठी, एसडीएम अनिल कुमार यादव आदि ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जहानाबाद थाना क्षेत्र के पानेरूवा गांव निवासी गुलाब सिंह पुत्र भोले पाल ने शिकायत किया कि गांव के छोटेलाल सरकारी चक मार्ग एवं नवीन प्रति जमीन पर बंदी बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है अतः चक मार्ग व जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए। इस मामले में अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई की बात कही। संपूर्ण समाधान दिवस में शिव कुमार निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर ने शिकायत किया कि गांव के राम प्रसाद उसके घर में निकास का दरवाजा नहीं लगने दे रहे, दरवाजा लगाने पर अपशब्द बोलते हैं और जान से मारने की धमकी भी देते हैं। शिवकुमार की शिकायत पर अधिकारियों ने जांच की बात कही है। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 109 शिकायतें आई, जिनमें तीन शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। 106 अवशेष रह गईं। राजस्व विभाग की सबसे अधिक 62 शिकायतें आईं। पुलिस विभाग की 22 शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की कोई शिकायत नहीं आई। समाज कल्याण विभाग की दो शिकायत विकास की 13 रहीं। नायब तहसीलदार सुरेश कुमार तथा नायब तहसीलदार अमरेश कुमार सिंह सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अफसर। अमृत विचार

- संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनी समस्याएं

अर्धनिर्मित सड़क का उखड़वा रहा विभाग

संवाददाता थरियांव

अमृत विचार। कुछ अराजकतत्वों द्वारा रोड बनने का विरोध करने को लेकर अर्धनिर्मित सड़क को विभाग के द्वारा उखाड़ा जा रहा है। लक्ष्मणपुर गांव में 170 मीटर रोड छह लाख रूपये की लागत से पास हुई थी। सड़क बनने का काम शुरू हो गया लेकिन दूसरे मोहल्ले के लोगों ने विरोध पर विभाग ने रोड उखड़वाने का काम शुरू कर दिया।

बता दें कि मामले में दूसरे मोहल्ले के कुछ दबंगों ने सड़क बनने का विरोध किया तो विभाग ने रोड उखड़वाना शुरू कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि दस से पंद्रह लोगो के घर बने हुए हैं। वहीं बारिश के दिनों मे निकलने बड़ी परेशानी होती है। मोहल्ले के ग्रामीणों ने बताया कि कुछ ग्रामीण लोगों द्वारा सड़क का विरोध किया गया तो विभाग के द्वारा अर्धनिर्मित सड़क को उखाड़ कर फिर पहले जैसा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया विधायक से गुहार लगाई थी और अपनी समस्या को बताया था। क्षेत्रीय विधायक ने रोड को पास कर दिया था। वही कुछ गैर मोहल्ले के लोगों ने इसका विरोध किया तो अर्धनिर्मित सड़क उखाड़ी जा रहा है। यह सड़क ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने पास की गई थी।

विरोध के बाद खोदी गई सड़क।

मौसम के असर से आलू उत्पादन 20 फीसदी कम

फतेहपुर। सर्दी- बारिश के बाद इन दोनों किसान आलू की खुदाई में व्यस्त हैं। लेकिन आलू उत्पादन कम होने से किसान परेशान दिखाई दे रहे हैं। पिछले सालों की तुलना में इस बार आलू का उत्पादन काफी कम है। इससे किसान आलू की फसल को घाटे में बता रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछले सालों में प्रति बीघा 60 से 70 पैकेट आलू उत्पादन होता था। लेकिन इस बार प्रति बीघा 40 से 45 पैकेट ही निकल रहा है। कुछ आलू की वैरायटी ऐसी हैं जो 30 से 40 पैकेट प्रति बीघा ही उत्पादन तक समिट कर रह गया है। इससे इस साल आलू का भाव महंगा होने की संभावना बनी हुई है। किसानों ने बताया कि इस बार मौसम काफी खराब रहा है। तापमान में अत्यधिक गिरावट के साथ ही आसमान में कोहरा रहा। जनवरी माह में मौसम काफी प्रतिकूल रहा है, इस कारण आलू की फसल में सीधा असर पड़ रहा है जिससे किसान परेशान हैं।

25 साल बाद दंपति की हुई अपने धर्म में वापसी

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। हिंदू से मुस्लिम धर्म में परिवर्तित हुए परिवार ने करीब 25 साल बाद फिर से घर वापसी की है। बनारस का रहने वाला यह परिवार वर्षों पहले जनपद में आकर बस गया था। इसके बाद उन्होंने धर्मपरिवर्तन कर लिया था। मंगलवार को सुंदर पाठ व हवन पूजन के बाद परिवार ने हिन्दू धर्म में फिर से वापसी की है। बनारस के रहने वाले शिव प्रसाद उर्फ गुड्डू अपनी पत्नी कविता के साथ करीब 25 वर्ष पूर्व हथगाम थाना क्षेत्र के पूरे अधारी गांव में अज्ञात कारणों से पनाह ली थी। इसके बाद उन्होंने अज्ञात कारणों से ही मुस्लिम धर्म अपना लिया था।

इसके बाद शिवप्रसाद का नाम अब्दुल्ला और कविता का नाम फातिमा हो गया था। इसके बाद से वह यहीं रहले लगे थे। मंगलवार को राम दल के नेतृत्व में फिर से परिवार ने घर वापसी की और परिवार ने खुशी जाहिर की। मामले की जानकारी पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और प्रशासन व हिन्दू संगठनों की मौजूदगी में सुंदर पाठ के साथ हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया और परिवार ने घर वापसी की। इस मौके पर राम दल के अध्यक्ष अगेन्द्र साहू मौजूद रहे।

परिवार ने हिन्दू धर्म में की वापसी।

- शिवप्रसाद बन गया था अब्दुल्ला और पत्नी कविता फातिमा
- सुंदर पाठ के बाद हवन का कार्यक्रम हुआ संपन्न

चाय पर चर्चा, कार्यक्रम में योजनाओं का बखान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को चाय पर चर्चा एवं लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल कार्यशाला आयोजित की गई। दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सदर विधानसभा के पूर्व विधायक विक्रम सिंह एवं अध्यक्षता नगर अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी ने की। बैठक का संचालन मंडल संयोजक बृजेश सोनी एवं नगर मंत्री दीपक वाल्मीकि ने किया। शहर के वर्मा चौराहे के एक गार्डेन में आयोजित कार्यक्रम में नगर मंडल के कार्य समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों समेत सख्त केंद्र संयोजक व प्रभारी के साथ-साथ अधिवक्ता साहित्यकार शिक्षक व्यापारी नेता व समाजसेवी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रथम सत्र चाय पर चर्चा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि आजाद भारत में पहली सरकार है, जिसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत की संस्कृति भारत के संस्कार भारत का ज्ञान और विज्ञान पूरी दुनिया के लिए प्रेरक एवं अनुकरणीय सिद्ध होते देखा जा रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारी से आह्वान करते हुए कहा कि हमें संवाद और संपर्क को तेज करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े नागरिकों को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के अभियान में भागीदार बनना है। उद्घाटन सत्र में मंडल अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया के जिला संयोजक सिद्धार्थ दीक्षित एवं विस्तारक आशीष त्रिपाठी ने पदाधिकारी को लाभार्थी संपर्क अभियान की किट देते हुए बूथ पर अभियान को शीघ्र पूरा करने की अपील की। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार मधुसूदन दीक्षित, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुशील मिश्रा, महामंत्री विजय सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति प्रवीण, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, समाजसेवी विद्याभूषण तिवारी, जागृति तिवारी, पीके पांडेय, विनय शरण, अविनाश तिवारी, प्रदीप गर्ग, माधुरी साहू, स्मिता सिंह, उमा शरण गुप्ता, गुरमीत सिंह, अपर्णा पांडेय, केपी सिंह, दीपचंद गुप्ता, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुनिधि तिवारी, कविता रस्तोगी, अमित शिवहरे, पूजा पांडेय, मधु शर्मा, कल्पना सिंह, शैलेंद्र शरण सिंपल, मनोज श्रीवास्तव, मनोज विद्यार्थी अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चाय पर चर्चा कार्यक्रम में जुटे भाजपाई। अमृत विचार

- भाजपाइयों द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

1962 डायल करने पर पशुओं का इलाज करने पहुंचेगी वैन

फतेहपुर। अब जानवरों के बीमार होने पर आपात स्थिति में पशुपालकों को अस्पताल तक ले जाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। अपने मोबाइल से 1962 नंबर डायल कर खुद ही पशुपालन विभाग की वैन घर पहुंच बीमार पशुओं का इलाज करेगी। ब्लाक स्तर पर वैन उपलब्ध कराई जाएंगी औ उनमें डॉक्टरों के साथ ही कर्मचारियों की तैनाती भी होगी।

जिले में पशुपालन विभाग की ओर से आपात कालीन पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन वाहनों में एक पशुचिकित्सक एक एमपीटी सहायक व ड्राईवर तैनात किए जाएंगे। जिले के किसी भी क्षेत्र से 1962 डायल करने पर आपके दरवाजे पर अतिशीघ्र पशुचिकित्सा वाहन पहुंच कर बीमार पशु का इलाज करेंगे।

सुदामा चरित्र की कथा सुन भावविभोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लक्ष्मणपुर व सामियाना के मध्य भागवत कथा के विश्राम दिवस पर भागवताचार्य स्वामी मुक्तानन्द महराज ने जामवंत का श्रीकृष्ण से युद्ध, जामवंती से विवाह, भौमासुर का अन्त, सुदामा चरित्र के विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि जामवंत का श्रीकृष्ण भगवान से 27 दिन युद्ध चला। जब वह परास्त हो गया तब वो परमात्मा को पहचान गया और स्तुति कर सामंतक मणि, जामवंती सहित सब कुछ प्रभु को समर्पण कर दिया। भौमासुर का अन्त कर 16 हजार कन्याओं को मुक्त कराकर विवाह किया। सुदामा चरित्र की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि जीव का नाम सुदामा व सुशीला का नाम सुशील बुद्धि, पत्नी की कहना मानकर वो श्रीकृष्ण भगवान से मिलने पहुंचे। सुशीला ने भगवान को भेंट स्वरूप तंदुल की पोटली दिया। पोटली ही जीव का कर्म है, पोटली छिपाने पर प्रभु पहचान गये, कोई भी ईश्वर से कर्म छुपा नहीं सकता। प्रभु सब जानकर भी अनजान बनते हुए लीलाएं करते हैं। मार्गदर्शक स्वामी महेशानन्द महराज ने आशीर्वचन देते हुए बताया कि 21, 22, 23 फरवरी को सन्त समागम यानि सन्त सम्मेलन यहीं पर होगा। वहीं 24 फरवरी को पूर्ण आहुति के बाद 12 बजे से 7 बजे विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। व्यवस्थापक स्वामी सेवानन्द महराज, अभिषेक सिंह चौहान, अजय राज सिंह चौहान, राजा सिंह कछवाह, धर्मेन्द्र सिंह, पंकज मिश्रा, रज्जन लाल बाजपेई, जगदीश यादव, यजमान चैन सिंह राठौर, आरती देवी, सरस्वती देवी, साध्वी चेतना, दीपू, चन्दू, रोहित समेत अन्य तमाम श्रोता मौजूद रहे।

श्रीमदभागवत कथा के दौरान आरती में जुटे श्रद्धालु। अमृत विचार

फर्जी क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारे छापे

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। क्षेत्र में चल रहे सैकड़ों फर्जी क्लीनिक के खिलाफ चिकित्सा विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तमाम झोलाछाप दुकान छोड़कर भाग खड़े हुए। टीम ने तीन झोलाछाप को नोटिस थमा कर एक क्लीनिक सीज की है। जल्द ही सीज की गई क्लीनिक के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा।

सीएमओ के निर्देश पर सोमवार को सीएचसी हरदो के चिकित्सा अधीक्षक मनीष कुमार शुक्ला ने टीम के साथ क्षेत्र में चल रही फर्जी क्लीनिकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने क्षेत्र के क्लीनिकों का निरीक्षण किया। अधिकतर क्लीनिक संचालक भाग गए। इस दौरान पंजीकरण न होने पर तीन क्लीनिक संचालकों को नोटिस देकर उनसे तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया।

नवाबगंज स्थित एक क्लीनिक में एक मरीज का हाइड्रोसील का ऑपरेशन कर रहे बृजेश कुमार से पूछताछ की गई तो वह इलाज के संबंध में कोई पुख्ता दस्तावेज नहीं दिखा सके। इस पर उनके क्लीनिक को सीज कर दिया गया। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मंगलवार को बृजेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा। अभी चेकिंग का यह अभियान लगातार जारी रखा जाएगा। निरीक्षण के दौरान जेपी सिंह, शिवम विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

- एक को किया सीज, तीन झोलाछापों को दिया नोटिस
- हथगाम में हुई कार्यवाही के दौरान मचा रहा हड़कंप

बदलता मौसम | बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर अधिक असर, सुबह-शाम को सर्दी में लापरवाही न करें

जिसने की लापरवाही, वह पहुंचा डॉक्टर के पास

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। बदलते मौसम के कारण सर्दी, जुकाम के बाद अब बुखार के मरीजों में इजाफा होना शुरू हो गया है। जिसके चलते मंगलवार को सुबह से ही अस्पताल में मरीजों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई। सुबह से ही पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी व दवा काउंटर में मरीजों की अच्छी खासी लाइन लगी देखने को मिली। जिसमें अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम व बुखार के पाए गए। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर पड़ रहा है।

चिकित्सक इन मरीजों को दवा के साथ मौसम के अनुरूप कपड़े पहनने की सलाह दे रहे हैं। डॉक्टर को दिखाने के लिए एक हजार से अधिक लोगों ने पर्चा बनवाया। जिला अस्पताल में इन दिनों मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की भरमार हैं। ओपीडी शुरु होने से पहले लोग रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनवाने का इंतजार करते दिखे। मंगलवार को चिकित्सकीय परामर्श के लिए एक हजार से अधिक लोगों ने पर्चा बनवाया। इनमें अधिकांश बच्चे और बुजुर्ग शामिल रहे। यह लोग सिर दर्द, जुकाम, बुखार, खांसी, पेट दर्द जैसी मौसमी बीमारियों से ग्रसित रहे। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बदलाव आते ही लोगों ने लापरवाही बरतनी शुरु कर दी है। कम कपड़े पहनने के साथ ही लोग ठंडी चीजों का सेवन करने लगे हैं। वहीं बच्चे और बुजुर्गों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। ऐसे में जरा सी लापरवाही से मौसमी बीमारियां इन्हें गिरफ्त में ले लेती है।

जिला अस्पताल में लोगों की भीड़। अमृत विचार

बच्चों का रखे खास ख्याल

दिन में धूप निकलने से मौसम गर्म हो जाता है इससे बच्चे गर्म कपड़े उतार देते हैं। शाम के बाद मौसम सर्द होने पर भी बच्चे लापरवाही करते हैं और बीमार हो जाते हैं। अभिवावक उन्हें गर्म कपड़े जरूरी पहनाएं रखें।

> फरवरी और मार्च महीने में मौसम का उतार चढ़ाव होता है। ऐसे में लोगों को सर्दी से बचाव का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बच्चे और बुजुर्ग गर्म कपड़े पहने और कान ढ़क कर रखें। तीन दिन से ज्यादा खांसी, जुकाम, बुखार होने पर चिकित्सक से परामर्श करें। बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी दवा का सेवन न करें।
>
> –डा. एनके सक्सेना, फिजीशियन

हार्ट के मरीजों की बढ़ी तादाद इलाज का इंतजाम तक नहीं

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में हार्ट से पीड़ित मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यहां कार्डियोलाजिस्ट व स्टाफ की तैनाती तो है लेकिन आईसीसीयू का संचालन नहीं हो सका। वहीं उपचार का इंतजाम नहीं होने से जिला अस्पताल सीने के दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए सिर्फ रेफर सेंटर बनकर रह गया है। समय से समुचित उपचार नहीं मिल पाने से मरीजों की जान पर बन जाती है।

जिले की 30 लाख की आबादी के स्वास्थ्य का जिम्मा उठाने वाले जिला अस्पताल में हृदयरोग से पीड़ित मरीजों के लिए आईसीसीयू की मंजूरी के साथ ही उपकरण भी मुहैया कराए गए थे, लेकिन अभी तक कर्डियोलाजिस्ट की तैनाती के अलावा कोई संसाधन नहीं हैं। जिला अस्पताल को मेडिकल कालेज से जोड़ने के बाद जहां अन्य विधाओं के एसआर व जेआर तैनात हुए हैं, लेकिन कार्डियोलाजी के और अतिरिक्त विशेषज्ञ की तैनाती नहीं होने से हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए जिला अस्पताल रेफर सेंटर बना है। वहीं हार्ट के मरीजों को समय से उपचार नहीं मिलने से उनकी जान पर बन आ रही है।

- ईसीजी के अलावा नहीं है अन्य कोई जांच के संसाधन
- एक विशेषज्ञ की तैनाती, रेफर के अलावा कोई रास्ता नहीं

> कार्डियोलाजिस्ट की तैनाती के अलावा संसाधनों के अभाव में जिला अस्पताल से मरीज कानपुर रेफर किए जाते हैं। आइसीसीयू के बावत शासन को पूर्व में कई बार पत्राचार हो चुका है।
>
> –डा. पीके सिंह, सीएमएस

जांच टीम के आते ही दवा विक्रेताओं में भगदड़

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- धड़ाधड़ दुकानों के शटर किए गए डाउन
- मंगलवार को कई दुकानों के ताले नहीं खुले

अमृत विचार। दवा निरीक्षक टीम बिंदकी के मेडिकल स्टोर में जांच को पहुंची तो दवा विक्रेताओं में भगदड़ मच गई। आनन-फानन दुकानों के शटर धड़ाधड गिरने लगे और देखते ही देखते सन्नाटा पसर गया। टीम के आने से पहले ही दुकानादरों को छापे की भनक लग चुकी थी। जिससे कारोबारियों के दवाओं की सैंपलिंग नहीं हो सकी। दूसरे दिन मंगलवार को नगर के कई दुकान के ताले नहीं खुल सके।

दवा निरीक्षक के साथ संयुक्त प्रशासन की टीम ने बीते माह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर में छापेमारी करके ड्रग की दवाओं को पकड़ा था। जिनकी सैंपलिंग की गई। जांच दौरान दवा व्रिकेता मौके पर बिल आदि नहीं दिखा सके थे। भरे गए दवाओं के नमूने को परीक्षणशाला जांच के लिए भेजा गया। दवा का खेल मानो समन्दर में गोते लगाने जैसा है। सूत्र बताते हैं कि विभाग ने इस दवा विक्रेता को पांच बिंदुओं की नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा। जिसका संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। सूत्रों की माने तो मामले को रफा दफा करने के तरह तरह के जतन किए गए। सूत्र बताते हैं कि नजराना देने की कोशिश की चर्चाएं नगरवासियों की जुबानों में आम रही। इसके बाद सब कुछ पुराने ढ़र्रे जैसा चलने लगा। पिछले दिन सोमवार अपरान्ह को टीम सीएचसी बिंदकी अस्पताल के पास दवा की दुकानों में छापेमारी को पहुंची। दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। जांच टीम का खौफ दवाओं में घाल मेल करने वाले कारोबारियों में इतना रहा कि कइयों ने दूसरे दिन मंगलवार को दुकानें बंद रखी।

दवा के खेल में चकराया विभाग

कई दवा विक्रेता बिना चिकित्सक पर्चे के ड्रग की दवाएं आम हाथों में बेच मोटी कमाई कर रहे हैं। नशे बाज नशीली दवाओं से अपना शौक पूरा करते हैं। जिन्हे दवा की दुकानों में आसानी से मिल जाता है। इसके एवज में विक्रेता को मोटी कमाई भी हो जाती है। इस खेल को रोकने में विभाग के जिम्मेदार भी फेल रहे।

दवा में बिक्री में जीएसटी की चोरी

जिले के ज्यादातर दवा विक्रेता खरीदार के पर्चे पर दवा तो दे देते हैं लेकिन बिल नहीं देते। यह खेल कर जीएसटी बड़े पैमाने में चोरी की जा रही है। अभी ज्यादातर दुकानों में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे। कैमरे लगवाये जाने का विभाग का अभियान जारी है।

एक चर्चित विक्रेता प्रशासन की रडार में

बिंदकी नगर का एक चर्चित दवा विक्रेता को विभाग ने कार्यवाही की रडार में लिया है। सूत्रों की माने तो सत्ता के नजरों में यह दुकानदार किरकिरी बना हुआ है। जिसे सबक सिखाने की तैयारी चल रही है। टीम के छापेमारी कार्यवाही की सूचना लीक होने से दुकानों के शटर डाउन हो गए थे जिससे किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

दुर्गंध के बीच शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर नौनिहाल

अमौली फतेहपुर। विकास खण्ड के कुम्हारनपुर प्राथमिक विद्यालय के नौनिहाल बच्चे दुर्गंध के बीच शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। स्कूल के सामने लगे गोबर के ढेर से बच्चों में संक्रामक बीमारी फैलने की भी आशंका बनी रहती है। बावजूद इसके जिम्मेदार कतई गम्भीर नहीं दिख रहे हैं।

विद्यालय की बाउंड्री वाल के पश्चिम दिशा में स्थित तालाब तथा पूरब दिशा में लगे गोबर के ढेर से उठ रही दुर्गंध से अध्यापकों के साथ बच्चों को बैठना मुश्किल हो रहा है। अध्यापकों की माने तो विद्यालय के बाहर लगे गोबर के ढेर से उठ रही बदबू की शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की जा चुकी है। लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

औंग में दूसरे दिन हाईवे का चला फीता

संवाददाता, औंग फतेहपुर

अमृत विचार। बिन्दकी एसडीएम अनिल कुमार यादव के द्वारा अतिक्रमण कार्य पर रोक लगाने के बाद लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी कार्यवाही जारी रही। हाईवे तथा पीएनसी के संयुक्त अभियान के तहत पूरे कस्बे में फीता चलाकर अतिक्रमण की गई सरकारी जमीन की नापजोख की गई। जिसके कारण अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प मचा रहा। वहीं पैदल चलने वाले लोगों तथा रोज निकलने वाले स्कूली बच्चों के लिए भी उम्मीद जताई जा रही है कि शायद नाला तथा फुटपाथ खाली हो जाए।

सिक्स लेन निर्माण से पूर्व जमीन के इंतजाम के लिए सरकार ने भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही के तहत राजपत्र जारी किया था। उसके बाद मुआवजा भी दिया गया। मुआवजा लेने के बाद पुनः अधिग्रहित भूमि पर कब्जा करके अतिक्रमणकारियों ने राजपत्र को मजाक बनाकर रख दिया था। हाईवे के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन को भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए कार्यवाही करनी पड़ रही है।

संकरा फुटपाथ और उस पर किया गया अतिक्रमण। अमृत विचार

फीता चला तो चौराहे का फुटपाथ निकला आधा

अवैध कब्जों पर जब फीता चला तो अतिक्रमण के साथ साथ नाला तथा फुटपाथ की चौड़ाई भी अधूरी पाई गई। सबसे अहम सवाल यह कि कस्बे में दोनों तरफ नाला व फुटपाथ दो मीटर का बनाया गया है, लेकिन प्रयागराज से कानपुर की ओर औंग चौराहे से लेकर ग्राम गोधरौली स्थित प्राइमरी स्कूल तक मात्र 90 सेंटीमीटर का फुटपाथ बना है। यह अनियमितता मात्र दो सौ मीटर में पाई गई है। बाकी शेष कस्बे में पूरे मानक के साथ नाला फुटपाथ बनाया गया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा कल से, हर केन्द्र पर मजिस्ट्रेट

बोर्ड परीक्षाएं कराने को कार्मिकों की फौज तैयार, नकल रोकना विभाग के लिए होगी सबसे बड़ी चुनौती

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी यानि गुरुवार से शुरु हो रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को लेकर पूरी तैयारियां किए जाने का दावा किया जा रहा है। जिले में 10 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। जिनमें नकल रोकना विभाग के लिए चुनौती साबित हो सकती है। मंगलवार को डीआईओएस कार्यालय में परिचय पत्र लेने से लेकर विभिन्न शंकाओं का समाधान कराने के लिए शिक्षकों की मौजूदगी रही।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षाएं दो पालियों में कराई जाएंगी। परीक्षा कराने के लिए कार्मिकों की फौज तैयार की गई है। वहीं नकल पर अंकुश लगाने के लिए स्टेटिक, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा सचल दल एवं आंतरिक सचल दल तैनात कर दिए गए हैं। किसी भी हाल में परीक्षा का नकल विहीन कराने के लिए प्रशासनिक अमला भी लगातार मानिटरिंग कर रहा है।

कंट्रोल रूम परीक्षा में रखेगा नजर : माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा के लिए राजकीय इंटर कालेज में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। परीक्षा 22 फरवरी से शुरु होकर नौ मार्च तक चलेंगी। कंट्रोल रूम प्रभारी प्रथम व द्वितीय के प्रभारी सहायकों को परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं। वे केंद्र व्यवस्थापकों से संपर्क स्थापित करके सूचनाओं को समय से परिषद कार्यालय, संयुक्त सिक्षा अधिकारी, विभागीय उच्चाधिकारियों व डीआईओएस को भेजेंगे। प्रथम पाली प्रभारी सुबह छह से दोपहर तीन बजे तक व द्वितीय पाली प्रभारी दोपहर तीन से रात 12 बजे तक कंट्रोल रूम में रहेंगे। छात्र व छात्राओं की उपस्थिति, अनुपस्थिति परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे के अंदर प्राप्त करेंगे।

स्ट्रांग रूम से केन्द्र के लिए भेजे गए प्रश्नपत्र।

नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए तैयारी पूरी हो चुकी हैं। मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केन्द्र कनेक्ट हो चुके हैं। बोर्ड परीक्षाओं को हर हाल में नकल विहीन सम्पन्न कराया जाएगा।

–शिवपूजन द्विवेदी, डीआईओएस

ये हैं संवेदनशील परीक्षा केन्द्र

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने पूरे जिले में 10 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा है। जिसमें सदर तहसील क्षेत्र में 04, खागा तहसील क्षेत्र में 04 तथा बिंदकी तहसील क्षेत्र में 02 विद्यालय शामिल हैं। जिनमें विभाग की खास निगाह रहेगी। यहां पर नकल की सम्भावना को लेकर प्रशासन भी एलर्ट है।

कड़ी सुरक्षा के बीच केन्द्रों में पहुंचे प्रश्नपत्र

यूपी बोर्ड की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हो रही है। इसके लिए सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों पर भेजे गए। परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक ने इन प्रश्नपत्रों को प्राप्त किया। बोर्ड परीक्षा के लिए कापियों की पहले से ही परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जा रहा है। यूपी बोर्ड की परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब दो दिन बाद परीक्षाएं शुरु हो जाएंगी। 117 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यूपी बोर्ड की परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी चेक हो रहे हैं। सभी परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में कराई जाएंगी।

परीक्षार्थियों पर एक नजर

इंटरमीडियट के परीक्षार्थी	29449
हाईस्कूल के परीक्षार्थी	38182
कुल परीक्षार्थी	67631

कार्मिकों की तादाद

केन्द्र व्यवस्थापक	117
वाहय केन्द्र व्यवस्थापक	117
परीक्षा प्रभारी	234
कक्ष निरीक्षक माध्यमिक	3275
कक्ष निरीक्षक बेसिक	903
कुल कक्ष निरीक्षक	4178

ये टीमें नकल पर लगाएंगी अंकुश

स्टेटिक मजिस्ट्रेट	117
सेक्टर मजिस्ट्रेट	11
नोडल मजिस्ट्रेट	03
आंतरिक सचल दल	351
सचल दल	30

460 स्थानों पर युवा मोर्चा लगाएगा युवा चौपाल

फतेहपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आगामी कार्यक्रम युवा चौपाल को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन पार्टी कार्यालय में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री अमित बाथम रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा मधुराज विश्वकर्मा ने की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री ऐश्वर्य सिंह चंदेल ने किया।

बैठक में युवा चौपाल के लिए आगामी 21 व 22 फरवरी को मण्डल कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन 24 फरवरी से किया जाएगा। 25 फरवरी से 5 मार्च तक कार्यक्रम ग्राम पंचायत स्तर पर किया जायेगा। युवा चौपाल में 460 स्थानों में 46 हजार युवाओं तक सीधे संवाद किया जाएगा। मुख्य अतिथि अमित बाथम ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में 5 चौपाल सांसद तथा प्रत्येक मण्डल पांच चौपाल विधायक और दस स्थानों पर ब्लाक प्रमुख उपस्थिति रहेंगे। जिला पदाधिकारी और सभी मोर्चा के अध्यक्ष भी रहेंगे।

सार-संक्षेप

हर्षोल्लास के साथ मनाया मदरसे का वार्षिक उत्सव

बिंदकी फतेहपुर। नगर के मोहल्ला लंका रोड में स्थित मदरसा मांबा उल उलूम का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ऑफिसर बनने वाले बच्चों के सिर पर पगड़ी बांधकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। मुख्य वक्ता लखनऊ से आए मौलाना सोहेब नदवी ने बच्चों के सिर पर पगड़ी बांधी और बच्चों को उपहार भी वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना कारी अब्दुल वहीद ने की। वहीं बांदा से आए विशिष्ठ वक्ता मौलाना मसर्रत हुसैन ने कहा कि हम सब को ज्ञान जरूर हासिल करना चाहिए, क्योंकि कुरान का पहला संदेश भी ज्ञान को अर्जित करना ही है। उन्होंने कहा कि जब हम कुरान व हदीस के ज्ञानी बन जाएंगे। तो हम सच्चे इंसान और मुसलमान बन सकेंगे। मदरसे में आठ बच्चो ने सम्पूर्ण कुरान को याद किया। जिस पर उनका सम्मान किया गया। मौलाना अब्दुल वहीद, मौलाना तौफीक, कारी अलाउद्दीन, कारी नजीब, हाफिज नजीब, मारूफ खान आदि मौजूद रहे।

समस्याओं को लेकर भाकियू खफा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

खागा फतेहपुर। मंगलवार को नगर के डाक बंगला परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अगुवाई कर रहे जिलाध्यक्ष पप्पू सिंह, विनोद सिंह के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर कई विंदुओं पर विस्तार पूर्वक से चर्चा की गई। बाद में एसडीएम को एक ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निदान की मांग की। भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की अनेक समस्याओं को लेकर चर्चा की। जिनमें कई बिंदु शामिल रहे। ब्लाक विजयीपुर गांव भुरूई में पात्र को आपात्र कर गरीबों के साथ धांधली की गई। ग्राम सभा कुंदन ब्लाक हथगाम में शमसान घाट रास्ता को लेकर जिलाधिकारी के आदेश भी है, इस पर बीडीओ द्वारा अनसुनी की गई है। वहीं पल्लावां मजरे सरसौली में ज़मीन की पैमाइश के बाद आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसी तरह गढ़ा क्षेत्र के रग्घूपुर गांव निवासी सुनील कुमार ने पशु पालन के लिए सरौली बैंक ऑफ़ बडौदा से लोन लेने को लेकर दस्तावेज जमा किए थे, आज तक लोन भी नहीं मिला। बैठक के बाद खागा एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य को आठ सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। किसानों की समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करवाने के मांग की गई।

जूनियर अधिवक्ताओं ने की बैठक

फतेहपुर। खागा के सिविल कोर्ट परिसर सभागार में मंगलवार को यंग लायर्स ग्रुप के तहत जूनियर अधिवक्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर अधिवक्ताओं की समस्या व उनके समाधान पर चर्चा की गई व भविष्य की चुनौतियों के समाधान पर भी जूनियर अधिवक्ताओं के विचार व सुझाव लिए गए। अभय वर्मा, अतुल मिश्रा, अखिलेश अग्रहरि, दीपक कुमार तिवारी, गोविन्द तिवारी आदि रहे।

समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता थरियांव

अमृत विचार। तालाब और रास्ते पर दबंगों के द्वारा अतिक्रमण कर रास्ता बंद करने सहित तमाम समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट के ब्लाक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ के रीशु ठाकुर और राजेश शुक्ला के नेतृत्व में किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। नौबस्ता में धरना प्रदर्शन के दौरान नायब तहसील लक्ष्मी बाजपेई के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा।

धरना प्रदर्शन के दौरान किसान नेता रीशु ठाकुर ने कहा कि ग्राम सेमरईया में बने तालाब और रास्ते पर दबंग लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिसको तत्काल खाली कराया जाए। आम्बापुर से मंडा सराय तक जर्जर सड़क की मरम्मत कराया जाए। विकलांगजनों का प्रमाण पत्र जारी किया जाए। अन्ना मवेशियों को पकड़कर गौशाला में रखा जाए। नहर में पानी नही आ रहा इसलिए नहर में पानी छोड़ा जाए। गन्ना तौल के लिए किसानों को परेशान किया जा रहा है, जिससे किसान कई कई दिनों तक ट्रैक्टरों पर गन्ना लादकर तौल के इंतजार करता है। इस समस्या का तत्काल निदान किया जाए। ब्लाक अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार शिकायत करने के बाद भी किसानों के समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा। नायब तहसील ने एक सप्ताह के अंदर समस्या के निदान का भरोसा दिलाया है। किसानों ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर किसानों के समस्याओं का निदान होता है तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। शिवशंकर मौर्या, रामराज, सूरज लोधी, सौरभ सिंह, ज्ञानसिंह, अल्लारसिंह, राजाराम, रामभरोसे आदि रहे।

नायब तहसीलदार ने वार्ता कर किसानों को समझाया। अमृत विचार

मोबाइल मेडिकल यूनिट ने किया दवा का वितरण

औंग। नेशनल हाईवे स्थित कस्बे में द हंस फाउंडेशन की मोबाईल मेडिकल यूनिट ने आधार कार्ड तथा अन्य सरकारी परिचय पत्र पर मरीजों को दवाएं बांटी। मेडिकल यूनिट में डा रामेश्वर विश्वकर्मा, डा अदित्य पाण्डेय, डा गौरव कुमार, अजय कुमार, सूरज सिंह और दुर्गेश कुमार रहे।

फाउंडेशन के डा आदित्य पाण्डेय ने बताया कि करीब 35 से अधिक मरीजों को देखा गया। मरीजों को उनके रोग के अनुसार दवाएं उपलब्ध कराई गई। जिनमें अजय मिश्रा, रोहित, संजय मिश्रा, आशीष तिवारी, अजय कुमार, उत्कर्ष गुप्ता, कविता तिवारी, राजेश कुमार, देवेन्द्र, राखी मिश्रा, मनोज कुमार, सत्येन्द्र पटेल, पूजा तिवारी ने रक्त जांच करा कर निशुल्क उपचार कराकर दवाओं का लाभ लिया।

शिक्षा क्षेत्र में दोसर वैश्य समाज को आगे आना होगा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दोसर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष का शहर हुआ आगमन
- जिला कार्यकारिणी ने अध्यक्ष का किया जोरदारी के साथ स्वागत

अमृत विचार। शिक्षा एवं राजनीतिक क्षेत्र में दोसर वैश्य समाज को आगे आना होगा। यह बातें मंगलवार को शहर आए भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने स्वजातीय बैठक में कही।

भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की एक बैठक प्रदेश महिला इकाई के प्रदेश महामंत्री सुनीता गुप्ता एडवोकेट के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि जो समाज शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता है। वही समाज तरक्की करता है, उन्होंने कहा कि दोसर वैश्य समाज को अपने बच्चे एवं बच्चियों को शिक्षित करने के लिए जो भी प्रयास करने पड़े उनको करते हुए बच्चों को समाज की धारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में भी समाज की सहभागिता होनी चाहिए। राजनीति हर ताले की चाबी है। इसलिए प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति अवश्य ही राजनीति से जुड़ा होना चाहिए।

बैठक में अतिथि के रूप में उपस्थित महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठित समाज ही समाज को सही दिशा प्रदान करता है। संगठन के माध्यम से सभी दोसर वैश्य समाज को जोड़ने की आवश्यकता है। जिससे समाज एक वट वृक्ष की तरह हो सके। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एक अभियान चला कर स्वजातीय परिवारों की जनगणना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश महिला इकाई की प्रदेश महामंत्री ने कहा कि संगठन में मातृ शक्तियों का विशेष योगदान रहता है। जिसके लिए उनको भी संगठित करने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रदेश में दोसर वैश्य बाहुल्य जनपदों में मातृ शक्तियों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाएगा। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहाकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी संगठित होकर संगठन को मजबूत करेंगे। इस मौके पर सतीश गुप्त, नरेंद्र गुप्त, आनंद, अजय गुप्त, अशोक गुप्त, संतोष गुप्त, भारत गुप्त, सुनील गुप्त, रंजन गुप्ता, अरुण गुप्ता, सौनक गुप्त, कुंज बिहारी गुप्त, प्रदीप गुप्त, सुधीर गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित समाज के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

अध्यक्ष का स्वागत करते वैश्य समाज के लोग। अमृत विचार

बिगड़ा मौसम | दिन में तेज धूप से गर्मी का अहसास, सड़कों पर दिखने लगा था सन्नाटा

बारिश के साथ ओले गिरने से सहमें किसान

ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश।

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। कई दिनों से निकल रही तेज धूप के बाद चक्रवाती हवाओं की वजह से मौसम ने फिर से करवट बदल दी। पूरे दिन कड़ी धूप निकलने के बाद मंगलवार की शाम शहर समेत पूरे ज़िले में आंधी और बारिश शुरू हो गई। कहीं-कहीं ओले गिरने की सूचना है।

मौसम विभाग के अनुसार शहर में इसका असर मंगलवार की शाम से देखने को मिला। आसमान में बदली छा गई। तेज आंधी के साथ बारिश होने लगी तो जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम बदलने से दिन और रात के तापमान में कमी आ सकती है। इस बीच हवा की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटा तक रही। मौसम में यह बदलाव 22 फरवरी तक बना रह सकता है। 23 फरवरी से मौसम फिर से खुल जाएगा। इस बीच मंगलवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस बढ़कर 26 डिग्री रहा, जो इस सीजन का सर्वाधिक पारा था, न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा। लेकिन बारिश और आंधी के साथ हुई ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज हुई। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार इसी तरह अगले दिन भी ऐसे हालत रह सकते हैं।

ओले से फसलों को होगा नुकसान

कृषि अधिकारी ने बताया कि कम बारिश से वैसे तो गेहूं और रबी की अन्य फसलों को फायदा हो सकता है। लेकिन तेज हवा और ओला गिरने से नुकसान हो सकता है। किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कहा गया कि अभी फसलों में सिंचाई न करें। ऐसा करने से तेज हवा में फसलें गिर सकती हैं।

- शाम पहर मौसम ने ली करवट, आंधी के साथ कई स्थानों में हुई बारिश

अगले पांच दिनों का संभावित तापमान

दिन	अधिकतम	न्यूनतम
मंगलवार	26 डिग्री	16 डिग्री
बुधवार	26 डिग्री	15 डिग्री
गुरुवार	23 डिग्री	10 डिग्री
शुक्रवार	23 डिग्री	09 डिग्री
शनिवार	24 डिग्री	13 डिग्री

आढ़ती ने तीन लाख रुपये के आलू हड़पे, रिपोर्ट

फतेहपुर। एक किसान का तीन लाख कीमत का आलू आढ़ती ने हड़प लिए और रुपये मांगने पर गाली गलौज की। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो किसान ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आढ़ती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

थरियांव थाना क्षेत्र के बरई खुर्द निवासी सतीश चंद्र गुप्ता किसान है। किसान ने हुसैनगंज थाने के लालीपुर निवासी पंकज कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। किसान का आरोप है कि उसकी 2022 में 545 बोरी सफेद व 244 बोरी लाल आलू रस्तोगी कोल्ड स्टोर में रखा था। आलू का सौदा देवांश पंकज एंड कंपनी के आढ़त संचालक पंकज कुमार ने किया था। कुल सात लाख 16 हजार 832 रुपये में सौदा हुआ था।

शब-ए-रात की रात बेशुमार गुनहगारों की होती मगफीरत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शब-ए-रात के माने नजात पाने की रात है। इस रात में बेशुमार गुनहगारों कीं मगफीरत की जाती है। इस लिए इस शब को शब-ए-रात कहा जाता है। काज़ी शहर कारी फरीदउद्दीन कादरी ने कहा कि इस रात साल भर में होने वाले तमाम दुनिया के काम उरूजो जवाल, मौत और जिन्दगी, फराखी व तंगी और सारे सेक्टर की फेहरिस्त तैयार कर के फरिश्तों के सुपुर्द कर दी जाती है।

इस रात में दिन डूबने के बाद से ही अल्लाह ताला अपनी बे-पनाह रहमते दुनिया वालों पर नाजील फरमाता है और बेशुमार लोगों को अपने फजले खास से बक्श देता है। शब-ए-रात में इबादत का अजरो सवाब आम रातो कीं बनिस्बत बहुत ज्यादा है लेकिन इस रात में नई पीढ़ी के नौजवान गुनाहों से तौबा करने और अपनी किस्मत सवारने के बजाए एक बाइक पर तीन लोग सवार हो कर सड़कों पर हुड़दंग करते हुए करतब बाजी करते हैं, ऐसे ग़लत कामों से बचे और ट्रैफिक उसूलों कीं खिलाफ वर्जी ना करें।

काज़ी शहर कादरी ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोगों को चाहिए कि इस फजिलत वाली रात में इबादत कर के अल्लाह को राजी करें, पता नहीं आने वाले साल में ये रात हम सब को नसीब होती है कि नहीं। उन्होंने सभी धर्म के लोगों से अपील किया कि ये शहर गंगा जमुनी तहजीब की बुनियाद पर हमेशा चर्चा में रहा है। यहां के लोग सभी त्योहारों को आपसी भाई चारा के साथ मनाते हैं, जिसकी तारीफ जनपद में ही नहीं ब्लकि पूरे सूबे में की जाती है, लिहाजा शबे बरात के मौके पर अमनो शान्ति बरकरार रखते हुए त्योहार को मनाएं। शब-ए-रात का त्योहार आगामी 25 फरवरी बरोज़ इतवार को मनाया जाएगा।

फरीदउद्दीन कादरी।

- 25 फरवरी बरोज़ इतवार को मनाई जाएगी शब-ए-रात
- काजी शहर ने पर्व का बताया विस्तार से महत्व

सपा-कांग्रेस में उलझन के बीच बढ़ रही 'मोदी की गारंटी'

इरा अवस्थी, कन्नौज

- कहीं स्वामीप्रसाद का बखेड़ा तो वहीं पार्टी में भी असंतोष
- कन्नौज में भाजपा के साथ समाजवादियों में भी हैं मनभेद

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 'गारंटी' के साथ ही धर्म ध्वजा थामकर पूरे देश में चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। हर सभा और आयोजन में 400 पार का नारा देते हुए उपलब्धियां गिना रहे हैं। उधर, राजग का मुकाबला करने के लिए तैयार हुआ आईएनडीआईए गठबंधन रण में उतरने से पहले ही बिखराव की स्थिति में पहुंच चुका है। इधर, सपा और कांग्रेस में बात नहीं बनती दिख रही है तो सपा के अपने भी मुश्किलें बढ़ाने में लगे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद पद के बाद अब विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा दे चुके हैं। अगर बात कन्नौज के परिप्रेक्ष्य में करें तो यहां से स्वयं सपा अध्यक्ष के ही मैदान मंए कूदने की खबर है और यहां भी पार्टी में असंतोष है।

लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट धीरे-धीरे तेज हो चली है। इस बार का रण भीषण होने के आसार जताए जा रहे हैं। भले ही चुनाव का एलान आयोग की तरफ से नहीं किया गया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नीति निर्धारक इस रणक्षेत्र को सजाने के साथ मैदान में सभी 'अस्त्र-शस्त्रों' के साथ उतर चुके हैं। तभी तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'गारंटी' के साथ ही धर्म ध्वजा थामे आगे बढ़कर अगली सरकार बनाने को कृतसंकल्प नजर आ रहे हैं।

पिछले दिनों रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ उन्होंने हिंदुओं के अंतर्मन पर कब्जा करने का पूरा प्रयास किया है। इसके बाद यह यात्रा अबूधाबी पहुंची और फिर संभल के कल्कि धाम से होते हुए मंजिल की तरफ बढ़ रही है। मंगलवार को जम्मू में आयोजित जनसभा में भी मोदी ने जोरदारी से भाजपा को 370 तो राजग को 400 से अधिक सीटें जिताने का आह्वान किया। वे अपने संबोधन में बार-बार अपनी उपलब्धियां गिनाते नजर आए कि कैसे हिम्मत के साथ अनुच्छेद 370 को खत्म किया, तीन तलाक की कुरीति पर लगाम लगाई, बरसों बरस के इंतजार के बाद आखिरकार मंदिर निर्माण के साथ रामलला की स्थापना कराई। उन्होंने अपने संबोधन में बार-बार योजनाओं के लाभ को लेकर 'ये मोदी की गारंटी है' शब्दों का प्रयोग कर लोगों का भरोसा जीतने का प्रयास किया। स्पष्ट है कि मोदी ने चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। इधर, वे अपनी धर्मनीति से दो दर्जन दलों को मिलाकर बने आईएनडीआईए गठबंधन को खड़े होने से पहले ही ढेर करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में 'भारत रत्न' के दांव से उन्होंने गठबंधन की चूलें हिला दीं। अब कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी की बात बनती नजर नहीं आ रही। ऐसे में माना जा रहा है कि सपा अकेले ही चुनाव मैदान में डट सकती है।

कई सीटों पर सपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव प्रत्याशियों की घोषणा कर भी चुके हैं। उनकी खुद की प्रत्याशिता की बात करें तो माना जा रहा है कि कन्नौज से ही लड़ेंगे। इसको लेकर हाल ही में कन्नौज पहुंचने पर वे स्पष्ट संकेत यह कहकर दे चुके हैं कि 'कन्नौज, अपने घर से भी चुनाव लड़ने की घोषणा करनी पड़ेगी?' इन सबके बीच कई बार हिंदू धर्म-देवी देवताओं पर विवादित बयान देकर चर्चा में आते रहे तत्कालीन सपा महासचिव स्वामीप्रसाद पद के साथ ही विधान परिषद की सदस्यता व पार्टी भी छोड़ चुके हैं। अब तो उन्होंने अखिलेश के साथ ही रामगोपाल यादव को भी खरी-खरी सुना दी। पार्टी के अन्य वफादार भी अखिलेश पर पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाकर अलग राग अलाप रहे हैं। इससे सपा की भी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रहीं हैं। गठबंधन का बिखराव सत्तारूढ़ दल को सांस तो दे रहा है लेकिन कन्नौज में भाजपा के दो गुट सक्रिय हैं।

इनकी गुटबाजी जारी रही तो 'कमल' को नुकसान उठाना पड़ सकता है जिसका फायदा विरोधी दल ले सकते हैं। यह फायदा वोट लेने नहीं बल्कि काटने से हो सकता है। हालांकि सपा की राह भी बहुत आसान नहीं होने वाली है। यह बात अलग है कि वक्त की जरूरत को देखकर असंतुष्टों जिनके पास बड़ी संख्या में सपा का बुनियादी यादव' वोटबैंक 'है को मना लिया जाए। ऐसा हो जाता है तो सत्तारूढ़ दल की जोरदार टक्कर सपा के साथ होना तय है। यद्यपि प्रत्याशिता तय होने के बाद ही कुछ स्पष्ट तस्वीर खींची जा सकेगी।

एक नजर

आवारा कुत्तों के हमले से किशोर घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। कस्बा समधन के मोहल्ला महल निवासी गुड्डू के पुत्र अनमोल (15) का कहना है कि वह मंगलवार की दोपहर रजलामऊ रोड़ स्थित खेत के पास खेल रहा था। तभी कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। किसी तरह वहां से भागकर उसने जान बचाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी आवारा कुत्तों के हमले से लोग घायल हो चुके हैं।

खाना बना रही महिला चूल्हे की चिंगारी से झुलसी

तालग्राम, कन्नौज। मंगलवार को ग्राम रौसापुर निवासी विनोद कुमार की पत्नी राधा देवी चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी चूल्हे की चिंगारी से उसकी साड़ी में आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर महिला घायल हो गई। परिजनों ने घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

प्रधान व उसके परिजनों से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम सियरमऊ निवासी सोनू सिंह का कहना है कि गांव के अंकित कुमार, अवधेश, प्रमोद व सुंदरम ने 12 फरवरी की दोपहर लगभग 12 बजे उसके दरवाजे पर आकर जाति सूचक गाली दी। मना करने पर उसे व बीच बचाव में आई मां सुशीला देवी, ताऊ राम अवतार को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दो युवकों पर शांतिभंग की कार्रवाई हुई

तालग्राम, कन्नौज। थाना प्रभारी देवेश कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक संतोष कुमार ने मंगलवार को ग्राम रनवा निवासी आशीष व सतीश पर आपसी विवाद में शांतिभंग की आशंका पर गिरफ्तार कर लिया। दोनो युवकों के विरुद्ध पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है।

पुरानी रंजिश को लेकर रास्ता घेरकर की मारपीट

तिर्वा। बाजार से घर जा रहे युवक का रास्ता रोककर दंवगो ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली के रूपपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार पुत्र गंगाविष्णु ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि 19 फरवरी की शाम को वह तिर्वा से घर जा रहा था। मकरन्दापुर गांव के पास गांव के निवासी आकाश, अशोक, अमन, कमलेश मिले और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे जब विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

100 परीक्षा केंद्रों में एक दर्जन संवेदनशील, रहेगा कड़ा पहरा

डीआईओएस ने जारी की संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की सूची

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- परीक्षा केंद्रों के बाहर भी लगाए गए कैमरे, भारी मात्रा में तैनात रहेगा पुलिस बल
- संवेदनशील केंद्रों में एसपी से अतिरिक्त पुलिस बल लगाने की मांग

अमृत विचार। माध्यमिक बोर्ड परीक्षा के लिए इस बार 100 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 12 केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन परीक्षा केंद्रों के बाहर भी कैमरे लगवाए गए हैं और यहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने जिले के 12 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षा केंद्रों पर सख्ती रहेगी तथा कड़ी निगरानी की जाएगी। इन केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट व बाह्य केंद्र व्यवस्था को नियुक्त किया गया है। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए प्रत्येक ब्लाक में उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है, जो परीक्षा केंद्रों पर छापा मारकर तलाशी लेंगीं। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों में दो सहायता प्राप्त और 10 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय शामिल किए गए हैं।

जिले के संवेदनशील परीक्षा केंद्र

परीक्षा केंद्र का नाम	ब्लॉक
मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज	तालग्राम
जनता इंटर कॉलेज, सिमरिया	उमर्दा
श्री जगवीर सिंह आदर्श जनता इंटर कॉलेज, बेहटारामपुर	सौरिख
स्व. बांकेलाल इंटर कॉलेज, नथापुरवा	कन्नौज
गोविंद माधव सेवा समिति उ. मा. विद्यालय, गुलरियनपुरवा	गुगरापुर
श्री देव दरबार आश्रम धन्ना सिंह इंटर कॉलेज, करीमपुर	गुगरापुर
चौ. विजयइंद्र सिंह इंटर कॉलेज गुरसहायगंज	तालग्राम
चौधरी छोटेलाल इंटर कॉलेज, कसावा	छिबरामऊ
श्री कल्याण सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज, रसूलाबाद	तालग्राम
कैलाशवती स्मारक इंटर कॉलेज, रामपुर सिमरिया	उमर्दा
सुखवासी लाल इंटर कॉलेज, हजरतपुर	सौरिख
चौ. बनवारीलाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, हसेरन	हसेरन

दुर्घटनाओं में पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत

संवाददाता, सौरिख-कन्नौज

- सौरिख थाना क्षेत्र में हुए दोनों सड़क हादसे

अमृत विचार। अलग-अलग दुर्घटनाओं में पूर्व प्रधान समेत दो लोगों की मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र की गांव कटिघरा निवासी पूर्व प्रधान चंद्रशेखर पुत्र बाबूलाल (58) जनपद इटावा के जसवंतनगर में एक राइस मिल में ठेकेदारी करते थे मंगलवार सुबह वह मिल के बाहर निकले और रोड पर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को मिनी पीजीआई सैफई भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान चंद्रशेखर की मौत हो गई। मृतक की पत्नी गीता देवी प्रधान है। शव गांव पहुंचते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। वहीं आसपास क्षेत्र के लोगों का तांता लग गया।

दूसरी घटना में पशु से टकराने पर बाइक सवार फौजी की जान गई। थाना क्षेत्र के ग्राम गुदानी निवासी ब्रजेश कुमार उर्फ टिंकू पुत्र रामेश्वर दयाल बुलंदशहर में तैनात थे। 12 फरवरी सोमवार को साथियों के साथ बाइक से गाजियाबाद एनसीसी के छात्रों को ट्रेनिग देने गए थे। वहां से लौटते समय सड़क पर घूम रहे पशु से बाइक टकरा गई। इससे गंभीर रूप से घायल हो गए और आर्मी हॉस्पिटल दिल्ली में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जीटी रोड बाईपास पर दो कारें भिड़ीं, चार घायल

कन्नौज। जिला अस्पताल के पीछे जीटी रोड बाईपास पर दो कारों के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इससे एक कार पर सवार चार लोग घायल हो गये। उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कस्बा छिबरामऊ निवासी राम बाबू कार से मरीज को कानपुर दवा दिलाने जा रहा था। जैसे ही वह सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव वलही के पास जीटा रोड बाईपास पर पहुंचा। उसी समय गलत साइड से आ रही कार ने उसकी कार में जोर से टक्कर मार दी। दुर्घटना में संदीप, सीलू व वह खुद के अलावा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गये। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। जीटी रोड पर जाम लग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कारों को हटवा कर रास्ता साफ कराया।

बंद मकान से लाखों ले उड़े चोर

तिर्वा, कन्नौज। बंद घर में घुसे चोरों ने नगदी समेत लाखों का माल समेट लिया और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

कोतवाली के बहादुरपुर गांव निवासी धर्मपाल पुत्र ग्रीशचंद्र अपने परिवार के साथ 18 फरवरी को रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में घर पर ताला लगाकर गए थे। मंगलवार की सुबह गृहस्वामी अपने परिवार के साथ आ गया। जब उसने घर का दरवाजा खोला तो घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जेवरात व नगदी चोरी हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान का निरीक्षण कर पीड़ित से जानकारी ली। धर्मपाल की पत्नी मिथलेश ने अपने ही पड़ोसी चार लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वे लोग कई बार चोरी का प्रयास कर चुके है। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सेमिनार में चार ने लिया देहदान का संकल्प

सेमिनार में दीप जलाते शेषनारायण त्रिवेदी, प्राचार्य सीपी पाल, मनोज सेंगर आदि।

मेडिकल कॉलेज में आहूत सेमिनार में उपस्थित लोग। अमृत विचार

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में युग दधीचि देहदान संस्थान का आयोजन

अमृत विचार। देहदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए युग दधीचि देहदान संस्थान के बैनर तले सेमिनार का आयोजन किया गया। मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में चार लोगों ने निधन के बाद देहदान का संकल्प लिया।

सेमिनार के मुख्य अतिथि रहे संस्थान के संरक्षक पं. शेष नरायन त्रिवेदी समेत प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्थान के संचालक मनोज सेंगर व उनकी पत्नी माधवी सेंगर ने बताया कि वर्ष 2003 में परिवार के सात लोगों ने देहदान की शपथ लेकर अभियान की शुरुआत की थी। अभी तक प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज मे 272 मृत देह दान करा चुके हैं। साथ ही 3500 से अधिक लोगों ने शरीर दान का संकल्प भी लिया है। उन्होंने बताया कि जीवित रहते तो व्यक्ति दूसरो के काम आता है पर मृत्यु के बाद लोग शव को नष्ट कर देते हैं। ऐसे बनो कि जीवित के साथ मृत्यु के बाद भी काम आओ। दान की हुई देह से जो छात्र डॉक्टरी की शिक्षा ले रहे वह मानव शरीर का अध्ययन कर पाते हैं। सेमिनार में जागरूक दंपति समेत तीन लोगों ने देहदान का आवेदन फार्म भरकर शपथ ली। इनमें डॉ. अमरनाथ दुबे, श्रीमती रमाकांति, राजेश गुप्ता एवम श्रीमती प्रभा गुप्ता शामिल रहीं। पं. विनय दुबे 'दीपक' मानीमऊ, एवम पं. त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी को अभियान का स्थानीय संरक्षक घोषित कर सम्मानित किया गया।

सहूलियत | बोर्ड परीक्षा के दौरान काउंसिलिंग को लेकर नियुक्त किए गए चिकित्सक

मनोचिकित्सक दूर करेंगे परीक्षार्थियों की उलझन

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों में तनाव, अवसाद, उदासीनता, व्यवहार में उग्रता की स्थिति में घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन ने मनोचिकित्सकों की तैनाती है, जो परीक्षार्थियों की उलझन सुलझाएंगे। परीक्षार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को टेली-मनोचिकित्सा एवं परामर्श की सुविधा प्रदान की गई है, जिनसे निर्धारित समय पर काउंसिलिंग कराई जा सकती है।

माध्यमिक बोर्ड परीक्षा कल से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा के समय कई परीक्षार्थी तनावग्रस्त हो जाते हैं, जिससे पेपर खराब या फेल होने के डर से आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लेते हैं। प्रदेश सरकार ने बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के अवसाद (डिप्रेशन) को दूर करने के लिए जिलों में मनोचिकित्सकों की तैनाती की है, जिनसे निर्धारित समयावधि में परामर्श लिया जा सकता है। सरकार ने टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 18005914416 या 14416 जारी किया है। इसके अलावा जिले में टेली-मनोचिकित्सा व टेली परामर्श डिजिटल कार्यक्रमों को भी संचालित किया गया है। इसके लिए जनपद में पांच मनोचिकित्सकों को नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के मानसिक तनाव व अवसाद को दूर करने में मदद करेंगे।

"अक्सर बोर्ड परीक्षा से पहले परीक्षार्थी मानसिक रूप से तनाव या अवसादग्रस्त हो जाते हैं। इसके लिए शासन के निर्देश पर जिले में पांच मनोचिकित्सकों को नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव को दूर करने में मदद करेंगे। अभिभावक या परीक्षार्थी निर्धारित समयावधि में उनसे टेली-परामर्श कर सकते हैं।

-डॉ. पूरन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक

इन चिकित्सकों से करिए परामर्श

चिकित्सक	पदनाम	मोबाइल नंबर	परामर्श समय
डॉ. गंगाराय यादव	एमडी मनोरोग विशेषज्ञ	9454638403	बुधवार (2 से 3 बजे)
डॉ. ओपी गौतम	मनोरोग विशेषज्ञ	9935095510	प्रतिदिन (4 से 5 बजे)
डॉ. सृष्टि नंदा	साइकोलॉजिस्ट	7985790377	मंगलवार व गुरुवार (6 से 7 बजे)
निकिता तंवर	सायकेट्री सोशलवर्कर	7881171206	सोमवार व बुधवार (6 से 7 बजे)
अभिषेक कुमार	सायकेट्री काउंसलर	7906735656	शुक्रवार (दोपहर 12 से 1 बजे)

शिव तत्व का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रोता

जलालाबाद, कन्नौज। ब्लाक गुगरापुर के रामपुर भुढ़िया में चल रहे पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा व शिव तत्व काय्रक्रम में श्री 1008 महामंडलेश्वर विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने शिव तत्व पर प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि शिवद्रोही व्यक्ति राम जी को नहीं भाता है। शिव प्रत्येक व्यक्ति पर अपनी कृपा बनाए रखते हैं। उन्होंने भक्ति रूपी गंगा में गोता लगाने के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया। पंडित वृंदावन मेमोरियल विद्यालय पांडेपुरवा के प्रधानाचार्य पंकज पांडे ने महाराज का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस दौरान राजपाल सिंह, राहुल, बृजनंदन सिंह, रामसनेही, सुधीर आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बाल श्रमिकों को मुक्त कराते श्रम प्रवर्तन अधिकारी। अमृत विचार

चेकिंग कर चार बाल श्रमिक कराए मुक्त

छिबरामऊ, कन्नौज। बाल श्रम रोकथाम के लिए नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने चार बच्चों को श्रम मुक्त कराकर लोगों को बताया कि बच्चों से काम कराना अपराध है। मंगलवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद नेगी, एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह ने नगर के बस स्टैंड, पूर्वी बाईपास, पश्चिमी बाईपास मार्केट, फर्रुखाबाद चौराहा, होटल, ढाबो, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग की दुकानों एवं अन्य जगहों पर बाल श्रम रोकथाम एवं जगरुकता अभियान चलाया। टीम ने व्यापारियों से अनुरोध किया बच्चों से काम न कराएं। इससे उनका विकास रुकता और शिक्षा बाधित हो जाती है। वहीं दुकानदारों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया। टीम ने चार बच्चों को श्रम मुक्त कराया। इसके अलावा मेडिकल स्टोर संचालकों बच्चों को नशीली दवाइयां न देने की हिदायत दी।

महिला बंदियों से पूछताछ करतीं एडीजे लवली जायसवाल। अमृत विचार

बंदियो द्वारा बनाए गए उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी

जलालाबाद, कन्नौज। अपर जिला जज लवली जयसवाल ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इसमें बंदियों से स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी ली। पाकशाला का भी निरीक्षण किया। नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए पांच बंदियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होने 09 मार्च, 11 मई, 14 सितंबर एवं 14 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बंदियों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों की बिक्री हेतु जनपद न्यायालय कन्नौज में स्टॉल लगाये जाने के निर्देश दिए। दिव्यांग बंदियों को चिकित्सीय सुविधा व कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए 25 फरवरी को जिला कारागार में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक पीके त्रिपाठी, स्वयं सेवक राम कुमार गुप्ता, पराविधिक स्वयंसेवक नितिन सक्सेना, अनेश, सीमा बानो, जगदीश यादव, लिपिक विवेक कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

विदाई के दौरान शिक्षकों के साथ मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

परीक्षा में सफलता के लिए अनुशासन व संयम जरूरी

तेराजाकेट, कन्नौज। जीटी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कहा कि परीक्षा सहित जीवन में सफलता पाने के लिए अनुशासन व संयम बहुत जरूरी है। इससे पहले प्रधानाचार्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक मनमोहन सिंह ने निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से सफलता का मंत्र दिया। इस दौरान सरनाम सिंह, मो. हलीम, राशिद खान, रंजीत कुमार, ओमेन्द्र सिंह, फूल मोहम्मद, अमन यादव, ऊरूज आलम, श्रीमती अल्का दुबे, लक्ष्मी शर्मा, प्रभा सिन्हा, नाजरीन बानो, सलोनी, पुष्पा राजपूत, वैष्णवी पाल, शिवम पाल, रागिनी, दीपिका तिवारी आदि मौजूद रहीं।

न्याय यात्रा में शामिल होने निकले कांग्रेस पदाधिकारी

छिबरामऊ, कन्नौज। उत्तर प्रदेश में चल रही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए मंगलवार की रात नगर के कांग्रेस पदाधिकारी निकले हैं। नगर के पीसीसी सदस्य और प्रदेश महासचिव कांग्रेस (अल्पसंख्यक) संजय पौल साथी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पाँच गाड़ियों के साथ लखनऊ निकल गए। जाने से पहले उन्होंने बताया राहुल गाँधी बिजनोर रोड बंथरा लखनऊ में रात्रि विश्राम करेंगे। वहां वे सभी जिले की कांग्रेस के संबंध में विचार करेंगे और सुबह उन्नाव होते हुए कानपुर तक यात्रा में शामिल रहेंगे। यात्रा में शामिल होने वाले नेताओं में जिलाध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक शाकिर हुसैन, पीसीसी सदस्य ब्रजेन्द्र फौजी, प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल विनोद कुमार दुबे पप्पू, जिला महासचिव आदेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष कांग्रेस फर्रुखाबाद खालिद उस्मानी, जिलाध्यक्ष सेवादल रोहित त्रिवेदी, आरिफ मोहम्मद व वसी जान सहित कई लोग हैं।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू प्रधान के पदाधिकारी। अमृत विचार

भाकियू प्रधान संगठन ने किसानों की समस्याएं उठाईं

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के प्रदेश अध्यक्ष जदुनाथ प्रधान के नेतृत्व में तहसील पहुंचे संगठन के लोगों ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंप समाधान की मांग की। प्रमुख रूप से एमएसपी की गारन्टी का वायदा पूरा करने, लखीमपुर खीरी में मारे गए किसानों के परिजनों को उचित मुआवजा व परिवार के एक आदमी को सरकारी नौकरी देने, पिछले आन्दोलन में मारे गए 750 किसानों को शहीद का दर्जा, परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी व उचित मुआवजा, किसानों की खेती की बिजली मुफ्त और घरेलू बिजली में 50 प्रतिशत छूट समेत 11 मांगें रखी गईं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ चंद्रजीत यादव एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मोहित यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश सचिव अभिषेक दुबे, प्रदेश सचिव आलोक दीक्षित, जिलाध्यक्ष अभिषेक, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ सलीम, मण्डल अध्यक्ष कानपुर रवि, शुभम, उमेन्द्र, अंशुमन, शिवराम, विशाल, शिवदत्त सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

खेत जाने की बात कह कर निकला किसान लापता

सौरिख, कन्नौज। क्षेत्र के गांव नगला हंसे निवासी विमलेश कुमार पाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 18 फरवरी की रात लगभग 10 बजे पिता अवधेश पाल (60) खेत पर आलू की फसल की देखभाल के लिए गए थे। सुबह वे लोग खेत पर पहुंचे तो वह वहां नहीं थे। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लापता की खोजबीन प्रारंभ कर दी।

गर्मी में नहीं होगा बिजली संकट, ट्रांसमिशन क्षमता बढ़ेगी

मार्च तक 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर और रखा जाएगा, अघोषित कटौती से निजात दिलाने की तैयारी कर रहा विद्युत विभाग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। इस गर्मी लोगों को बिजली संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। मकरंदनगर ट्रांसमिशन की 40 एमवीए क्षमता मार्च तक बढ़ा दी जायेगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपकेंद्र के 10-10 एमवीए के ट्रांसफार्मर ट्रांसमिशन के अंदर से हटाये जायेंगें। इनके लिये पैनल तैयार कर दिये गये हैं। इनके हटते ही ट्रांसमिशन की क्षमता बढ़ाने के लिये 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर रख दिया जायेगा। इस कार्य के दौरान तीन से चार दिन बिजली का संकट हो सकता है।

गर्मी के मौसम में आधे जनपद के उपभोक्ताओं को बिजली संकट से जूझना पड़ता है। अब इस समस्या से निजात मिलने वाली है। करीब एक वर्ष से क्षमता वृद्धि के लिये ट्रांसमिशन सेंटर में रखा नया 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की बाधा समाप्त हो गई है। सेंटर में ही बने मकरंदनगर विद्युत उपकेंद्र के 10-10 एमवीए के ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने का काम पूरा कर दिया गया है। इनके हटने के बाद खाली स्थान पर 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर रख दिया जायेगा। क्षमता बढ़ाने का कार्य मार्च में पूरा होने की संभावना है। ट्रांसमिशन सेंटर में पहले से ही एक 40 व एक 60 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखे हैं। इसके बाद भी गर्मी के मौसम में यह दगा देते हैं। इनको बचाने के लिये विभाग को कटौती कर उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करनी पड़ रही थी। इसी को देखते हुए चार वर्ष से मकरंदनगर ट्रांसमिशन सेंटर की क्षमता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिये चार वर्षों में तीन ट्रांसफार्मर शासन से भेजे जा चुके हैं पर विभागीय लापरवाही के चलते लगाया नहीं जा सका। इससे ये 40 एमवीए के ट्रांसफार्मर वापस जाते रहे। जिस जनपद में ट्रांसफार्मर जल जाता वहीं इनको भेजकर लगाया जाता रहा। एक वर्ष पहले फिर से ट्रांसफार्मर आया था जिसे सर्दी के मौसम में लगाने की बात विभाग कह रहा था पर सर्दी निकल गई। अब गर्मी आने के बाद विभाग को ट्रांसफार्मर की सुध आई है। अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह का कहना है कि मार्च तक क्षमता बढ़ा दी जायेगी। पैनल बन कर तैयार हैं। तीन से पांच दिन बिजली संकट रहेगा। फिर भी काट-काट कर बिजली दी जाती रहेगी।

ट्रांसमिशन सेंटर में रखा नया 40 एमवीए का ट्रांसफार्मर।

ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के लिये तैयार किया गया पैनल।

उमर्दा में 10 एमवीए का लगेगा ट्रांसफार्मर

कन्नौज। उमर्दा में स्वीकृत विद्युत उपकेंद्र में पहले पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव दिया गया था। आबादी को देखते हुए पूर्व में स्वीकृत प्रस्ताव को रिवाइज किया जायेगा। यहां पर अब 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। यह उपकेंद्र तैयार हो जाने के बाद इंदरगढ़ व तिर्वा उपकेंद्रों का लोड कम होगा। इससे लोगों को बेहतर बिजली मिलेगी।

बछज्जापुर व कदरौली बांगर में उपकेंद्र का प्रस्ताव

कन्नौज। विद्युत उपकेंद्र जसपुरापुर व मकरंदनगर की ओवरलोडिंग को समाप्त करने के लिये अधिशाषी अभियंता ने नये उपकेंद्र बनाने के लिये बछज्जापुर व कदरौली बांगर का प्रस्ताव शासन को भेजा है। अभी तक बछज्जापुर क्षेत्र को जसपुरापुर व कदरौली बांगर क्षेत्र को मकरंदनगर उपकेंद्र से बिजली दी जा रही थी। इन दो उपकेंद्रों के निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद जिले के अधिकतर क्षेत्र में बिजली संकट से निजात मिल जायेगी।

अधिशाषी अभियंता कार्यालय के बाहर बैठे अली नगर गांव के लोग। अमृत विचार

बिल जमा करने के लिए रुपये लेकर नहीं दी रसीद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अलीनगर के ग्रामीणों ने सांसद व एक्सईएन से की शिकायत

अमृत विचार। कैंप लगा कर बकाया बिल की वसूली के बाद भी रसीद नहीं दी गई। अब कनेक्शन कटने पर पीड़ित ग्रामीणों ने मामले की शिकायत सांसद व अधिशाषी अभियंता विद्युत से की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीनगर निवासी नेत्र पाल सिंह, पंकज सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमित कुमार, महेंद्र सिंह, राधा कृष्ण, हरिश्चंद्र, सुग्रीव सिंह, सचिन सिंह, शिव सिंह, शनि सिंह, जितेंद्र सिंह, पतरौल सिंह, रघुवीर सिंह, ज्योति समेत कई किसानों के निजी नलकूप व घरेलू कनेक्शन बकाया पर काट दिये गये हैं। इससे खेत में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में बिजली विभाग की टीम ने कैंप लगा कर बकाया वसूली की थी। इस दौरान रुपये तो जेई व लाइनमैन ने ले लिये थे पर रसीद नहीं दी थी। कुछ का आरोप था कि लाइनमैन की मनमानी से 50 हजार बकाये पर निजी नलकूपों के कनेक्शन काट दिये गये जबकि अधिक बकाया वालों को छोड़ दिया गया। जो पैसा कैंप के दौरान लिया वह जेई व लाइनमैन ने रख लिया। अब बकाया दिखा कर कनेक्शन काट दिये हैं। एक्सईएन मगन सिंह का कहना है कि एक लाइनमैन ने एक किसान से रुपये लिये थे जिसे जमा नहीं किया था। रुपये वापस होंगे। संबंधित को हटा दिया गया है।

किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में पांच साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सुनाया निर्णय, 11 हजार रुपये लगाया अर्थदंड
- जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने के कोर्ट ने दिए आदेश

अमृत विचार। खेत में किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले युवक को कोर्ट ने पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। कोर्ट ने जुर्माने की आधी धनराशि को प्रतिकर के रूप में पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे व विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक सितंबर 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई था कि दोपहर में 12.30 बजे उनकी 13 वर्ष की बेटी स्कूल से बेटे को लेने जा रही थी। जब वह गांव के बाहर खेतों की तरफ पहुंची तो ग्राम बिजनौरा निवासी प्रदीप पुत्र श्रीकृष्ण ने उसे दबोच लिया और मक्का के खेत में ले गया। वहां उसने बेटी से दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी ने शोर मचाया तो उसके जेठ मौके पर पहुंच गए। इस पर आरोपी तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक अनोखे पुरी ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और 19 फरवरी 2018 को उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से पांच गवाह पेश किए गए। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश अलका यादव ने प्रदीप को दोष सिद्ध करते हुए दुष्कर्म के प्रयास में पांच साल का कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड, जान से मारने की धमकी देने पर दो साल की कैद व दो हजार जुर्माना व पॉक्सो एक्ट में चार साल का कारावास व चार हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि सभी सजा एक साथ चलेगीं, जिसमें जेल में बिताई अवधि को भी समायोजित किया जाएगा। अर्थदंड न देने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

दोष सिद्ध अपराधी प्रदीप।

समूह बनाकर गुणा व भाग की प्रक्रिया सिखाई

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- अमोलर, अनीभोज व मोहनपुर रतनपुर में हुई बैठक

अमृत विचार। न्याय पंचायत समधन देहात की मासिक संकुल स्तरीय बैठक मंगलवार को पीएस अनीभोज में हुई। इसमें एआरपी मलिखान सिंह, नोडल संकुल शिक्षक संजीव राजपूत ने बताया कि शिक्षक निपुण एप से बच्चों का नियमित आकलन करते रहे और विद्यालय को निपुण बनाएं। संकुल शिक्षक अभिषेक कुमार, रजनी राजपूत, अनीता सुधाकर तथा शशांक ने समूह बनाकर गुणा व भाग की प्रक्रिया के बारे में बताया।

न्याय पंचायत अमोलर की मासिक संकुल स्तरीय बैठक पीएस मझाई में की गई। बैठक की अध्यक्षता एआरपी सुदीप कुमार व संचालन नोडल संकुल शिक्षक वीरपाल कुशवाह ने किया। नोडल शिक्षक संकुल वीरपाल कुशवाह, संकुल शिक्षक बोधराज गौतम ने निपुण लक्ष्य याद करने की एक गतिविधि कराई। विवेक कुमार, अमित पाल ने शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचार पर प्रस्तुतिकरण, संदर्शिका, कार्यपुस्तिका पर चर्चा की। पीएस डिपारा शिक्षिका रंजना पाठक ने समुदाय सहभागिता बढ़ाने के लिए अनुभव साझा किए। इस दौरान शिक्षक संकुल अनुराग कुशवाह, गौरव कुमार, शिक्षक उपेंद्र कुमार, शिवकेश सिंह, स्वेता मिश्रा, दीपक राठौर, अमित कुमार, विवेक कुमार, शिशुपाल सिंह, अनीता, आकांक्षा आर्यन, अशोक कुमार आलोक कुमार, हरिवंश, रचना, नीतू कुमारी, राहुल, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार ब्लाक गुगरापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर रतनपुर में शिक्षक संकुल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एआरपी सुरेंद्र सिंह, शिक्षक संकुल विपिन माथुर, जदुनाथ, सुरेंद्र पाल, सुजीत, गणेश बाबू, रामबाबू, अनुपम, प्रियंका दिवाकर, राजीव सिंह, संदीप कुमार, कुलदीप आदि मौजूद रहे। समधन बैठक में शिक्षक प्रमोद कुमार यादव, मो. इमरान रहे।

मासिक संकुल स्तरीय बैठक में सुझाव देतीं शिक्षिका। अमृत विचार

दोस्त के साथ आए युवक की नदी में डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। दोस्त के साथ काली नदी के किनारे शराब पी रहा युवक काली नदी में नहाते समय डूब गया। लगभग तीन घंटे के बाद शव नदी से निकाला जा सका।

सदर कन्नौज की टौकी कुसुमखोर के ग्राम अमरौली निवासी राजीव जाटव (28) मंगलवार की दोपहर लगभग 03 बजे गांव के संतराम के साथ शराब पीने के बाद उसके घर आया। जहां संतराम और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया। इसके बाद दोनो काली नदी किनारे बैठ कर शराब पीते रहे। दोनों काली नदी में नहाने लगे। तभी राजीव नदी में डूब गया। मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे कोतवाल विष्णुकांत ने गोताखोर व ग्रामीणों की मदद से नदी में डूबे युवक की खोजबीन की। देर शाम लगभग 06 बजे राजीव का शव गांव से कुछ दूरी पर काली नदी से निकाला गया। बड़े भाई विनोद कुमार का कहना है कि राजीव व उसका दोस्त संतराम नदी किनारे शराब पी रहे थे। डूबने की सूचना उसे ग्रामीणों ने दी।

राजीव।

गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो | जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस

फरियादी की 'संतुष्टि' हो, तभी माना जाएगा 'समाधान' : डीएम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जब तक फरियादी की संतुष्टि नहीं होगी, तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। शिकायत का फर्जी निस्तारण करने पर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को यह बात सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कही। उन्होंने समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। सदर में 44 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें पांच का ही मौके पर निस्तारण हो सका। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। इस दौरान सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, एसडीएम सदर अविनाश गौतम, सीओ सिटी कमलेश कुमार, तहसीलदार रामशंकर आदि रहे।

- डीएम-एसपी समेत सभी अधिकारियों ने सदर तहसील में सुनीं शिकायतें

सदर तहसील में शिकायतें सुनते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद।

शिकायतें सुनते सीडीओ रामकृपाल चौधरी व एसडीएम उमाकांत तिवारी।

58 शिकायतों में एक का भी निस्तारण नहीं

तिर्वा, कन्नौज। मंगलवार तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान 58 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। उन्होंने एसडीएम अशोक कुमार को एक सप्ताह के अंदर सभी शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

81 शिकायतें आईं, 12 का मौके पर किया गया निस्तारण

छिबरामऊ, कन्नौज। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी व सीओ ओमकार नाथ शर्मा के पास 81 शिकायतें आईं। शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम का गठन कर मौके पर भेजी गई, जिसमें 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

सीडीओ ने सभी अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

निर्माणाधीन मकानों के ताले तोड़ चोरी

कन्नौज। पुरानी पुलिस लाइन रोड कांशीराम कालोनी के पीछे चोरों ने निर्माणाधीन चार मकानों व एक अन्य मकान का ताला तोड़ कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सुबह होने पर मकान मालिकों को जानकारी हुई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी पुलिस लाइन रोड पर राजू, अजहर, ह्रदय कुमार और प्रेमचन्द्र अपने मकानों का निर्माण करवा रहे हैं। पूरे दिन काम के बाद शाम को सभी मेन गेटों में ताले लगा कर घर चले जाते हैं। सोमवार की रात देर रात सभी घरों को जा चुके थे। राजमिस्त्री तसले, फावड़े और सरिया सहित घर बनाने के औजार रखकर भी चले गये थे। रात में किसी समय चोरों ने मकानों के गेट के ताले तोड़ने के बाद अंदर रखे बक्सों के ताले तोड़ कर सामान चोरी कर लिया। मंगलवार की सुबह जब मकान मालिक अपने निर्माणाधीन मकान देखने पहुंचे तो चोरी का पता चला। बक्सों में रखा सामान गायब था। इसके अलावा मकानों में रखी सरिया, तसला, फावडा, गैस सिलेंडर, चूल्हा चोरी हो चुके थे।

सार-संक्षेप

मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह को प्रतीक चिन्ह देते प्रधानाचार्य संजीव कुमार।

पांच कंपनियों ने 131 बेरोजगारों को दिया अवसर

कन्नौज। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा विकास क्षेत्र गुगरापुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने किया। ग्रामीण कौशल योजना के तहत 314 युवाओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें पांच कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 131 युवाओं का चयन कर उन्हें जॉब आफर किया। आईटीआई छिबरामऊ के प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाल ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। इस दौरान कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिक्षक अवनीश यादव को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

चित्रकूट में सम्मानित हुए तिर्वा के अवनीश

कन्नौज। शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का तीन दिवसीय कार्यक्रम अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट में 16,17,18 फरवरी को आयोजित किया गया। अपने सतत नवाचारी प्रयासों से विद्यालय को आनंद घर बनाने वाले उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों के 70 शिक्षकों का चयन किया गया। जनपद के तिर्वा निवासी एवं लखीमपुर जिले में कार्यरत शिक्षक अवनीश कुमार यादव को उनके उन्नत प्रयासों के कारण गिजुभाई बधेका शिक्षक सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सुधारक गोपाल भाई ने किया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि के रूप में पदमश्री उमाशंकर पांडेय, आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट कमलेश कमल, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के प्रदीप जायसवाल, डायट प्रवक्ता मनोज वार्ष्णेय, शिक्षाविद् बाबूलाल दीक्षित व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ईश्वरी सिन्हा व शिक्षिका आसिया फारूकी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत नसरापुर में सफाई करतीं छात्राएं। अमृत विचार

छात्राओं ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

कन्नौज। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पीएसएम डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने शहर के मोहल्ला नसरापुर में सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय में जाकर बच्चों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके बाद शिविर का समापन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रमेश सिंह ने बताया कि अगला शिविर 29 मार्च से छह मार्च तक लगाया जाएगा। इस मौके पर रेनू त्यागी, लक्ष्मी नारायण, प्रेम नारायण, पंकज राय, दिनेश कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

घायल युवक का अस्पताल में इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

जंपर जोड़ते समय करंट से झुलसा लाइनमैन

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम बंजारन डेरा के पास लगे एक ट्रांसफार्मर से जंपर जोड़ते समय करंट की चपेट में आकर ठेका लाइनमैन बुरी तरह झुलस गया। उससे कानपुर रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दीपकपुर निवासी राजेश पुत्र जगदीश सक्सेना बिजली विभाग में ठेका लाइनमैन है। मंगलवार को ग्राम बंजारन डेरा के पास लगे एक ट्रांसफार्मर के जंपर में फाल्ट की सूचना पर पहुंचा और जोड़ने लगा। तभी किसी प्रकार वह करंट की चपेट में आकर झुलस कर नीचे आ गिरा। घटना देख ग्रामीणों ने उसे आनन फानन सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां से तिर्वा मेडिकल कालेज और वहां से कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

सदर कोतवाली में बैरक निर्माण की जानकारी लेते एसपी अमित कुमार आनन्द।

पांच दिन में बैरक का निर्माण करें पूरा

कन्नौज। सदर कोतवाली में करीब 50 पुलिस जवानों को ठहराने के लिये तैयार हो रही बैरक का पांच दिन में निर्माण पूरा कर इसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया जायेगा। मंगलवार को एसपी अमित कुमार आनन्द दोपहर के समय सदर कोतवाली पहुंचे। यहां आरआई व पेशकार के साथ निर्माणाधीन पुलिस बैरक का निरीक्षण किया। निर्माण करा रहे ठेकेदार से बात कर पांच दिन में काम पूरा करने को कहा। उसने बताया कि पिंक शौचालय के निकट लगे सबमर्सिबल से सप्लाई दी जायेगी। इसके लिये पाइप लाइन फिट करा दी गई है। जैसे ही पिंक शौचालय का कार्य पूरा होगा वैसे ही कनेक्शन जोड़ दिया जायेगा। बताया जाता है कि पांच दिन में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद एसपी इसका उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर आरआई लाइन, कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी के अलावा कई अन्य लोग मौजूद रहे।

एक नजर

बालू पलटकर भाग रहे ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने पकड़ा

कायमगंज फर्रुखाबाद। पुलिस एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा तो वह बालू पलटकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। मंगलवार दोपहर थाना पुलिस ने कंपिल बाईपास मार्ग पर बालू मंफिया के ट्रैक्टर का पीछा किया। चालक ने बालू को सड़क पर ही पलट दिया। हालांकि पुलिस ने ट्रैक्टर को चालक सहित दबोच लिया। पुलिस उसे थाने ले आयी। जहां बालू माफिया ट्रैक्टर को छुड़ाने के लिए थाने पहुंच गए। एसओ दिलीप कुमार कचंन ने बताया दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में नूरपुर, नसरुल्लाहपुर, तलफी नगला, कारब, पहाड़पुर, निजामुद्दीनपुर, सिवारा, बिल्सड़ी, जिजौटा बुजुर्ग, बहलोलपुर, राईपुर चिनहटपुर आदि गांवों में अवैध खनन का काम जोरों पर है। नूरपुर में मचान से निगरानी की जाती है। जो खतरे की सूचना देता है।

मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग हुए घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी किशन का 15 वर्षीय पुत्र मिलन, नगर के मोहल्ला छपट्टी निवासी बबलू व सूरज घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगो ने सीएचसी में भर्ती कराया। बबलू को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मेला रामनगरिया : संतों ने शाही स्नान कर निकाली शोभा यात्रा

शोभा यात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर किया गया स्वागत, संतों ने तलवार से तरह-तरह के दिखाए करतब

शोभा यात्रा निकाल रहे सन्त महात्मा। अमृत विचार

तलवार से करतब दिखा रहा संत। अमृत विचार

शाही स्नान कर रहे संत महात्मा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में एकादशी के पर्व पर सन्तो ने चौथा शाही स्नान कर कई अखाड़ों के संतों ने मिलकर शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया ।इस मौके पर संतों ने तलवारबाजी के तरह-तरह के करतब दिखाएं। मेला रामनगरिया क्षेत्र में 2 किलोमीटर का परिक्रमा करती हुई शोभायात्रा सभी द्वारों से होती हुई फिर साधु क्षेत्र में पहुंची। जहां शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया । कल्प वाशियों ने संत महात्माओं को फूल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर शोभा यात्रा की अगुआई कर रहे बच्चा बाबा और बाबा बटेश्वर दास ने कहा कि पवित्र स्थान पर शोभा यात्रा निकालने से मानसिक शांति और आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है ।उन्होंने कहा कि इस पांचाल घाट की रज से बुद्धि शुद्ध होती है ।संतों का आभूषण ही भस्म होती है ।इसलिए वह शोभा यात्रा निकालकर अध्यात्म का अनूठा संदेश दे रहे हैं ।उन्होंने कहा कि इस शोभायात्रा को परिक्रमा भी कहा जाता है ।यह भागीरथी का परिक्रमा है। जिसे करने से वह अपने आपको अहोभाव महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर बच्चा बाबा ने कहा कि भागीरथी के पावन तट पर इस समय स्वर्ग उतरा हुआ है ।इस स्वर्ग में देवता विचरण कर रहे हैं। उनके चरण रज को माथे पर लगाने के लिए संत परिक्रमा कर रहे हैं। बच्चा बाबा ने कहा कि पांचाल घाट पर गंगा नहाने का बहुत ही बड़ा महत्व है। महा कवि संत तुलसीदास ने इस संबंध में कहा है कि मंजन फल पेखिय तत्काला। काक होई पिक वकुउ मराला। यहां गंगा स्नान करने से कौवा कोयल बन जाते हैं और बगला हंस बन जाते हैं। ऐसे पवित्र स्थान पर स्नान करने का ही महत्व तो है ही मंजन करने का भी बहुत बड़ा महत्व है । इसी बजह सन्त महात्माओ ने आज शोभा यात्रा निकाल कर शाही स्नान किया। शाही स्नान के समय सन्तो ने बेरिकेटिंग के अंदर रह कर गंगा में डुबकी लगाई ।पांडवों की इस तप स्थली पर इस समय राम की नगरी बसी हुई है। जिसे रामनगरिया के नाम से जाना जा रहा है। यहां लाखों कल्पवाशी भागीरथी के तट पर रहकर ध्यान साधना कर रहे हैं। इस दौरान सुरक्षा के कंड़े इंतजाम रहे। मेला प्रभारी सत्य प्रकाश दल बल के साथ शोभा यात्रा के साथ चलते रहे।

एकादशी पर किया गंगा स्नान

फर्रुखाबाद। माघ मास की एकादशी पर पांचाल घाट पर हजारों की संख्या में लोगों ने भागीरथी में डुबकी लगाई ।यहां उमड़ी गंगा भक्तो की भीड़ की बजह इटावा बरेली हाइवे पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि एसपी विकास कुमार ने गंगा स्नान को देखते हुए रूट डायवर्जन कर दिया था ।इसके बाद भी यहां कई घण्टे जाम लगा रहा। शमसाबाद के ढाई घाट,कम्पिल के अतेना घाट,श्रंगी रामपुर में भी गंगा भक्तो ने पहुंच कर स्नान दान किया।

वाहन खड़ा करने पर दो पक्षों में मारपीट

फर्रुखाबाद। थाना कमाल गंज क्षेत्र में विवाह समारोह में शामिल होने आए दो पक्षों में वाहन खड़ा करने को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर चिर्रा निवासी कृष्ण मोहन ने फतेहगढ़ के नगलादीना- न्यू सैनिक कालोनी निवासी सुनील कुमार, संजय कुमार व अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कहा कि रविवार रात करीब 8 बजे वह कार से मधुवन रिसोर्ट में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। वहां गाड़ी पार्क करते समय उसका विवाद आरोपियों से हो गया। आरोपी गाली-गलौज करने लगे। उसने विरोध किया। इस पर वह मारपीट करने लगे। लोगों ने बीच-बचाव किया। वह जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस के पास जाने पर मारने की धमकी दी।

थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। मामले की जांच की जा रही है।

ट्रेनिंग सर्टिफिकेट के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न

एडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने 11 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अमृत विचार। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने तहसील में एफएसएआई की ओर से खाद्य पदार्थो के व्यापारियों के लाईसेंस,रजिस्ट्रेशन व सैपलिंग में समस्याओं को लेकर 11 सूत्रीय ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौपा।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के आवाहन पर दर्जनों पदाधिकारियो ने तहसील पहुंच कर मुख्य खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम नई दिल्ली मुख्य कार्यकारी अधिकरी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सृजन कुमार को सौपा। व्यापारियों ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा सभी लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन को आजीवन किया जा रहा है। उन्होंने कहा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के लाइसेन्स व रजिस्ट्रेशन को आजीवन किया जाए। व्यापारी नेताओं ने कहा खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम विभाग द्वारा व्यापारियों की ट्रेनिंग के लिये कुछ प्राइवेट कम्पनियों को ठेका दिया गया है, जो सिर्फ पैसे लेकर सार्टीफिकेट जारी कर रहे है। उन प्राइवेट कम्पनियों के कर्मचारी अपने आप को सरकारी अधिकारी बताकर व्यापारियों का शोषण भी करते है। कोई भी टेक्निकल जानकारी ट्रेनिंग प्रोग्राम मे नही दी जा रही है। इसलिए व्यापारी उत्पीड़न का प्रतीक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट व्यवस्था को समाप्त करने के आदेश पारित करे। व्यापारी का सैम्पिल भरते समय एक शीशी एनएबीएल लैब को भेजे जाने की व्यवस्था एक्ट में की गई है। परन्तु अधिकृत एनएबीएल लैब की सूची उपलब्ध न होने के कारण व्यापारी सैम्पिल की जांच नहीं करा पाता है। इस बजह से व्यापारी का उत्पीड़न होता है। इसलिए लैब की सूची सार्वजनिक की जाए।

व्यापारी बोले सैम्पिल भरते समय स्टरलाइज सैम्पिल शीशियों का प्रयोग किया जाए। खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम में सैम्पिल फेल आने पर जुर्माने की सुनवाई के लिये प्रशासनिक अधिकारियों को अधिकार दिये गयें है। प्रशासनिक अधिकारी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की पूर्ण जानकारी नहीं होती है। अधिकांश मुकदमों मे अधिनियम की धारा-49 का लाभ खाद्यकारो- बार कर्ता को नहीं दिया जाता है। प्रशासनिक अधिकारी अनावश्यक रूप से अधिक जुर्माना लगा रहे है, जिससे अपील के मामले बढ़ रहे हैं।

लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएगी भाजपा

फर्रुखाबाद। आम जन मानस को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भाजपा 25 फरवरी से पांच मार्च तक लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाएगी। मंगलवार को इस संबंध में मोहल्ला खड़ियाई स्थित एक विद्यालय में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला महामंत्री डीएस राठौर ने प्रत्येक बूथ से 20 ले 40 लोगों से संपर्क करने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया।

कहा कि अभियान की प्रतिदिन की रिपोर्ट सरल पोर्टल पर अपलोड की जाए। अध्यक्षता कर रहे पश्चिम मंडल के नगर अध्यक्ष विकास पांडेय ने कहा कि यह अभियान सीधे केंद्रीय कार्यालय से क्रियान्वित हो रहा है।

वसूली कम होने पर सीई हुए खफा

कार्यालय फर्रुखाबाद

समीक्षा बैठक में मौजूद मुख्य अभियंता। अमृत विचार

- बिलिंग कंपलीट न मिलने व राजस्व वसूली कम देख जेई व बाबुओं को लताड़ा

अमृत विचार। कानपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ने सोमवार देर शाम बिजलीघर भोलेपुर में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारी व कर्मचारी की परफार्मेंस पर नाराजगी जताई। बिलिंग कंपलीट न होने व राजस्व वसूली कम देख उन्होंने अवर अभियंताओं और एसडीओ को फटकार लगाई। निर्देशित किया कि काम में सुधार लाएं।

सोमवार देर शाम बिजलीघर भोलेपुर में मुख्य अभियंता रामप्रकाश ने डिश कनेक्शन रजिस्टर चेक किए तो रीडिंग दर्ज नहीं थी। बिलिंग कंपलीट न मिलने पर उन्होंने बाबुओं को फटकार लगाई। अव्यवस्थाएं मिलने पर एसडीओ कमालगंज व जेई मासूम अली को फटकारा। राजस्व वसूली कम मिलने पर न्यू भोलेपुर उपकेंद्र के जेई राकेश प्रजापति की भी क्लास ली। उन्होंने कहा कि लाइन पर कार्य करते समय लाइनमैन शत-प्रतिशत सुरक्षा उपकरतों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि पावर परिवर्तक की सुरक्षा के लिए तकनीकि ज्ञान वाले कर्मचारियों को लगाएं। राजस्व वसूली बढाने के निर्देश दिए। चीफ इंजीनियर ने कहा कि निर्धारित मानक के तहत रेट बढाने से संविदा कर्मचारियों के मानदेय में कम से कम दस प्रतिशत वृद्धि होगी। अच्छा कार्य करने पर चीफ ने जेई अजीत राजपूत की सराहना की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता अजय कुमार, अधिशासी अभियंता शहरी बृजभान सिंह, ग्रामीण सुरेंद्र कुमार आदि रहे।

बोर्ड परीक्षा के लिए सचल दलों का किया गया गठन

संवाददाता फर्रुखाबाद

- प्रमुख सचिव ने ऑनलाइन बैठक में नकलविहीन परीक्षा पर दिया जोर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) 2024 परीक्षा की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। मंगलवार को सचल दल का गठन भी कर दिया गया। वहीं जनपद के पर्यवेक्षक कानपुर मंडल के मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (एडी बेसिक) ने बंद कमरे में जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ प्रमुख सचिव ने ऑनलाइन बैठक की। इसके बाद उन्होंने मातहतों को नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां चलती रहीं। कक्ष निरीक्षकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों के साथ ही छह सचल दलों का भी गठन कर दिया गया। डीईओएस नरेंद्र पाल सिंह, बीएसए गौतम प्रसाद, प्रधानाचार्य रामदास, हरि प्रकाश मिश्र, डॉ. संगीता यादव व उप प्रधानाचार्य नवाब सिंह को सचल दल प्रभारी बनाया गया। सचल दल टीम में तीन-तीन शिक्षक भी लगाए गए हैं। दोपहर बाद पर्यवेक्षक बनाए गए एडी बेसिक राजेश वर्मा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे।

एवीआर क्लब को 35 रन से हराकर जय हिंद ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

- मुरली शुक्ला चुने गए मैन ऑफ द मैच

अमृत विचार। स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में चल रहे स्व. शहीद राजेश सिंह सब इंस्पेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एवीआर क्लब को हराकर जय हिंद क्रिकेट क्लब फतेहगढ़ ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

एवीआर क्लब मैनपुरी और जय हिंद क्रिकेट क्लब के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। एवीआर क्लब ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जय हिंद क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 186 रन बनाए। मुरली शुक्ला ने 59, सनी दुबे ने 30, सोनू ठाकुर व अंशुल पाठक ने 20-20 रन बनाए। एवीआर क्लब के गेंदबाज मोहित कश्यप ने हैट्रिक लगाते हुए चार विकेट, अभिराज, माधव व नीरज ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एवीआर क्लब की शुरूआत बेहद अच्छी रही। पहले विकेट के लिए टीम ने 27 रनों की साझेदारी की। मगर पहला विकेट गिरने के बाद टीम लड़खड़ा गई, जिसके चलते पूरी टीम 151 रनों पर पवेलियन लौट गई। 51 रन बनाने वाले माधव ने टीम को जिताने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। राशिद खान ने मुरली शुक्ला को मैन ऑफ द मैच की ट्राफी प्रदान की।

चरित्र निर्माण शिविर में युवा सम्मेलन आयोजित हुआ

फर्रुखाबाद । मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिभाशाली युवाओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य रहे ।

उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सर्वप्रथम स्वराज का उदघोष किया। उनकी प्रेरणा से हजारों नौजवान स्वतंत्रता समर के लिए आजादी के आंदोलन में कूद पड़े। लाखों नौजवानों के बलिदान के बाद हमने अपना देश स्वतंत्र कराया। आजादी के बाद बनने वाले तत्कालीन शासकों ने आर्य समाज के योगदान को भुला दिया और पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली को युवा शक्ति पर थोप दिया।

सार-संक्षेप

एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कॉलेज में सफाई की

कायमगंज फर्रुखाबाद : एलवाई डिग्री कालेज में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने कालेज में सफाई कर जागरूक किया। लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का एक दिवसीय कैंप का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया ।इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने स्वच्छता के बारे में छात्रों को जागरूक किया। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर रितिक गुप्ता ने संगोष्ठी में कूड़े के निस्तारण के तरीके तथा विधियों पर विस्तार से चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विनय सिंह ने मतदाता जागरूकता पर बोलते हुए कहा कि स्वच्छ मतदान स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक है। डॉक्टर मनीषा सक्सेना ने महिला स्वास्थ्य विषय पर अपना विचार रखते हुए कहा कि अच्छा स्वास्थ्य एक ऐसी व्यक्तिगत व सामाजिक अनुभूति है जिसमे महिला अपने आप को सक्रिय, सृजनशील, समझदार तथा योग्य महसूस करती हैं।

रोजगार मेले में उमड़ी भीड़, 214 को मिली नौकरी

फर्रुखाबाद। ब्लॉक कमालगंज क्षेत्र स्थित डीपीएस विद्या मंदिर ताजपुर राठौर में मंगलवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में पंजीकरण कराने को बेरोजगार युवाओं की भीड़ उमड़ी। 214 युवा नौकरी के लिए चयनित किए गए। जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), जिला सेवायोजन कार्यालय और कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। 22 कंपनियों से आए कोआर्डिनेटरों ने स्टॉल लगाकर युवाओं का पंजीकरण किया। कोआर्डिनेटरों ने युवाओं के शैक्षिक अभिलेख जांचने के बाद उनका साक्षात्कार लिया। इस दौरान 214 लोगों का चयन नौकरी के लिए किया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत ने करीब एक दर्जन युवाओं को जॉब लेटर प्रदान किए। मेला प्रभारी जिला कौशल विकास प्रबंधक आशीष कुमार ने बताया कि 1800 रिक्तियों के सापेक्ष 421 युवाओं का पंजीकरण किया गया था, जिसमें 214 का चयन रोजगार के लिए किया गया। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। इस अवसर पर कार्यदेशक ब्रजेश कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, राजकिशोर महतो, ब्रजेश कुमार यादव और शिवबहादुर सिंह आदि रहे।

बाल मानसिक स्वास्थ्य के सम्बंध में दी जानकारी

अमृतपुर-फर्रुखाबाद । बाल मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर मे किया गया। मुख्य अथिति के तौर पर अमृतपुर विधायक सुशील कुमार शाक्य मौजूद रहे। चिकित्सकों ने लोगों को बच्चों का किस तरह का आहार विहार रखें जिससे बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ रहे। छोटे बच्चों को मां का दूध पिलाने की सलाह दी। खाने मे विटामिन्स प्रोटीन युक्त भोजन खिलाने की सलाह दी। बच्चों के खाने मे पोषक तत्वों युक्त खाना देने की सलाह दी ।जिससे बच्चों के शरीर मे पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति हो सके। तथा उनके रहन सहन के तरीकों को समझाया जिससे बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ रहे। पारिवारिक सदस्यों बच्चों के साथ सरल और सहज रहना चाहिए जिससे बच्चा हरदम खुश रहे। बच्चो को स्वस्थ रखने के लिए उन्हें अच्छा माहौल देना अति आवश्यक होता है। जिससे बच्चा मानसिक एवम् शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा बलवीर सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा आरिफ सिद्धिकी, डा गौरव वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

बैठक में भाजपा पर बरसे सपाई

फर्रुखाबाद । आवास-विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सपाइयों ने भाजपा पर जमकर भड़ास निकाली। इसके साथ ही बूथ स्तर की मजबूती पर बल दिया गया। मंगलवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव मंदीप यादव ने कहा कि हर कार्यकर्ता पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव पार्टी प्रत्याशी को जिताने में लग जाए। भाजपा सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है और गुंडई चरम पर है। लोकसभा प्रभारी एवं छात्र सभा प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा कि सपा दूसरी पार्टियों से बहुत ज्यादा ताकतवर है। जनता ने भी अबकी बार सत्ता बदलने का मन बना लिया है। अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष राघवदत्त मिश्र ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह को महानगर बूथ प्रभारी नियुक्त किया। हर हाल में यह सीट जिताकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना है। लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि जहां-जहां भी वह जा रहे हैं, वहां जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हर कोई भाजपा की गलत नीतियों से त्रस्त है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, विजय यादव, पूजा कठेरिया, रफी अहमद, कमल हसन, कुलदीप भारद्वाज व अमित यादव आदि मौजूद रहे।

सुनीं फरियादें डीएम के तेवर देख अधिकारियों में मचा हड़कंप, क़ायमगंज में एडीएम ने सुनी शिकायतें

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

तहसील सदर में शिकायत सुनते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

क़ायमगंज में शिकायते सुन रहे एडीएम। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह सम्पूर्ण समाधान दिवस में तल्ख लहजे में नजर आए। तहसील सदर में शिकायत मिलने पर राजश्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्ट देने का आदेश दे दिया। जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह ने सदर तहसील में आयोजित किये जा रहे समाधान दिवस में 85 शिकायतें सुनकर निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डॉ सिंह को जहानगंज में तैनात कानून-गो महेश्वर सिंह शिकायत के निस्तारण का रजिस्टर नही दिखा सके। जिस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कानून गो को प्रतिकूल प्रविष्ट देने के निर्देश दिए। डीएम के तेबर देख तहसील दिवस में मौजूद अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर शिकायत के निस्तारण का रजिस्टर बना कर रखा जाए ।उसमे निस्तारण को दर्ज किया जाए। शिकायत करने वाले को हर हाल में संतुष्ट किया जाए।

हमारे कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में रियल टाइम खतौनी के अंश निर्धारण में गड़बड़झाला की शिकायत की गई। फरियादी ने लेखपाल पर आरोप लगाए है।

मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति की अध्यक्षता में हुआ। फरियादियों में कंपिल के गांव नारायणपुर के सोनपाल ने कहा क्षेत्रीय लेखपाल ने बिना जांच पड़ताल के रियर टाइम खतौनी में गलत अंश दर्ज कर दिया है। कंपिल के ही गांव कमरुद्दीननगर निवासी ब्रजभान ने फरियाद की गांव का एक व्यक्ति 400 बीघा ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा किए हुए था। आठ माह पहले एसडीएम ने कब्जा मुक्त किया गया था। आरोपित ने फिर से कब्जा कर लिया है। इस मामले में लेखपाल की भूमिका भी संदिग्ध है। उसने उल्टा उसके खिलाफ ही थाने में प्रार्थना पत्र दे दिया। शमसाबाद के मोहल्ला टिकुरिया निवासी दिनेश कैंसर पीड़ित है। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में खाता बंद कर दिया गया है। वह रुपए की निकासी नहीं कर पा रहा है। इससे वह समय पर दवाईया नहीं खरीद पा रहा है। हंसापुर गोराई निवासी किरन्दर सिंह ने प्रार्थना पत्र में कहा आंगनबाड़ी कार्यकत्री धात्री महिलाओं के राशन बाहर बेच रही है। कंपिल मेदपुर निवासी निराशा देवी ने कहा उसके साथ नाली की सफाई को लेकर मारपीट की गई थी जिसमें पुलिस ने अभी तक मुकद्मा दर्ज किया है। बखतेरा के उदयचंद्र ने फरियाद की और कहा गांव का ट्रांसफार्मर फुंकने से किसानों के खेतों की सिचाई नहीं हो पा रही है। इससे सभी परेशान है। बरझाला निवासी दफेदार ने फरियाद की उसके पुत्रों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और उसकी जगह को जबरिया अपने नाम कराना चाहता है।

इस दौरान एडीएम ने राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए गांव गांव जाकर पीएम चाइल्ड केयर फंड योजना के बारे में बताए। उन्होंने बताया इस योजना के तहत घर के मुखिया का यदि निधन या किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है तो इस योजना के तहत 18 साल तक परिवार के दो बच्चों को चार चार हजार रुपए प्रतिमाह व यदि व आगे भी उच्च शिक्षा करता है तो 21 साल तक चार चार हजार रुपए मिलेगे। इस दौरान 117 शिकायती पत्र आए जिसमें 9 का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा, सीओ सतेंद्र कुमार, एसडीओ विद्युत शमीम अंसारी मौजूद रहे। कायमगंज संवाददाता के अनुसार एडीएम के जाने के बाद कई अधिकारी अपने मोबाइल पर रील्स देखते नजर आए।

पातितोऽपि कराघातै–रुत्पतत्येव कन्दुकः।
प्रायेण साधुवृत्तानाम–स्थायिन्यो विपत्तयः॥

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है।

संपादकीय

विकास की राह पर घाटी

जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने देश के अन्य हिस्सों के लिए करीब 13,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किमी) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच रेलवे लाइन शामिल है। उन्होंने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान व बारामूला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। बनिहाल-संगलदान खंड कश्मीर घाटी को उत्तर भारत के रेलवे नेटवर्क के और करीब लाएगा। 12.77 किलोमीटर की देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी खारी-सुम्बर खंड के बीच में स्थित है। सभी की निगाहें प्रधानमंत्री की जम्मू की सार्वजनिक रैली पर थीं। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जिसमें अकेले जम्मू और कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

बड़ी बात है कि पहली बार सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की यह दूसरी यात्रा थी। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सर्दियों में हिमपात और बरसात में भूस्खलन के कारण अक्सर बाधित हो जाता है तथा कभी-कभी कई दिनों तक रास्ता बंद हो जाता है। रेलवे लाइन का अधिकांश भाग सुरंगों में होने के कारण यह हर मौसम में निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी। ट्रेनों की कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,बल्कि लोग बिना किसी कठिनाई और रुकावट के देश के अन्य हिस्सों की यात्रा कर सकेंगे। घाटी के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के लिए परिवहन का सस्ता और तेज रफ्तार विकल्प मिलने से उनकी तरक्की के रास्ते आसान होंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और सुरक्षा बलों की रसद एवं सामरिक साजोसामान की आपूर्ति भी त्वरित गति से निर्बाध हो सकेगी और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत होगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई प्रधानमंत्री की इस यात्रा को अहम माना जा सकता है। यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बल मिलने की संभावना है।

विद्यासागर जी के संदेश देश को प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है।

पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था,जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है,जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक



प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था,उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवनभर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम,ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला,विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले,जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं। इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है,जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे,ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया,जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्र हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।' इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं,बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं,ऐसे में कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफ' है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी,देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह न सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

प्रसंगवश

वरिष्ठ होने के अपने लाभ

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हिंदी में लिखने वाले वरिष्ठ होने के लिए उसी तरह प्रतीक्षारत बने रहते हैं जैसे कोई जूनियर अफसर प्रमोशन का रास्ता ताकता है। लिखने वाले का वरिष्ठ होना उस कष्ट के बिल्कुल विपरीत होता है जैसा एकांत लिफ्ट में मिली किसी युवा कन्या के अंकल कह कर पुकारने पर महसूस होता है। लिफ्ट में बूढ़ा होने से इंकार करने वाला हिंदी लेखक लिखने में वरिष्ठ कहलाने से खुश होता है,यही उसके जीवनभर का पारिश्रमिक है।

अपने वरिष्ठ होने का पता तब चलता है जब आपको किसी हिंदी गोष्ठी,सम्मेलन में अतिथि,मुख्य अतिथि होने योग्य मान लिए जाए। कोई लेखिका आपसे अपनी नई किताब का विमोचन करवाने के लिए तैयार हो। भले आप खुद कभी कायदे का कुछ नहीं लिख पाए हो,इसके बावजूद आपका किसी और की लिखी किताब का विमोचन करने योग्य होना या योग्य मान लिया जाना आपकी वरिष्ठता की तस्दीक है। वरिष्ठ होने के अपने लाभ हैं। ये मंचासीन होने का अवसर है। आप इस अवसर पर खेत से लेकर खलिहान तक की बातें कर सकते हैं और सबसे बड़ी बात,ऐसे मौके पर बोलने वाले तमाम वक्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वो मन मार कर ही सही पर आपकी तारीफ करें। हिंदी का लेखक संतोषी जीव होता है। वह तारीफ से ज्यादा किसी चीज की अपेक्षा नहीं करता। इससे अधिक की अपेक्षा इसलिए भी नहीं करता है,क्योंकि वो जानता है कि उनका पूरा होना नहीं है। हिंदी लेखकों की एक आचार संहिता है। वे एक दूसरे के बारे में जो भी राय रखे। सामने वाले को कितना भी हल्का और मामूली गिने पर आमने-सामने मिलने पर वे एक दूसरे की तारीफें ही करते हैं। इन तारीफों को एक दूसरे की पीठ खुजाने जैसा मामला ही समझिए। अचानक सभी विख्यात और प्रतिष्ठित हो जाते हैं। एक दूसरे को यशस्वी और प्रतिभाशाली बताते हुए गले सूखते है सबके। यह जानते हुए भी कि सामने वाला उसकी दी हुई किताब कभी नहीं पढ़ेगा।

ऐसे अवसर पर किताबों का आदान-प्रदान किया जाता है। संग-साथ फोटो खिंचवा ली जाती है ताकि उनका सदुपयोग फेसबुक पर चिपकाकर किया जा सके। वरिष्ठ होने का एक और लाभ है। चाय नाश्ते वाला सबसे पहले आपको परोसता है। दूसरों के पहले नाश्ते का पात्र होना भी एक महत्वपूर्ण सुख है। विमोचन कार्यक्रम के आयोजक यदि समझदार हो तो ऐसे कार्यक्रम शाम को होते हैं और इस तरह ये गला तर करने का भी सुअवसर हो सकता है।

वरिष्ठता का निर्धारण होता कैसे है? वरिष्ठ होने के किसी नवोदित लेखिका की पुस्तक के विमोचन योग्य मान लिए जाने के दो ही तरीके है। पहला आप क्वॉलिटी की परवाह किए बिना लगातार लिख रहे हो। आपकी लिखे की मार की चपेट में आकर दुनिया बेहाल हो चुकी हो। किसी को सूझ न रहा हो कि आपसे छुटकारा कैसे पाया जाए? ऐसे में आपको वरिष्ठ घोषित करने के अलावा और कोई रास्ता दुनिया के सामने नहीं बचता। आप इस कारण भी वरिष्ठ घोषित कर दिए जाते हैं कि शायद वरिष्ठ होकर ही आप कुछ संयम बरतें और दुनिया में शांति स्थापित हो। दूसरा तरीका ज्यादा आसान है। संयोग और किस्मत भी बहुत बार आपको वरिष्ठ घोषित करवा देते हैं। यदि आयोजक मित्र हो आपके या आप फूल मालाओं और नाश्ते का खर्च उठाने के लिए तत्पर हो,तब भी आपको अनायास वरिष्ठता का तमगा हासिल हो जाता है। किसी और की लिखी किताब पर चढ़ा रंगीन कवर का लाल फीता खोलने के लिए हिंदी का वरिष्ठ लेखक सदैव उतना ही प्रफुल्लित बना रहता है जैसे प्राइमरी स्कूल का बच्चा अपने बर्थ डे पर मिलने वाले गिफ्ट पैकेट्स का रैपर उतारते वक्त होता है। विमोचन होता है सरकारी कार्यक्रमों जैसा। वैसा ही औपचारिक। सबको पता होता है कि अब क्या होगा,बोलने वाला क्या बोलेगा। सब आपस में बतियाते हैं, चहकते हैं,उबासियां लेते हैं, झपकते हैं और इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि मंच से बोल रहे बंदे को पूरी तरह अनसुना कर दिया जाए।

विमोचन करने के बाद हर भले गृहस्थ की तरह सीधे घर लौटता है हिंदी लेखक। पत्नी देखती है शाल और श्रीफल को। अपने पति के बारे में अब तक बनाई अपनी राय को तात्कालिक रूप से थोड़ा बहुत नरम करती है। इसके बाद शाल को लड़के की शादी मौके पर ननदोई को देने के लिए सुरक्षित रख लेती है और नारियल की चटनी बना लेती है। विमोचन कार्यक्रम की अगली सुबह नारियल की चटनी के साथ डोसे मिल जाना हिंदी लेखक का बतौर वरिष्ठ होने के नाते सर्वोच्च सम्मान है। यही उपलब्धि है उसके जीवन की और इसी कारण वो वरिष्ठ होना चाहता है।

राष्ट्र निर्माण में मातृभाषा का महत्व

डॉ. साकेत सहाय
भाषा एवं संचार विशेषज्ञ

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास हेतु यह जरूरी है कि भारतीय समाज में विद्यमान नैसर्गिक बौद्धिकता को मजबूती दी जाए। भारत के ग्रामीण बच्चों में न केवल प्रतिभा है,बल्कि ग्रामीण बच्चे भारतीय शहरी बच्चों की तुलना में अधिक मेधावी हैं। परंतु इन बच्चों की प्रगति के मार्ग में गणित की अपेक्षा अंग्रेजी बड़ी बाधा है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी से तालमेल बिठाना बेहद कठिन होता है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी विवशता एवं बाध्यता है। हालांकि वर्तमान सरकार द्वारा इस दिशा में बदलाव हेतु प्रयास किए जा रहे है। देशी भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की शुरुआत इस दिशा में बड़ा कदम है।

दुनियाभर के सफल एवं समृद्ध देशों में बच्चों को विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा उनके देश की प्रमुख भाषाओं में ही दी जाती है। ये सभी देश भारत की तुलना में अधिक सफल हैं,क्योंकि वहां समूची जनसंख्या की प्रतिभा को स्थानीय भाषाओं में निखारा गया है। बावजूद इसके ये इस प्रतिस्पर्धी विश्व में अपनी शर्तों, प्रतिभा के बल पर टिके हुए हैं। भारत में स्वीकृत अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता निश्चित रूप से दोषपूर्ण है। देश में आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण अंग्रेजी भाषा के प्रति हमारा अंध मोह हैं। हालांकि वर्तमान सरकार इस दिशा में थोड़ी प्रयासरत है, पर इस प्रकार के और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत में यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि गीत,संगीत,नृत्य,फिल्मों,चुनाव प्रचार आदि के लिए तो देशी भाषाएं ठीक हैं,लेकिन विज्ञान, तकनीक, व्यावसायिक शिक्षा आदि के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। पश्चिमी शिक्षा के समर्थक तो इस बात पर दिन-रात बल देते रहते है। आजादी के इस अमृत काल में व्यवस्था को यह विचारने की आवश्यकता है कि देश की समृद्धि हेतु देशी भाषा के वातावरण में विकसित अधिकांश भारतीय बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उनकी अपनी भाषा में समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। एक मजबूत लोकतांत्रिक भारत इसी आधार पर निर्मित हो सकता है।

भाषाओं का भी अपना अर्थशास्त्र होता है। यह सब कुछ अंग्रेजी का आधिपत्य देखकर समझ आता है। आज ऐसी धारणा बन गई है कि भारत की वर्तमान आर्थिक प्रगति में अंग्रेजी भाषा का विशेष योगदान है। जबकि ऐसा नहीं है। दुनिया के 20 धनी राष्ट्रों में सरकारी कामकाज की भाषा (एवं सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम) स्थानीय जनभाषा से भिन्न नहीं है। इस देश में भाषिक विभेद का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि जिन उच्च वर्ग के लोग अंग्रेजी/विदेशी भाषा के स्कूलों में जाते हैं और वहां की शब्दावली तथा विचारों से प्रभावित होकर वे वैसे ही व्यवहार करते हैं जिसके अंतर्गत वे स्वयं को श्रेष्ठ व स्थानीय भाषा के लोगों को हेय दृष्टि से देखते है। भारत में उच्च शिक्षा अंग्रेजी पर केंद्रित होने से अपनी जनसंख्या का बहुत कम भाग बौद्धिक रूप से विकसित हो पाता है। हमारे देश में यह स्थिति अंग्रेजी की अनिवार्यता के कारण नहीं,बल्कि हमारी दोषपूर्ण शिक्षा नीति की वजह से हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि आप भारतीय भाषाओं से परीक्षा देकर सेना में एक सैनिक या जवान तो बन सकते हैं,परंतु एक अधिकारी होने के नाते आपको परीक्षा अंग्रेजी में देनी होगी। इससे अंग्रेजी एक ऐसी भाषा के रूप में उभरकर सामने आती है,जो भारत की प्रगति के बजाय पिछड़ेपन का कारण बनकर हमारे सामने उपस्थित होती है।

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है,परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है। यह सत्य है कि भारत में जैसे विशाल एवं विविधता वाले देश में किसी भी भाषा का विरोध उचित नहीं। परंतु भाषाई रूप से इस समृद्ध देश में द्वितीय या तृतीय भाषा के रूप में ही अंग्रेजी का शिक्षण उपयुक्त हो सकता है प्रथम भाषा के रूप में कदापि नहीं। उच्च शिक्षा, न्यायालय एवं शासन हेतु भारतीय भाषाओं पर रोक एवं अंग्रेजी को अपनी प्रथम भाषा बनाने से इस देश में अनेक असुविधाएं सामने आती हैं। अधिकतर विद्यार्थियों को मजबूरीवश अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। इस व्यवस्था से देश में अनेक भाषाई विकलांग पैदा होते जा रहे हैं,जो किसी भी भाषा में प्रवीण नहीं होते। जबकि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की प्रमुख भाषा एवं उनकी स्थानीय भाषा में ही विकसित होने की छूट होनी चाहिए, बाद में भले अन्य भाषाएं सीखी जा सकती हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कुछ प्रयास हुए है,परंतु अभी मीलों आगे जाना है।

सोशल फोरम

इतने निरीह क्यों हैं हम

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

दुनिया के लगभग सभी धर्म यह मानते हैं कि सृष्टि से इतर कोई ऐसी ईश्वरीय सत्ता है जिसने हमारी और इस विराट ब्रह्मांड की रचना की और इसका संचालन करता है। मतभेद इस बात का रहा है कि ईश्वर के साथ हमारे रिश्ते कैसे होने चाहिए? ईसाई धर्म में ईश्वर से हमारा पिता और पुत्र का रिश्ता है,लेकिन यह रिश्ता सीधा नहीं है। इस रिश्ते का स्वरुप ईश्वर के पुत्र जीसस के माध्यम से तय होता है। इस्लाम में सूफियों और हिंदुओं में प्रेममार्गी पंथ के अनुयायियों की थोड़ी सी संख्या है जिनके लिए ईश्वर और हमारा रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका का, पति-पत्नी का, प्रेम का, समझदारी का,भरोसे का और अभय का है। उनके अलावा सभी धर्मों ने ईश्वर के साथ हमने जो रिश्ता बनाकर रखा है वह आमतौर पर स्वामी और दास का है। हम ईश्वर के अंश या कृति हैं तो उसके साथ हमारे रिश्ते इतने लिजलिजे क्यों होने चाहिए? क्यों वह सब कुछ है और हम कुछ भी नहीं? हमने कभी यह क्यों नहीं सोचा कि परमपिता परमेश्वर तो क्या संसार का कोई भी पिता अपनी संतान को इस कदर बेचारा,कातर, रीढ़विहीन,दयनीय,भयातुर, पराजित, अंधभक्त और याचक की तरह हर समय अपने चरणों में झुका हुआ नहीं देखना चाहता। हर पिता की ख्वाहिश होती है कि उसकी संतान विनम्र,लेकिन आत्मविश्वास से लबरेज स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो। ऐसा व्यक्तित्व जो जरूरत पड़ने पर उसकी आंख से आंख मिलाकर सवाल भी पूछ सके। हम क्यों अपना व्यक्तित्व अपने सर्जक में विलीन कर आजीवन अकिंचन बने रहें? आभार,कृतज्ञता और श्रद्धा तक तो ठीक है,लेकिन उस पर हमारी इस कदर भावनात्मक निर्भरता हमसे हमारा व्यक्तित्व और स्वाभिमान छीन लेगी। क्यों हम उसके आगे भीख का कटोरा लिए हर समय याचक की तरह खड़े रहें? उसने यह खूबसूरत दुनिया और उसके सुव्यवस्थित संचालन के लिए बुद्धि-विवेक हमें सौंप रखे हैं। वह किसी को वरदान या दंड, स्वर्ग या नर्क नहीं आबंटित करता। यह अपने कृत्यों से हम इसी जीवन में अर्जित करते हैं। ईश्वर को अपनी सृष्टि से प्यार है। उस तक पहुंचने का कोई भी रास्ता जड़ता, दासता, अकिंचनता से होकर नहीं जाता।

-फेसबुक वॉल से

पाकिस्तान में हो क्या रहा है



सचिदानंद सिंह
मुंबई

इमरान खां कैद में हैं और एक न्यायालय के आदेश ने उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को उसके चुनाव चिन्ह (क्रिकेट का बल्ला) से वंचित कर रखा है। इमरान के कई सहयोगी भी गिरफ्तार हैं और कुछ गिरफ्तारी टाल सकने के लिए फरार हैं। अव्यवस्था और बेतरतीबी के ऐसे हालात में पार्टी का नेतृत्व अभी एक अपेक्षाकृत अनजान गौहर अली खां संभाल रहे हैं। 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई ने कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को समर्थन दिया था। चुनाव के दिन पाकिस्तान में सुरक्षा के विचार से मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गई थीं। चुनाव में धांधली की आशंका शुरू से थी, सेवा बंद किए जाने पर लोग और अधिक सशंकित हो उठे थे। एक तरह से चुनाव पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) और 'अन्य' के बीच लड़ा जा रहा था। लोग मान बैठे थे कि पीएमएल-एन विजयी रहेगा,क्योंकि नवाज को सेना का समर्थन है और पाक सेना, कहते हैं,जंग भले कभी न जीती हो, चुनाव कभी नहीं हारी है।

चुनाव के दिन लग रहा था पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार बड़ी संख्या में जीतने वाले हैं। मतों की गिनती शुरू होने के बाद भी वैसा ही लगता रहा। कुछ समय तक नवाज और उनके भाई शाहबाज दोनों बहुत पीछे चल रहे थे। शाहबाज नेशनल असेंबली और प्रोविंशियल असेंबली दोनों के लिए लाहौर से लड़ रहे थे और दोनों जीत गए। नवाज दो जगहों से नेशनल असेंबली के लिए लड़ रहे थे, एक जगह जीते। चुनाव के नौ दिनों के बाद रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत चट्टा ने एक संवाददाता सम्मेलन में खुलासा किया कि उन्होंने अपने मातहतों के मार्फत पीएमएल-एन की जीत के लिए बहुत धांधलियां कीं। यहां तक कि पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार जो सत्तर हजार मतों से जीत रहे थे,उन्हें पराजित दिखा कर नवाज की पार्टी के उम्मीदवार को विजयी दिखाया। कुछ नाटकीय ढंग से उन्होंने अपने लिए सजा-ए मौत उचित ठहराया, बस अपने लिए नहीं,उन्होंने कहा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा और मुख्य चुनाव आयुक्त (मुचुआ) सिकंदर सुलतान राजा को भी सजा-ए मौत दी जानी चाहिए। जज साहब ने साक्ष्य की कमी कहते हुए उनकी बात को खारिज कर दिया। मुचुआ ने जांच शुरू कर दी है। सभी रिटर्निंग ऑफिर्स से सवाल जवाब किए जा रहे हैं। पाक सरकार ने चट्टा को हिरासत में ले लिया है। नवाज की पार्टी कह रही है चट्टा पीटीआई के एजेंट हैं और देश में अराजकता फैलाने के लिए उन्होंने ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। पीटीआई वाले कुछ लोगों ने एक प्रिंटिंग प्रेस के वीडियो पोस्ट किए हैं,जहां किसी क्षेत्र के बैलट पेपर छापे जा रहे थे। नवाज की पार्टी के लोगों ने चट्टा और इमरान के नजदीकी रिश्तों की बात की है-कैसे इमरान की बहन उज्मा खां को डेरा गाजी खां में चट्टा ने, जो उस समय वहां कमिश्नर थे,छह सौ करोड़ रुपयों (पाक रुपये) की जमीन बस तेरह करोड़ में दिला दी। चट्टा को पाकिस्तान के एक समय के जासूस-ए आज़म फैज हमीद का नजदीकी भी बताया जाता है। यह बात तो खैर गौर करने लायक है ही कि चट्टा की अंतरात्मा नौ दिनों तक चुप क्यों बैठी रही? मीर तकी मीर से माफी मांगते हुए, फ़ौज़ी चुनाव है रोता है क्या/ आगे आगे देखिए होता है क्या।

मोदी का चौथा कार्यकाल

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हिंदी साहित्य के इतिहास का रीतिकाल सुंदरियों के नख शिख वर्णन और नृप यश कीर्तन के लिए प्रसिद्ध है। हम यहां नायिका भेद और नख शिख वर्णन की बात न करके 'नृप यश कीर्तन' की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरबारी कवि राजाओं के आश्रय में रहते थे और भारी भरकम अतिशयोक्तियों के द्वारा उनकी प्रशंसा और स्तवन करते थे,जैसे भूषण कवि ने शिवाजी की प्रशंसा करते हुए लिखा कि 'आपके यश विस्तार से सब कुछ सफेद हो गया है जिससे जो मुख्य-मुख्य श्वेत वस्तुएं थीं,वह अब ढूंढे नहीं मिल रही हैं,यानी खो गई हैं। क्योंकि साहित्य में यश का रंग सफेद माना गया है। उदाहरण स्वरूप इंद्र को उनका ऐरावत हाथी (श्वेत वर्ण) नहीं मिल रहा है।

भगवान विष्णु क्षीर सागर खोज रहे हैं,शंकर जी हिमालय और पार्वती जी शिव को, क्योंकि वे भी कर्पूर गौर हैं। आजकल राजनीति के क्षेत्र में भी लगता है रीतिकाल आ गया है और मोदी की धूम है। अब देखिए राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेता ने कहा है कि मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में देश का विकास बुलंदियों पर होगा। उन्होंने मोदी को विश्व के राजनीतिक व्योम का अतिशय देदीप्यमान सितारा भी कहा। जबकि चुनाव देश में होता है,दुनिया में नहीं। हम यह कहना चाहते हैं कि अभी तो तीसरे कार्यकाल का ही चुनाव होना बाकी है, फिर चौथे कार्यकाल में भी मोदी को चुना हुआ घोषित कर देना और तत्कालीन उपलब्धियां बता देना या तो कवित्वपूर्ण उक्ति वैचित्र्य है या मसखरी। यह जनता के साथ मजाक ही है,क्योंकि अभी उन्होंने तो अपने प्रतिनिधि चुने ही नहीं हैं। वे जिन्हें चुनेंगे, तब वे अपना नेता चुनेंगे। फिर चौथा कार्यकाल तो 2029 से 2034 तक होगा।

इतने लंबे भविष्य की दृष्टि तो संभवतः ज्योतिषियों और ऋषियों के पास भी नहीं होती है। यह 'विधि हाथ' है, 'राजनाथ के हाथ' नहीं। जनता के मजाक के साथ-साथ किसी व्यक्ति विशेष का नाम पीएम या सीएम पद के लिए प्रायोजित करना असंवैधानिक भी है,क्योंकि इसकी संविधान में व्यवस्था ही नहीं है। निर्वाचन के बाद चयनिति प्रतिनिधियों को अपना नेता चुनने का अधिकार होता है। फिर राष्ट्रपति अपने विवेक का प्रयोग करके प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं तथा अपनी 'सहायता और सलाह देने' के लिए सरकार गठित करते हैं।

सदस्यों ने बिजली विभाग और जल निगम को जमकर सुनाई खरी खोटी

- रवैया न सुधरा तो आंदोलन करेंगे और कार्यालयों में होगी तालाबंदी
- जिला पंचायत की बैठक में नेताजी की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव किया गया पास
- जिला पंचायत ने कुल 24 करोड़ 78 लाख 884 रुपये का पुनरीक्षण बजट पारित किया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिला पंचायत की बैठक में सर्व सम्मति से एसडी फील्ड में सपा संस्थापक नेताजी स्व. मुलायम सिंह की प्रतिमा स्थापित करने, एसएसपी चौराहे का नामकरण नेताजी के नाम पर करने सहित कई प्रस्ताव स्वीकृत हुए।

सदस्यों ने पुरानी बैठक में पारित प्रस्तावों पर कार्यवाही की गति धीमी होने पर अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। खास तौर पर बिजली और जल निगम के अधिकारी निशाने पर रहे। बिजली विभाग पर बकायेदारी के नाम पर ओबीसी और एससी वर्ग के गांवों के ही बिजली काटने का आरोप लगे। वहीं हर घर जल योजना के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार का मामला भी गूंजा। जल निगम ने गांवों में गलियां खोदकर डाल दी हैं उनकी मरंमत नहीं कराई जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल ने चेतावनी दी कि यदि बिजली विभाग और जल निगम के अधिकारियों का रवैया न सुधरा तो वे सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे। जरूरत पड़ने पर सरकारी कार्यालयों में तालाबंदी करेंगे। उन्होंने कार्यशैली में सुधार के लिए 20 दिन का समय दिया है।

जिला अध्यक्ष सपा प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि विद्युत विभाग दलगत भावना का शिकार होकर ग्रामीणों का उत्पीड़न कर रहा है। उन्होंने छह माह के अंदर जिन गांवों की बिजली काटी है उनकी सूची उपलब्ध कराने को कहा।

सदर विधायिक प्रतिनिधि हरि नरायण बाजपेई ने कहा कि सदन के सदस्यों के सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर बिना किसी भेदभाव के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अपर मुख्य अधिकारी राम गोपाल ने विगत बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया। सदन के सदस्यों ने सर्व सम्मति से पुष्टि की। सदस्यों द्वारा सदन में उठाये गये कुल 40 प्रश्नों को पढ़कर सुनाया। बैठक में जिला पंचायत ने कुल 24 करोड़ 78 लाख 884 रुपये का पुनरीक्षण बजट पारित किया।

ये रहे मौजूद: जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, पंचायत सदस्य डा अरविंद यादव, जितेंद्र दोहरे, प्रेम सागर, पंकज यादव , सचिन यादव, राधा देवी, राजेश चौहान, फरियाद भारती आदि रहे।

जिला पंचायत की बैठक में मौजूद अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल। अमृत विचार

बैठक में अपनी समस्या रखते जिला पंचायत सदस्य। अमृत विचार

ग्रामीण क्षेत्र में भी भवनों के मानचित्र होंगे स्वीकृत

इटावा। जिला पंचायत ने ग्रामीण क्षेत्रों में भवनों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के नक्शों को स्वीकृत करने के लिए नियमावली तैयार करने का प्रस्ताव पास किया। इस प्रस्ताव के अनुसार आवासीय भवन पर 2000, अनावासीय भवन का 4000, वास्तुकार पंजीकरण शुल्क 25000, संपत्ति एवं विभव कर 6000 तथा पंजीकरण प्रमाण पत्र शुल्क 1000 रुपये अदा करना होगा। इसके साथ ही जिला पंचायत ने अपनी आय बढ़ाने के लिए प्राइमरी पाठशाला अहेरीपुर में अपने स्वामित्व वाली भूमि पर दुकानों का निर्माण कराने की भी स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में पारित महत्पूर्ण प्रस्ताव

- ईट भट्ठा, पेट्रोल पंप, कोल्ड स्टोरेज, गैस एजेंसी का लाइसेंस प्रमाण पत्र शुल्क में बढोतरी की गई
- लाइसेंस नवीनीकरण आवेदन का शुल्क बढ़ाकर 50 रुपये किया गया
- ग्रामीण क्षेत्र में दुकान, पावर मिल, ठेका शराब, बीयर ठेका, राइस मिल, पेट्रोल सीएनजी पंप, चार पहिया दो पहिया वाहन एजेंसी, पशु बाजार, मेला हाट समेत सभी प्रकार के छोटे बड़े वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस शुल्क में बढ़ोतरी

चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

इटावा। कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर फर्रुखाबाद ओवर ब्रिज के पास से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस के अलावा चोरी किया मोबाइल व चोरी में प्रयोग होने वाला सामान भी बरामद हुआ पकड़े गए दोनों चोरों को आवश्यक करवाई के बाद जेल भेज दिया।

कोतवाल विक्रम सिंह चौहान अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि दो लोग संदिग्ध अवस्था में फर्रुखाबाद ओवर ब्रिज के पास खड़े है। वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस पर वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो वे दोनों पुलिस को देख कर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ा कर उसे धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से तमंचा कारतूस मोबाइल व अन्य सामान बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े लोगों ने अपना नाम फहीम उर्फ बिहारी व हासिम निवासी गाड़ी पुरा कोतवाली बताया। मोबाइल के बारे में उन्होंने बताया कि मोबाइल उसने एक ऑटो चालक का चुराया था। कोतवाल ने बताया कि वह पहले भी चोरी के आरोप में जेल जा चुके है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शातिर अपराधी है । पकड़े सभी दोनों को अवश्य कारवाई के बाद जेल भेज दिया।

नव्य बृजेश भुवनेश कोल्ड स्टोरेज में हवन करते डॉ. बृजेश चंद्र यादव। अमृत विचार

कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण की शुरुआत

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- अति आधुनिक मशीनों से युक्त है यह कोल्डस्टोर

अमृत विचार। हाईवे के पास ग्राम डुढ़हा मार्ग पर स्थित नव्य बृजेश भुवनेश कोल्ड स्टोरेज में हवन पूजन किया गया।

ब्लाक प्रमुख रामपाल सिंह यादव ने संरक्षक डॉ बृजेश चंद्र यादव, निदेशक डॉ भुवनेश चंद्र यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुज यादव मोंटी, जितेंद्र सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव, अशांक यादव, शिवाय यादव की उपस्थिति में प्रशीतन मशीनों का गणेश पूजन कर भंडारण सुविधा की शुरुआत की गई। दो चैंबरों में लगभग दो लाख चालीस हजार क्विटंल आलू भंडारण क्षमता वाले अति आधुनिक मशीनों से युक्त है। संतोष भुवनेश कोल्ड स्टोरेज का भी हवन पूजन के साथ भंडारण प्रारंभ हो गया। कोल्ड स्टोर के संरक्षक बृजेश चंद्र यादव ने बताया कि किसानों को हर प्रकार की सुविधा प्रदान होगी। निदेशक भुवनेश चंद्र यादव ने बताया कि आलू बिक्री करने के इच्छुक किसानों के लिए कोल्ड स्टोर से उचित दर पर ट्रांसपोर्टेशन की भी व्यवस्था कराई जाती है। इस अवसर पर दिनेश यादव,प्रकाश यादव,विजयपाल यादव, विकास यादव,मेहरबान सिंह वर्मा, अनिल शाक्य,विजेंद्र शाक्य व डीलर शिव प्रकाश, भूपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

आशीष पटेल को सम्मानित करते बिहार के मंत्री श्रवण कुमार।

पूर्व सभासद आशीष पटेल का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। पटेल विचार मंच के अध्यक्ष पूर्व सभासद आशीष पटेल को बिहार सरकार के एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास,समाज कल्याण एवं संसदीय कार्यमंत्री श्रवण कुमार ने कुलपति डॉ डीआर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किसान मेले में प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर यह सम्मान प्रदत्त किया।

भ्रमण पर गए परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं

इटावा। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के छात्र छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञानार्जन की कवायद चल रही है। इसके तहत विभाग के स्कूलों के बच्चों को मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण पर कानपुर ले जाया गया। वहां इन्हें विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा तथा जानकारी दी जाएगी।

मंगलवार को सुबह मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने इन बच्चों को कानपुर ले जा रही बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस कार्य की सराहना की और कहा कि छात्रों के इस तरह के भ्रमण काफी उपयोगी होते हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा.राजेश कुमार ने कहा कि बच्चों के बहुमुंखी विकास के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। जिला समंवयक मनोज ने इस योजना की जानकारी दी।

सीलबंद पदार्थों की बिक्री में मुकदमें की कार्यवाही अनुचित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने फूड एक्ट में विसंगतियों के चलते व्यापारियों के हो रहे उत्पीड़न के विरोध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, एफडीए भवन, नई दिल्ली को संबोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र जिला अभिहित अधिकारी को सौंपा। व्यापारियों का कहना रहा कि एफएसएसएआई द्वारा खाद्य पदार्थों के व्यापारियों के लाइसेंस रजिस्ट्रेशन व सैंपलिंग आदि का कार्य किया जाता है। जिसमें व्यापारियों को अनेक कठिनाइयां आ रही हैं।

मांग पत्र के संबंध में व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने बताया कि सभी लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन को आजीवन किया जा रहा है। अतः खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन को भी आजीवन किया जाए। खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम विभाग द्वारा व्यापारियों की ट्रेनिंग के लिए कुछ प्राइवेट कम्पनियों को ठेका दिया गया है। जो सिर्फ पैसे लेकर प्रमाणपत्र जारी कर रहे हैं। उन प्राइवेट कम्पनियों के कर्मचारी अपने आप को सरकारी अधिकारी बताकर व्यापारियों का शोषण भी करते हैं।

ज्ञापन में व्यापारी का सैंपल भरते समय एक शीशी एनएबीएल लैब को भेजे जाने की व्यवस्था एक्ट में की गई है। परन्तु अधिकृत एनएबीएल लैब की सूची उपलब्ध न होने के कारण व्यापारी नमूने की जांच नहीं करा पाता है। इस वजह से व्यापारी का उत्पीड़न होता है। खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम में सैंपल फेल आने पर जुर्माने की सुनवाई के लिए प्रशानिक अधिकारियों को अधिकार दिये गए हैं। प्रशासनिक अधिकारी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की पूर्ण जानकारी नहीं होती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की मूल भावनाओं के अनुसार पूर्णकालिक न्याय निर्धारण अधिकारी की नियुक्ति की जाए। सील बंद पदार्थो के निर्माण व पैकिंग का कार्य कम्पनियों द्वारा किया जाता है, इस प्रकार के पदार्थों में थोक व रिटेल का व्यापारी किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं कर सकता है। सीलबन्द पदार्थों की बिक्री में रिटेल व थोक के व्यापारी के विरुद्ध मुकदमे की कार्यवाही न की जाए निर्माता कम्पनी के मालिक व सक्षम अधिकारी के विरूद्ध ही मुकदमा चलाया जाए। ज्ञापन देने वाले लोगों मे प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, अखिलेश वर्मा, सुशीला राजावत, रिषी पोरवाल, हाजी शंहशाह वारसी, शेख आफताब, अशोक जाटव, पावेन्द शर्मा,बंटी मंसूरी,नितीश कुमार,सौरभ दुबे, प्रदीप यादव, भारतेंद्र भारद्धाज, अर्चना कुशवाहा, रियाज अहमद,सीमा श्रीवास्तव,अर्चना अग्रवाल, वीनू,,अजीत कुमार, सै.लकी,जैनुल आबदीन,लखना अध्यक्ष विपिन कुशवाहा, सत्यम दीक्षित, धर्मेंद्र यादव,बल्लू फैयाज, साकिर भाई,राहुल अवस्थी, कफील अहमद, अली फैयाज,अंकित यादव, अमित वर्मा ,छोटू यादव चकरनगर आदि मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते व्यापारी नेता आलोक दीक्षित। अमृत विचार

- खाद्य कारोबारियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने को चलेगा महाअभियान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- विश्व हिंदी परिषद की मासिक बैठक संपन्न

अमृत विचार। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर पर विश्व हिंदी परिषद के तत्वावधान में गूगल मीट का आयोजन किया गया। महासचिव ने डॉ. विपिन कुमार ने विषय वस्तु को रेखांकित किया।

सर्व सहमति से परिषद की मासिक बैठक करने, विद्यालय, महाविद्यालय में एनसीसी व एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से निबंध प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, काव्य गोष्ठी एवं स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रमों का आयोजन करने, दक्षिण भारतीय सदस्यों को आधिकारिक रूप में जोड़ने, किताब का संग्रह संकलन प्रकाशित करने, हर वर्ष विदेश में भी एक या दो कार्यक्रम आयोजित कराने, राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। डॉ. विपिन ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए नई योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा करने का एक बेहतर अवसर बताया। विद्यालय एवं महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, काव्य गोष्ठी एवं स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे कार्यक्रमों का आयोजन हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए एक प्रभावी तरीका है। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय संपर्क समंवयक डॉ. नन्दकिशोर साह ने किया।

इस आयोजन में मुख्य रूप से महाराष्ट्र से प्रो. अर्जुन चौहान, डॉ. पुरुषोत्तम कुंदे, डॉ संजय दंवगे, दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. संध्या वास्तायन, मध्य प्रदेश से डॉ विजय पाल , बिहार से प्रो. मन्दीप रॉय, डॉ. निकेश कुमार ने सुझाव दिये।

डांस के दौरान बारातियों में मारपीट, पांच गिरफ्तार

संवाददाता बकेवर, इटावा

- औरैया के रामगढ़ से लखना आई थी बारात

अमृत विचार। गेस्ट हाउस में सोमवार रात बारात में शराब के नशे में डांस के दौरान बारातियों में मारपीट हो गई। पुलिस आने पर अधिकांश शराबी गायब हो गए, पांच बारातियों को शांतिभंग करने में गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम करौधी के नरेन्द्र कुमार दोहरे की बेटी की बारात औरैया के गांव रामगढ़ से लखना नगर में गेस्ट हाउस में आई थी। कुछ बाराती शराब पीकर डांस करने लगे, इसी दौरान रामगढ़ ढरकनिया के अन्नू व बन्टू, डम्पी यादव उर्फ रामदास तथा भरथना थाना क्षेत्र के गांव समसपुरा के गोविन्द व श्रीकान्त एक दूसरे से गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। सूचना पर चौकी इंचार्ज ललित कुमार फोर्स सहित पहुंचे तो शराबी बाराती गायब हो गए, पुलिस ने झगड़ा कर रहे उपरोक्त पांच बारातियों को शांतिभंग करने में गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी भरथना की न्यायालय में पेश किया।

हाजी अब्दुल का सपना हुआ साकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सर्व समाज मुसाफिर खाने का हुआ उद्घाटन
- मुसाफिरों को दी जायेगी निःशुल्क सुविधा

अमृत विचार। शहर में अब अन्य जनपदों से आने वाले ज़रूरतमंद मुसाफिरों को ठहरने के लिए कोई परेशानी नहीं होगी । समाजसेवी मरहूम हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी ने सर्व समाज के लिए निःशुल्क मुसाफिर खाने/रैन बसेरे का जो सपना देखा था, वह सोमवार को पूरा हुआ। यह बात भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य हाजी अब्दुल हन्नान उर्फ चांद मंसूरी ने कही। उन्होंने कहा कि हाजी अब्दुल मन्नान बहुत ही नेक व्यक्ति थे। उन्होंने हमेशा सभी का भला सोचा वह चाहते थे कि यहां पर एक ऐसा मुशाफिर खाना बने जो कि बिल्कुल निःशुल्क हो।

उन्होंने बताया कि पक्का तालाब चौराहे पर स्थित सर्व समाज मुसाफिर खाने का उद्घाटन मंसूरी समाज के जिला अध्यक्ष नूरुद्दीन मंसूरी, सचिव सपा हाजी अब्दुल मजीद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद मंसूरी,हाजी अब्दुल हन्नान,वाईके शफी चिश्ती,मोहम्मद दिलशाद चिश्ती आदि ने शाल उड़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

सर्वसमाज मुसाफिर खाने का उदघाटन करते नूरुद्दीन मंसूरी। अमृत विचार

मुसाफिर खाने में शादी भी हुई,शादी के उपरांत हाजी नईम मंसूरी,कौमी तहफ़्फ़ुज़ कमेटी ने संयोजक खादिम अब्बास,नूरुद्दीन मंसूरी,जमाल अहमद,हाजी अज़ीम वारसी,हाशिम कुरैशी,मोहम्मद इलियास,हाजी समद,नजमुद्दीन फारूकी भूरे, डॉ. शहाबुद्दीन खां,मोहम्मद इसहाक आदि ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

श्री हन्नान ने कहा कि मुसाफिर खाने में मुसाफिर को एक आई डी व फोटो लाना आवश्यक है। मुसाफिरों को बिलकुल निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। जिसमें रजाई व बैड अथवा चारपाई शामिल है। कारी शाहवाज़ अनवर ने नज़र पेश की । इस अवसर पर हाजी अज़ीम वारसी,हाजी रईस अहमद,रौनक इटावी, नोमान आलम,मोहम्मद असलम,अब्दुल मन्नान राइन,हाशिम मंसूरी,बड़ा मुन्ना, हाजी शेख़ शकील अहमद,हाजी शेख़ आफताब,मोहम्मद दिलशाद चिश्ती,ज़ैनुल आबदीन,गुफरान अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

खेल के मैदान से | स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित हुई राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

बस्ती ने कानपुर को हराकर जीती खो-खो ट्राफी

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित बेसिक की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विकासखंड जसवंतनगर के प्राथमिक विद्यालय मीरखपुर पुठिया एवं धरवार के बच्चों ने खो खो प्रतियोगिता में कानपुर मंडल का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में पहला मैच कानपुर मंडल और झांसी के मध्य हुआ।

कानपुर ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए झांसी मंडल को हराया। फाइनल मैच बस्ती और कानपुर मंडल के मध्य जिसमें बस्ती मंडल ने कड़े मुकाबले में कानपुर को हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। इसी प्रकार जूनियर स्तर के बालक वर्ग में पहला मुकाबला अलीगढ़ और कानपुर मंडल के बीच हुआ जिसमें शानदार प्रदर्शन कर कानपुर मंडल ने 3-0 से यह मुकाबला जीत लिया। दूसरा मुकाबला आजमगढ़ मंडल से हुआ जिसमें भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कानपुर मंडल के इटावा के मीरखपुर पुठिया, धरवार के बच्चों ने मुकाबला जीत लिया। इसके उपरांत विंध्याचल मंडल से कानपुर मंडल ने आसानी से जीत दर्ज की। कांटे की टक्कर के बीच फाइनल मुकाबला गोरखपुर एवं कानपुर मंडल के मध्य हुआ जिसमें बहुत ही कम अंतर से गोरखपुर मंडल विजेता बना। ब्लाक व्यायाम शिक्षक जसवंतनगर राजेश जादौन ने बताया कि हमारे बच्चों की टीम प्रदेश स्तर पर तीसरे नंबर पर स्थान प्राप्त किया है। खेल प्रशिक्षक उमेश चन्द्र यादव,अमरपाल सिंह यादव,सत्यनारायण प्रसाद,देवेंद्र कुमार, लालू यादव ने बच्चों के खेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश में तीसरे नम्बर का प्रदर्शन करना भी गर्व की बात है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी अलकेश कुमार सकलेचा,जिला व्यायाम शिक्षक गौरव पाठक,प्रमिला पाठक,योगेंद्र चौधरी,शोएब आलम,अजयपाल यादव एवं समस्त ब्लाक व्यायाम शिक्षकों अनुदेशकों व शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बाल खिलाड़ी। अमृत विचार

प्रदेश स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता 24 और 25 को

भरथना, इटावा। समाजसेवियों की स्मृति में भरथना आदर्श वॉलीबाल क्लब के तत्वावधान में 24 व 25 फरवरी को प्रदेश स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर क्लब ने तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी हैं।भरथना आदर्श वॉलीबाल क्लब के अध्यक्ष सुखराम सिन्धी ने बताया कि जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में इटावा जनपद समेत प्रदेश भर की टीमें प्रतिभाग करेगीं। प्रतिभागी टीम से किसी भी प्रकार की कोई इंट्री फीस नहीं ली जायेगी।

महिला की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

भरथना, इटावा। ग्राम नगला खरगजीत में शालनी यादव 26 वर्ष को उसके ससुरालीजन उसे अचेत अवस्था में इलाज कराने के लिए चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने शालनी को मृत घोषित कर दिया। शालनी की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिजन वहां पर पहुंच गये। पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा। अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैंफई- इटावा

पत्रांकः मीमों / निविदा विज्ञप्ति–ग्रा0पं0अ0/2023–24 दिनाँक 20.02.2024

अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत बघुईया विकास खण्ड सैंफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैंफई–इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कॉन्ट्रैक्टर्स से निविदार्ये/टेण्डर दिनांक 21.02.2024 से 25.02.2024 समय 2:00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 25.02.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.02.2024 से 25.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रातः 10:30 से 1:00 बजे तक कय किये जा सकते हैं आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से संम्बधित नियम/नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	योजना	कार्य का विवरण	अनुमानित सामग्री लागत	धरोहर धनराशि (2%)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
01	02	03	04	05	06
01	मनरेगा	ग्रा.पं. बघुईया में महेश राम की आबादी से राम दुलारी के खेत तक पक्का नाला निर्माण कार्य।	579612	11593	200

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत बघुईया, विकास खण्ड सैंफई।

एक नजर

ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की खुदकुशी

औरैया । दिबियापुर थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। गांव पुर्वा बले निवासी 19 वर्षीय सत्यम उर्फ रामजी तिवारी पुत्र उमाकांत तिवारी की पश्चिमी आउटर पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटनास्थल के कुछ दूरी पर मृतक की बाइक मिली है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। सीओ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तक खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल सका है। वहीं परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बाइकों की भिड़ंत में एक घायल, रेफर

अजीतमल, औरैया । थाना अयाना क्षेत्र अंतर्गत बाइकें आमने-सामने टकरा गई। जिसमें रंजीत पुत्र सुरेश चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसको 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अयाना भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए उसे सैफई रेफर कर दिया। जबकि दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गये।

जिले की तीनों तहसील औरैया, अजीतमल व बिधूना में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

फरियादियों को न्याय के लिए न भटकायें अधिकारी : जिलाधिकारी

- बिधूना में 71 में से एक दर्जन शिकायतों का हुआ निस्तारण
- अजीतमल में 43 शिकायतों में सात हुए निस्तारित

संपूर्ण समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले की तीन तहसील में मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय तहसील दिवस का आयोजन सदर तहसील में हुआ। डीएम व एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनका गुणवत्तापरक तरीके से निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये।

सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 73 शिकायतें आईं, इसमें 10 का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। पीड़ित विनोद कुमार ग्राम मानपुर ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम मानपुर में राजकीय नलकूप संख्या 149 एजे पर तैनात ऑपरेटर प्रद्युम्न प्रताप सिंह नलकूप पर कभी नहीं आते हैं, जिससे काश्तकारों को परेशानी होती है। प्रद्युम्न प्रताप सिंह का स्थानांतरण करवाकर किसी दूसरे ऑपरेटर को राजकीय नलकूप मानपुर पर तैनात करवाया जाए। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता नलकूप को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम।

संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने पुलिस विभाग के संबंधित समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए संबंधित पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत का संज्ञान लेकर निस्तारण की कार्यवाही नियमानुसार करना सुनिश्चित करें। जिससे आवेदकों को समस्याओं से निजात मिल सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनील कुमार वर्मा, एसडीएम सदर राकेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

अजीतमल संवाददाता के अनुसार: तहसील सभागार में एसडीएम राम अवतार वर्मा, सीओ राम मोहन शर्मा, तहसीलदार जितेश वर्मा ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर 43 शिकायती पत्र आए, जिसमें से सात शिकायती का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शिकायतकर्ता रामनरेश पुत्र बलदू निवासी ग्राम नगला बनारस ने आरोप लगाया कि ग्राम नगला बनारस मुस्तकिल की खतौनी वर्ष 1380-1382 फसली में दर्ज खातेदार ओमकार नाथ पुत्र वद्री का 1/15 भाग था। लेकिन उन्होनें बदनीयती से 1/5 भाग का आदेश करवा लिया है। जिससे उसे व अन्य सहखातेदारो की सख्त हकतलफी व असीम नुकसान हो रहा है। एसडीएम रामऔतार ने कहा कि सभी अधिकारी फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता परख तरीके से निर्वाहन करें।

71 में एक दर्जन शिकायतों का हुआ निस्तारण

बिधूना, औरैया । मंगलवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में कुल 71शिकायतें आयीं जिनमें एक दर्जन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने शेष शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किये जाने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व पुलिस एवं विकास विभाग से सम्बंधित आयीं इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हरिश्चंद्र तहसीलदार रणवीर सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह नायब तहसीलदार पीयूष साहू ने भी पीड़ितों समस्यायों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर खंड विकास अधिकारी राजनरायन तिवारी बाल विकास परियोजना अधिकारी अभिषेक कठेरिया कानून गो जगदेव सिंह यादव, सुधीर यादव यशोधरन पाल आदि मौजूद थे।

विद्यालय में मौजूद लोग। अमृत विचार

समय से विद्यालय नहीं पहुंचते प्रधानाचार्य

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। ब्लाक सहार की ग्राम पंचायत मधवापुर के अंग्रेजी माध्यम कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय मधवापुर में तैनात प्रधानाध्यापक सुरेश चंद्र विद्यालय के समय से दो घंटे बाद विद्यालय में पहुंचे। अभिवावकों द्वारा कारण पूछे जाने पर जाम और मिड डे मील राशन खरीदने की बात को कहकर पल्ला झाड़ लिया। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा सुधार को लेकर किए जा रहे प्रयास पर शिक्षकों का रवैया भारी पड़ रहा है। अक्सर देर से पहुंचने और जल्दी चले जाने से शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। तमाम निर्देशों और कार्रवाई के बाद भी रवैये में सुधार नहीं है। जबकि सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्कूल खोलने और शिक्षकों को मौजूद रहने के निर्देश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय का स्टाफ कभी समय से नहीं आता है।

बताते चलें कि बीते सोमवार को इसी विद्यालय की एक नाबालिग मंदबुद्धि छात्रा के साथ विद्यालय के पीछे लंच के समय एक अधेड़ ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था इसी की जानकारी के लिए आज जब हमारे संवाददाता विद्यालय पहुंचे तब प्रधानाचार्य नदारद मिले। इस संबन्ध में बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी को भेजकर जांच कराएंगे।

ग्रीन दिबियापुर के तहत हुआ पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता लाने हेतु जारी मुहिम पूर्वजों की याद में पौधरोपण के तहत अब तक 3317 पौधों का दान और रोपण करके राष्ट्रीय पहचान बनाने वाली ग्रीन दिबियापुर मुहिम की ब्रांड एम्बेसडर नेहा कुशवाहा ने वैदिक इंटर कालेज दिबियापुर में प्रधानाचार्य डॉ संतोष कुमार शुक्ल एवं विज्ञान शिक्षक मोहित सिंह के साथ मिलकर 20 पौधों का रोपण किया।

विज्ञान शिक्षक मोहित सिंह ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा द्वारा जारी मुहिम ग्रीन दिबियापुर की ब्रांड एम्बेसडर नेहा कुशवाहा ने बीते 14 जुलाई को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संतोष कुमार शुक्ला से पौधारोपण किए जाने एवं ग्रीन दिबियापुर मुहिम में योगदान की अपील की थी।

पौधरोपण करते शिक्षक। अमृत विचार

इसी के तहत प्रधानाचार्य समेत शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय में बोतल पाम के 20 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर ग्रीन दिबियापुर मुहिम की ब्रांड एम्बेसडर नेहा कुशवाहा समेत वरिष्ठ प्रवक्ता जितेन्द्र सिंह, अजय मिश्र, हर्षबर्धन, डॉ अजय गिरी, डॉ अमीनुद्दीन, सुशील कुमार, शिक्षक सौरव शर्मा, ब्रजेश कुमार, कल्पना यादव, रश्मि, अमरेंद्र तिवारी, आनंद शुक्ल, देवेन्द्र, देवानंद कर्मचारी लोकेंद्र, अखिलेश, संतोष, पंकज, सुरेन्द्र, छात्र न्यूटन कुशवाहा, प्रिंस शुक्ला, प्रशांत कुशवाहा, देवांश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

विद्युत लाइन हुई जर्जर, हो रहे हादसे

बिधूना, औरैया। बीते लगभग चार दशक पूर्व ऐरवाकटरा फीडर की बनाई गई विद्युत लाइन के तार बेहद जर्जर होने के चलते आए दिन टूटकर गिरने एवं फाल्ट होने के चलते जहां विद्युतापूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं, दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है। पीड़ित उपभोक्ताओं ने उच्च अधिकारियों से अतिशीघ्र जर्जर विद्युत लाइन के तार बदलवाए जाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऐरवाकटरा विद्युत फीडर से संबंधित गुलालपुर, सूरजपुर, बढिन, ऊसरपाटी, बीलपुर आदि कई गांवों को जोड़ने वाली विद्युत लाइन वर्ष 1980 में बनवाई गई थी। पिछले लगभग चार दशक से ज्यादा समय से विद्युत लाइन के बेहद जर्जर हो चुके तार न बदलवाए जाने से आए दिन टूटने व लाइन में फाल्ट आने से विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है।

नाबालिग मंदबुद्धि लड़की से अधेड़ ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। मधवापुर थाना दिबियापुर निवासिनी ने थाना दिबियापुर में जाकर लिखित तहरीर दी है जिसमें उसने बताया कि 19 फरवरी को उसकी 12 वर्षीय पुत्री प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने गई थी। जब विद्यालय में लंच का समय चल रहा था।

उसी समय इसी गांव का निवासी पप्पू उर्फ गजराज सिंह पुत्र जहान सिंह विद्यालय में आया और उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर स्कूल के पीछे ले गया और दुष्कर्म किया। स्कूल की रसोइया को घटना की जानकारी हुई तो उसने अध्यापकों को बताया। तब विद्यालय के

- 20 रुपये का लालच देकर किया दुष्कर्म, आरोपी फरार

शिक्षकों ने बच्ची के परिजनों को सूचना दी। परिजन विद्यालय पहुंचकर बच्ची को बदहवास हालत में घर लाये तब उसने पूरी घटना परिजनों को बताई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना इंचार्ज दिबियापुर मुकेश कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस द्वारा दबिश जारी है। शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

सार-संक्षेप

परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

मदरसा बोर्ड : पांच परीक्षार्थीयों ने छोड़ी परीक्षा

एरवाकटरा, औरैया । कस्बा ऐरवा कटरा के गाजीपुर मार्ग पर केंद्र मोहम्मद हारुन रशीद में चल रही मदरसा बौद्ध की परीक्षा में आज पांच परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। केंद्र व्यवस्थापक मोहम्मद असलम ने बताया कि सुबह पाली में हिंदी भाषा के पेपर में 46 परीक्षार्थी में 43 छात्र परीक्षा में बैठे। तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शाम पाली में सीनियर सेकेंडरी हिंदी भाषा, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान(उलूम) 22 परीक्षार्थी में 20 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ से ऑनलाइन निगरानी में हैं। सचल दल नाजरीन बानो, मोहम्मद साहिल, अलिफाक, जेबा, साहिन मानसी आदि नकल विहीन परीक्षा में सहयोग कर रहे हैं।


नरसिंह यादव का स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

नरसिंह बने सपा के विशेष आमंत्रित सदस्य

कंचौसी, औरैया। समाजवादी पार्टी के उत्तर प्रदेश राज्य कार्यकारिणी में विशेष आमत्रित सदस्य के रूप मे नगर पंचायत कंचौसी के महाराणा प्रताप नगर निवासी नरसिंह यादव को नामित किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव की स्वीकृति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने नामित किया । दो दशक से समाजवादी पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप मे काम करने वाले नरसिंह यादव को राज्य कार्यकरिणी में विशेष आमत्रित सदस्य बनाये जाने पर सपा नेता शिवम यादव टोनू के आवास पर नामित सदस्य का सपा कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया । इस मौके पर धर्मेन्द्र सिह यादव, इन्द्रजीत सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गजेन्द्र यादव, शिवम यादव टोनू, गौरव दोहरे, कल्लू मस्ताना, राम जीत यादव, दीपक, बृजेश, उमेश दिवाकर, निखिल, भोला आदि मौजूद रहे। वहीं नरसिंह यादव ने कहा कि पार्टी ने हम पर को जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे हम पूरी तरह से निभायेंगे।

दस्यु सुन्दरी सीमा परिहार सहित नौ आरोपी दोषी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। कोतवाली औरैया पर पंजीकृत मुकदमा वादी श्रीकृष्ण त्रिपाठी पुत्र रामसनेही निवासी गढिया बक्सीराम कोतवाली औरैया की ओर 10-15 अज्ञात बदमाशों द्वारा वादी के भाई प्रमोद कुमार की 20 मार्च 1994 की रात्रि में ट्यूबवेल ग्राम गढ़िया बक्सीराम से अपहरण किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

विवेचना के क्रम में अपहृत प्रमोद पुत्र रामसनेही 26 अप्रैल 1994 को स्वंय वापस आया। अपहृत के बयान के आधार पर मुकदमा में धारा 364-ए भादवि का लोप कर धारा 365 में तरमीम

हुआ व सीमा परिहार पुत्री शिरोमणि निवासी बबाईन सहित 9 आरोपी प्रकाश में आये। सभी आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय द्वारा कोतवाली औरैया पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में मंगलवार को सीमा परिहार सहित अन्य आरोपियों को दोषी पाया गया है। जिसका निर्णय न्यायालय द्वारा सुरक्षित करते हुए 21 फरवरी को सुनाया जायेगा।

प्लास्टिक सिटी तक फोरलेन होगी गड्ढा मुक्त

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिला मुख्यालय के निकट बहुप्रतीक्षित प्लास्टिक सिटी को जाने का मार्ग फोरलेन जल्दी ही गड्ढे मुक्त हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए शासन से 27 करोड़ का बजट प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद जताई है। इसके बाद लोक निर्माण द्वारा टेंडर प्रक्रिया जल्दी ही कराई जायेगी। शासन से अनुमति मिलते ही 2.5 किमी प्लास्टिक सिटी सड़क पर जल्दी ही स्वीकृति मिलने वाली है, जिससे कंचौसी मोड़ से लेकर ढाई किलोमीटर प्लास्टिक सिटी एरिया तक सड़क चमाचम हो जाएगी। यूपी सीडा के अधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क बनाने का प्रस्ताव शासन को

प्लास्टिक सिटी के लिए जाता हुआ मार्ग। अमृत विचार

भेज दिया गया है।

जल्दी ही यह आदेश पारित होते ही सड़क गड्ढा मुक्त हो जाएगी फिलहाल में यह सड़क प्लास्टिक सिटी तक ही फोरलेन बनेगी जिससे जिले में उद्यमी को आने-जाने में असुविधा ना हो। इसके लिए शासन स्तर पर बड़ी तैयारी की जा रही है । जानकारी के लिए बता दें प्लास्टिक सिटी में छोटे-छोटे करीब एक सैकड़ा से अधिक उद्यमी यहां अपना उपक्रम लगाएंगे। जिससे आसपास के लोगों को एक बड़ा रोजगार मिलेगा और यहां से बना हुआ सामान प्रदेश तथा दूसरे प्रदेश में जाएगा। जिलाधिकारी ने पूरी सक्रियता के साथ बिजली सड़क नाली निर्माण पर आदेश भी जारी किए। जिससे उद्यमी को किसी प्रकार से असुविधा का सामना न करना पड़े।

वहीं जनवरी माह में बिजली विभाग के अधिशाषी अधिकारी लेखराज सिंह, एसडीओ आकाश श्रीवास्तव, अवर अभियंता विवेक खरे ने भी प्लास्टिक सिटी का भ्रमण किया था। जल्द ही बिजली की व्यवस्था सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया था। अब कंचौसी मोड़ से लेकर प्लास्टिक सिटी तक स्ट्रीट लाइट तेजी से लग रही हैं। प्लास्टिक सिटी में सड़क बिजली की व्यवस्था सुधार जल्दी ही होने की उम्मीद है।

सियासत लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल कार्यशाला आयोजित, 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थियों से संपर्क करेंगे

अगले 100 दिन मिशन मोड में जुटें भाजपा कार्यकर्ता : सिंह

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले के विभिन्न मंडलों में भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन हुआ। दिबियापुर नगर के औरैया रोड पर स्थित अवंतीबाई पुस्तकालय में दिबियापुर मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला के मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिये अगले 100 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इन 100 दिनों में कार्यकर्ताओं को बूथों को मजबूत व फुलप्रूफ बनाने में मिशन मोड में जुटना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रचार का रोडमैप दिया। 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क

बैठक को संबोधित करते जिला प्रभारी आनंद सिंह। अमृत विचार

अभियान चलेगा। संपर्क के दौरान कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों का पत्रक देने, घरों पर स्टीकर लगाने, लाभार्थी से संवाद कर सेल्फी लेने और डिटेल सरल एप पर अपलोड करने का काम करेंगे। मंडल प्रभारी विकास गौर ने बताया कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक बूथ पर 20 से 40 लाभार्थियों से संपर्क करेंगे।

मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान ने प्रत्येक बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक वोट पाने के के लिए बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। इसके अलावा औरैया नगर में मंडल अध्यक्ष राम जी बाजपेई की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता,ओरैया देहात में अभियान के सह संयोजक राहुल गुप्ता ,फफूंद में अवधेश शुक्ला ,प्रेम गुप्ता ने कार्यशाला में कार्यकेताओ को गुरुमंत्र दिए।

पात्र व्यक्तियों को मिलेगा योजना का लाभ

औरैया । श्रम प्रवर्तन अधिकारी रीमा सिंह ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ई-श्रम कार्ड धारकों हेतु उनके मृत्यु, दिव्यांगता की दशा में अनुग्रह राशि के हित लाभ की घोषणा की गयी है। ऐसी सभी असंगठित कर्मकार जो ई-श्रम पोर्टल पर 31 मार्च 2022 को या उससे पहले पंजीकृत थे एवं उक्त अवधि में आयकरदाता या ईपीएफओ, ईएसआईसी के सक्रिय सदस्य न हो, को निम्न हितलाभ देय होगा। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर रुपये दो लाख, दोनों आंखों की पूर्ण और अपूर्णीय हानि या दोनों हाथों या पैरों के पूर्ण और अपूर्णीय हानि या एक हाथ और एक पैर के उपयोग के पूर्ण और अपूर्णीय हानि या एक आंख दृष्टि के पूर्ण और अपूर्णीय हानि और एक हाथ या एक पैर के उपयोग की हानि होने पर रुपये दो लाख, तथा एक आंख की दृष्टि की पूर्ण और अपूर्णीय हानि या एक हाथ या एक पैर के उपयोग कर पूर्ण और हानि पर रुपये एक लाख मिलेंगे। आवेदक की मृत्यु व विकलांगता 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 तक की अवधि में होने की दशा में पात्र होंगे। अन्य जानकारी के लिए जनपद के श्रम विभाग के कार्यालय श्रम प्रवर्तन अधिकारी ब्लॉक परिसर में संपर्क किया जा सकता है।

लोकसभा चुनावों को लेकर अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता : गोविंद

संवाददाता, फफूंद, औरैया

अमृत विचार। कस्बा के मोहल्ला कटरा मनेपुर में मंडल फफूंद के लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल के अध्यक्ष गोविंद मिश्रा एवं संचालन मंडल महामंत्री अनुज दुबे ने किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी को हर हाल में 400 सीट लानी है। इन सीटों को लाने के लिए अभी से मंडल फफूंद के सभी पदाधिकारी जुट जाएं। इस कार्य के लिए शासन के द्वारा लाभार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। इस सूची को लेकर के हर बूथ पर लाभार्थियों के पास जाकर मोबाइल में उनका

बैठक को संबोधित करते भाजपाई। अमृत विचार

- लाभार्थी महा संपर्क अभियान के तहत मंडल फफूंद की कार्यशाला बैठक संपन्न

डाटा फीड करना है। उनके नंबर से इस नंबर पर मिस कॉल करना है 9222012024 यह महा अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा। विशेष रूप से एक से तीन मार्च तक निर्धारित किया गया है। मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा है। इस मौके पर विधानसभा दिबियापुर विस्तारक शिव प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री अनुज दुबे, विधानसभा दिबियापुर संयोजक प्रदीप पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु दत्त शुक्ला, मंडल मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

एक नजर

रसिका शेखर के गीतों पर थिरक उठा लखनऊ

अमृत विचार, लखनऊ : तीन ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिक्की केज की भक्तिमय बैंड प्रस्तुति और रसिका शेखर के बांसुरी वादन का दर्शकों ने जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन आनंद उठाया। मुंबई से आए रिक्की केज व उनकी टीम ने गीतों के जरिए गंगा व शिव की आराधना की तो रसिका शेखर के गीतों व बांसुरी की धुन पर लखनऊ थिरक उठा। वहीं शहर में बनाए गए अनेक मंचों पर मयूर, फरुवाही, अवधी, राई, बमरसिया आदि लोकनृत्य का भी लोगों ने दीदार किया। रिक्की केज व उनकी टीम ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मेन हैंगर में उप्र संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। देवी सुरेश्वरि भगवती गंगे भजन पर सबसे पहले गंगा नदी की महिमा का वर्णन किया गया। इसके बाद पधारो म्हारे देश सुनाया। बम लहरी- ऊं नम: शिवाय से शिव जी के चरणों में श्रद्धा निवेदित की गई।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर इप्सेफ का सत्याग्रह आंदोलन 6 मार्च से

अमृत विचार, लखनऊ : पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) 6 मार्च से सत्याग्रह आंदोलन करेगा। यह निर्णय मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई कोर कमेटी की बैठक में लिया गया। वीपी मिश्रा ने बताया कि सत्याग्रह के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, 8वें वेतन आयोग का गठन, पिछले वेतन आयोग का दो वर्ष पहले गठन हुआ था, आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मचारी की सेवा सुरक्षा के लिए नीति बनाकर उन्हें नियमित करने की कार्रवाई की जाए और उन्हें न्यूनतम वेतन दिए जाने को शामिल किया जाए। बैठक में महासचिव प्रेमचंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला ,ओपी शर्मा, ईश्वर सिंह और आरके भदोरिया उपस्थित रहे।

बरेली में सर्वाधिक 1002 करोड़ का डेयरी में निवेश

जीबीएस में पशुधन की 532 परियोजनाएं शुरू, मंत्री बोले, परियोजनाओं से 1,23,167 लोगों को प्राप्त होगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि राजधानी में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत पशुधन विभाग में 2131.65 करोड़ रुपये की 532 निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। इसमें डेयरी क्षेत्र में 10021.66 करोड़ लागत की 253 परियोजनाएं शुरू हुई हैं। डेयरी क्षेत्र में सर्वाधिक 1002 करोड़ रुपये का निवेश बरेली में हुआ है। जबकि अयोध्या मण्डल में सर्वाधिक 111 परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। मंत्री ने दावा किया कि इन परियोजनाओं से एक लाख 23 हजार 167 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अंतर्गत पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के निवेश परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री धर्मपाल ने बताया कि सेरेमनी में 1250 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के अधारशिला का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 180 प्रतिशत अधिक सफलता प्राप्त हुई है। क्षेत्रवार इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत जेबीसी में पूर्वांचल में 229, मध्यांचल में 145, पश्चिमांचल में 114 तथा बुंदेलखंड में 44 निवेशकों द्वारा विशेष रुचि दिखाई गई है। बागपत में 800 करोड़ का निवेश उल्लेखनीय उपलब्धि है। इनके अलावा बाराबंकी में 600 करोड़ रुपये, हापुड़ में 502 करोड़ रुपये, मेरठ में 450 करोड़ रुपये, बुलंदशहर में 422.70 करोड़, कानपुर देहात में 410 करोड़ तथा शाहजहांपुर में 300 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा।

इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे, विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, विशेष सचिव अमर नाथ उपाध्याय सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव में पुस्तक का विमोचन करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री नंद गोपाल नंदी, राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा व अन्य। फोटो : अमृत विचार

फन यू टॉयज 20 हजार युवाओं को देगी रोजगार

बड़े प्रोजेक्ट्स के माध्यम से मिलने वाले रोजगार की बात करें तो इसमें कई प्रमुख संस्थान शामिल हैं। जैसे टोरेंट पावर लिमिटेड सोनभद्र में 22800 करोड़ का निवेश करेगी। इससे प्रदेश के 4800 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी तरह एम3एम इंडिया प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 7500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 14 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लि. गौतमबुद्धनगर में 4 हजार करोड़ का निवेश करेगी। इससे पांच हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा फन यू टॉयज गौतमबुद्धनगर में 1052 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे बीस हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

10 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं लेंगी आकार

योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 में जिन 14 हजार परियोजनाओं की शुरुआत की है। इनमें सबसे अधिक 52 प्रतिशत परियोजनाएं पश्चिमांचल, 29 प्रतिशत पूर्वांचल, 14 प्रतिशत मध्यांचल और 5 प्रतिशत बुंदेलखंड में धरातल पर उतरेंगी। जाहिर है इन क्षेत्रों में होने जा रहे इन निवेश के जरिए बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलने जा रहा है। जो निवेश हो रहा है उसमें 10 हजार करोड़ से अधिक की 23 प्रतिशत परियोजनाएं हैं। वहीं 5 हजार से 10 हजार करोड़ की 12 प्रतिशत, एक हजार करोड़ से 5 हजार करोड़ की 20 प्रतिशत, 500 करोड़ से एक हजार करोड़ की 10 प्रतिशत, 100 करोड़ से 500 करोड़ की 20 प्रतिशत, 20 करोड़ से 100 करोड़ की 10 प्रतिशत और 20 करोड़ से कम की 5 प्रतिशत परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, 13 प्रतिशत रिन्यूवल एनर्जी सेक्टर, आईटी एंड इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर की 9 प्रतिशत, पॉवर सेक्टर की 8 प्रतिशत, फूड प्रोसेसिंग और रियल स्टेट सेक्टर की 6 प्रतिशत, एमएसएमई सेक्टर की 5 प्रतिशत और हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेंमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट और एजुकेशन सेक्टर की 3-3 प्रतिशत की भागीदारी है। इसके अलावा हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरी, डेयरी, कॉपरेटिव, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फार्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्ब्रैंडी सेक्टर का भी अहम रोल है। इन सभी सेक्टर्स में लोगों की डिमांड बढ़ेगी, जबकि यूपी के वो युवा जो दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं, उनके लिए भी वापसी संभव हो सकेगी।

ये कंपनियां भी देंगी बड़े पैमाने पर रोजगार

- एडवर्ब टेक्नॉलीज- गौतमबुद्ध नगर में 500 करोड़ निवेश, रोजगार 2000
- ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र में 17181 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे 300 युवाओं को रोजगार मिलेगा।
- आईकेईए ग्रुप- गौतमबुद्ध नगर में 4300 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
- लोढ़ा ग्रुप- अयोध्या में 3000 करोड़ का निवेश, रोजगार 100
- शराफ ग्रुप- मुरादाबाद में 1250 करोड़ का निवेश, रोजगार 1250
- अशोक लीलैंड- लखनऊ में 1000 करोड़ का निवेश, रोजगार 500
- जेएसडब्ल्यू एनर्जी- सोनभद्र में 8000 करोड़ का निवेश, रोजगार 840
- टाटा टेक्नॉलाजी- लखनऊ में 4200 करोड़ का निवेश, रोजगार 450
- वरुण वेबरेज- प्रयागराज, अमेठी, गोरखपुर और चित्रकूट में 3500 करोड़ का निवेश, 1500 रोजगार

राजधानी को बनाएंगे एआई सिटी का प्रमुख केंद्र : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी को एआई सिटी का प्रमुख केंद्र बनाने पर सरकार काम कर रही है। यह केंद्र एयरपोर्ट के पास खुलेगा। इसमें आईआईएम लखनऊ के युवा भागीदार बनेंगे। जबकि गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में भी एआई केंद्र खुलेगा। इसके जरिये प्रदेश के लाखों नौजवानों को उनके घर और जनपद में नौकरी मिलेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आईजीपी में आयोजित डेस्टिनेशन यूपी-इमर्जिंग हब फॉर एआई इन इंडिया कॉन्क्लेव में कहीं।

जीबीसी-4 में भारी संख्या में आए आईआईएम के छात्र-छात्राओं से मुख्यमंत्री ने लखनऊ में एयरपोर्ट के पास एआई सिटी और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा को एआई केंद्र स्थापित करने और गौतमबुद्धनगर में भी केंद्र स्थापित करने की दिशा में भरपूर सहयोग देने की अपेक्षा की। कहा कि प्रदेश डाटा सेंटर का हब बनने जा रहा है। यहां पर तीन डाटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं जबकि आठ नए डाटा सेंटर बन रहे हैं। जीबीसी 4.0 में 10 लाख 24 हजार करोड़ की परियोजनाओं से 35 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी मिलेगी।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कॉन्क्लेव में आईलेट्स की मदद से डेस्टिनेशन यूपी अपॉर्च्युनिटीज एआई बुक की लॉन्चिंग की। इस दौरान योगी की मौजूदगी में तीन एमओयू का आदान प्रदान किया गया। इसमें माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के अभिषेक बोस, एचसीएल साफ्टवेयर के ध्रुव कोहली ने एआई सेंटर स्थापित करने और वाधवानी एआई के शेखर ने सरकार से एमओयू का आदान प्रदान किया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री योगेंद्र कुमार उपाध्याय, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह, डेनियल नाइफ हेड ऑफ इनोवेशन एंड इंटरप्रोन्योरशिप ईटीएच एआई जुरीक आदि मौजूद रहे।

पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का सबसे सुंदर मॉडल यूपी में

योगी ने कहा कि आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस का प्रयोग करके कितना बड़ा कार्य हो सकता है, इसे प्रदेशवासियों ने पिछले 7 वर्षों में देखा है। इसके जरिये सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश में 2016-17 तक लोग भूख से मर रहे थे। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का सबसे सुंदर मॉडल खड़ा हो चुका है। ई पॉस मशीन के जरिये एक जगह एक स्क्रीन से हर लाभार्थी को उसके अनुसार खाद्यान्न मिलने की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

प्रदेश में प्रत्येक निवेश पूरी तरह से सुरक्षित

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले प्रदेश में कोई निवेश नहीं करता था जबकि आज उत्तर प्रदेश देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के केंद्र के रूप में उभरा है। सीएम योगी ने विभिन्न इंडस्ट्री से आए मेहमानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश में एक-एक निवेश पूरी तरह से सुरक्षित होगा। सरकार हर तरह की अपनी प्रतिबद्धताओं को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाएगी।

सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी सबसे बेहतर : अनिल राजभर

जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव का हुआ आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव में कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करने की अपील की गई। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है।

अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद, मुख्यमंत्री के संकल्प और अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से प्रदेश के विकास की नई गाथा लिख दी गई है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि हम इस तरह के इवेंट करेंगे। लोग कहते थे कि निवेश का प्रस्ताव मिलना और उसका धरातल पर उतारना दोनों अलग-अलग बात है। मगर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर गया है। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है। यूपी में 8.39 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं। सीएसआर फंड को खर्च करने के लिए बहुत बड़ी संभावना यूपी में है।

सीसीआर पोर्टल की शुरूआत, सीसीआर प्रमुखों का सम्मान : इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर और राज्यमंत्री असीम अरुण ने सीएसआर पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा सीएसआर के मैनुअल 'समुदाय' का विमोचन किया गया। वहीं प्रदेश में सीएसआर फंड से बड़े स्तर पर सामाजिक कार्य कर रही कंपनियों वेदांता समूह, एचसीएल, एनसीएल, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन, आईटीसी लिमिटेड और एनटीपीसी के सीएसआर प्रमुखों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही प्रदेश ने सीसीआर को लेकर भौमिक से एमओयू भी किया।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव में पुस्तक का विमोचन करते मंत्री असीम अरुण, मंत्री अनिल राजभर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य। अमृत विचार

- सरकार के मंत्रियों व अधिकारियों ने की सीएसआर फंड के रचनात्मक उपयोग की अपील

सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह: अरुण

समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह है, जो ये सुनिश्चित करता है कि कोई डिब्बा पीछे ना छूट जाए। समाज का कोई तबका विकास से वंचित न रहे, यही सीएसआर के मूल में है। वस्तुत: ये समाज के लिए अच्छी दिशा दिखाने वाला प्रयास है। असीम अरुण ने विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड से किये गये कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें अन्य कंपनियों के लिए मॉडल बताया।

प्रदेश में होगा सीएसआर समिट का आयोजन: दुर्गा शंकर

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि देश में ही नहीं विश्व कोई ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा, जहां एक साथ 14 हजार 619 उद्योग एक दिन में धरातल पर उतरे हों। प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मुख्यमंत्री की मेहनत से आश्चर्यचकित करने वाला परिणाम हासिल हुआ है। कहा कि सीएसआर के मूल में हमारी सनातन संस्कृति के विचार हैं, जो सामूहिकता पर बल देते हैं। कोरोना काल में हमने देश की सामूहिक शक्ति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखा है। उन्होंने बताया कि 2015 से 2023 के बीच में प्रदेश में दो लाख करोड़ का सीएसआर फंड प्राप्त हुआ है। कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का रचनात्मक कार्यों में उपयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी बताया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश सीएसआर समिट का आयोजन करेगी, जिसमें कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों की भागीदारी होगी। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि सीएसआर कंपनियों की ओर से दान नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है।

वर्ग पहेली-349

बाएं से दाएं

1.1. बैठने की एक प्रकार की चार पाए वाली लंबी चौकी 2. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों के बैठने का स्थान 3. पत्थर आदि का बना हुआ पाश्चात्य ढंग का आसन 4. सरकारी न्यायालय के न्यायकर्ता।

3.1. कोई चीज़ तोड़ने में किसी को प्रवृत्त करना, तुड़ाना 2. बड़े सिक्के को उतने ही मूल्य के छोटे-छोटे सिक्कों में बदलवाना।

5.1. चांद्रमास के कृष्ण या शुक्ल पक्ष की छठवीं तिथि 2. बच्चे के जन्म के छठे दिन होने वाला उत्सव या ऊबना

6. वह स्थान जहां अपराधियों को सजा की अवधि समाप्त होने तक रखा जाता है, बंदीगृह, जेलख़ाना, कारागार।

7.1. पत्थर तराशने की छेनी, नक्काशी करने वालों का एक औज़ार 2. छोटा टकुआ।

8.1. वनौषधि, बूटी 2. वह औषधि जिसकी जड़ दवा के काम लाई जाए।

ऊपर से नीचे

2.1. 'घड़-घड़' आवाज़ होने का भाव 2. गाड़ी चलने का स्वर।

4.1. पुराने समय में प्रचलित एक प्रकार का बाण जो बांस की नली में रखकर चलाया जाता था, तुफंग 2. भाला 3. कमल-दल, कमल-नाल 4. कमंडल।

5. छली, कपटी, छल करने वाला।



वर्ग पहेली - 348 का हल

1 पा	प	ना	2 श	क	
प			व		3 नो
शो		4 ओ	दा	र	ना
ध			ह		
न			गृ		5 ती
		6 स	ह	चा	र
7 के	था				थ

सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5			9			7		
		8						9
	7		4		2		6	
	9				8		4	
		2	7			8		
	8		5				3	
	1			3	5		7	
7						1		5
		6			4			3

सुडोकू - 65 का हल

1	5	4	9	7	6	8	3	2
3	7	6	8	2	4	1	5	9
9	8	2	5	1	3	7	6	4
6	4	7	1	9	5	3	2	8
5	2	3	4	8	7	9	1	6
8	9	1	6	3	2	5	4	7
7	6	8	2	5	1	4	9	3
4	3	5	7	6	9	2	8	1
2	1	9	3	4	8	6	7	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 11.27 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 14.18 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज किसी परिजन को लेकर परेशानी हो सकती है। खान-पान में सावधानी रखनी चाहिए। अपने विचारों को लेकर किसी पर दबाव न बनायें। अधूरे काम समय पर पूरे होने के योग बन रहे हैं। कारोबार को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं।

वृष — आज अपने विचारों और सिद्धांतों से लोगों को काफी प्रभावित करेंगे। डिजिटल मार्केटिंग के करियर से जुड़े लोगों को अच्छे प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। नई संपत्ति खरीद रहे हैं तो आपको बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।

मिथुन — आज वरिष्ठ अधिकारी आपके अनुकूल नहीं है। कोर्ट-कचहरी के विवाद बढ़ सकते हैं। आप महंगे आभूषणों के शौकीन हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में धीरे-धीरे बदलाव होगा। परिजनों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

कर्क — आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यापार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। बड़ी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

सिंह — आज आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने से आपको परेशानी होगी। मन में अज्ञात भय का भाव रहेगा। दूसरों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। लवमेट्स को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। नए अनुबंध करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

कन्या — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह लेने से आपको लाभ मिलेगा। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। जॉब के बढ़ियां प्रपोजल आपको मिल सकते है। पारिवारिक रिश्तों में अच्छा सामंजस्य रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला — आज रुके हुए काम आपके बनने के योग बन रहे हैं। दोस्त आपकी काफी मदद करेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा चल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। अपनी व्यक्तिगत बातों को सार्वजनिक न होने दें।

वृश्चिक — आज किसी पुराने लोन की किश्त भरने में धन खर्च कर सकते हैं। अधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। विदेश यात्रा को लेकर दिन काफी अच्छा है। विद्यार्थी पढ़ाई में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी भी काम को जल्दबाजी में न करें।

धनु — आज यात्राओं में समय और धन बर्बाद होगा। आप लोगों की मदद करेंगे आपको उसके लिए सम्मान नहीं मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। आपका मूड अचानक से बदल सकता है। इसलिए आज बड़े निर्णय लेना उचित नहीं है।

मकर — आज सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होसकती है।

कुंभ — आज व्यापार में ग्राहक बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण कर सकते हैं। परिवार के लिए आप समय निकालेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

मीन — आज पूजा-पाठ और धार्मिक विषयों की तरफ आप काफी आकर्षित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कुछ अनबन हो सकती है। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- भीष्मा — सुबह : 10.00
- दानवीर — रात : 07.00

SONY PIX
- ब्राइटबर्न — सुबह : 11.24
- रैमपेज — रात : 08.45

SONY SMAX
- पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 10.57
- सत्यमेव जयते 2 — रात : 10.01

ZEE CINEMA
- बुलंदी — सुबह : 10.30
- आचार्य — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- द बॉडी — दोपहर : 01.51
- तनु वेड्स मनु — रात : 09.33

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों का नाम बताओ ?
सोनू -मेंढक
टीचर-वाह, बाकी चार भी बताओ
सोनू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई।

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो।
लड़की-कुछ नहीं है बाबा, माफ करो
भिखारी- कुछ नहीं तो अपना मोबाइल नंबर ही दे दो,
बाबा दुआ भी करेगा और मैसेज भी।

पूरी जिम्मेदारी व सजगता से करायें परीक्षाएं : डीएम

बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएम व एसपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक , कहा न हो किसी प्रकार की हीलाहवाली

यूपी बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को जनपद में शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराए जाने के कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में बैठक संपंन्न हुई। डीएम व एसपी ने जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि परीक्षा में दी गई जिम्मेदारी को पूरी सजगता के साथ निभाते हुए अंजाम दें और आपसी समन्वय के साथ किसी आने वाली चुनौती को निष्पक्ष होकर निस्तारित करें जिससे परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित हो सके। एसपी ने कहा कि सभी लोग जिम्मेदार हैं, इसमें किसी प्रकार की कोई शिथिलता और अनियमितता न हो। इसलिए निर्धारित समय और व्यवस्थाओं सहित परीक्षा को सम्पन्न करायें। अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की टॉप टेन पर यह बोर्ड परीक्षा है बोर्ड परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराना हम आप सभी का दायित्व है। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचकर परीक्षा को सकुशल संपन्न करायें । प्रत्येक दशा में हम लोगों को जनपद में बोर्ड परीक्षाएं नकल विहीन, सुचितापूर्ण संपन्न कराना है। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा संचालित रहे एवं डीवीआर सही तरह से चले इसका आप विशेष ध्यान दें इसके अलावा शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, फर्नीचर, बाउंड्री वॉल बैठने की समुचित व्यवस्था कराई जाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि पूर्व में ही सभी परीक्षा केंद्रों का आप लोग भ्रमण अवश्य कर ले। परीक्षा केंद्र के एक किलोमीटर के अंतर्गत फोटोकॉपी मशीन संचालन भी प्रतिबंधित रहेगा, परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतया प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि जो परीक्षा संपन्न कराने के लिए बोर्ड द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं उसी के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना है उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से संचालित रहे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक संपन्न कराई जाएगी। परीक्षाएं प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 2 बजे से 5:15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। जनपद में कुल 73 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हाई स्कूल में 22707 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट में 19758 परीक्षार्थी, कुल 42465 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पांच सचल दल का गठन किया गया है इसके अलावा केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्क्वॉड भी लगाए गए हैं तथा जिले में कंट्रोल रूम की स्थापना ई-डिस्ट्रिक्ट लैब कार्यालय ककोर मुख्यालय में की गई है, जिसके प्रभारी अधिकारी जिला सेवायोजन अधिकारी आशीष शुभम चौधरी है, कंट्रोल रूम का नंबर- 73504134 है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर निशांत तिवारी, प्रिंसिपल डायट सहित संबंधित अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक रहे।

बैठक के दौरान निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारु निगम। अमृत विचार

डीएम ने क्रय-विक्रय की गई भूमि का किया निरीक्षण

औरैया । जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने सदर तहसील अन्तर्गत मौजा भियांपुर में क्रय विक्रय की गई भूमि का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विक्रय पत्र के साथ संलग्न किए गए स्टांप पत्रों को भी जांचते हुए कहा कि भूमि कि मालियत पुन: जांच कराते हुए संलग्न किए गए स्टांप पत्रों के मूल्य को देखा जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा यदि नियमानुसार निर्धारित मूल्य के अनुरूप स्टांप पत्रों में कमी पाई जाएगी तो नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित होगी। इस मौके पर सदर तहसीलदार व लेखपाल मौजूद रहे।

सीएचसी का निरीक्षण करते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

आयुष्मान कार्ड की प्रगति बढ़ाने के दिए गये निर्देश

संवाददाता ताखा, इटावा

- सीएचसी सरसईनावर का किया निरीक्षण

अमृत विचार। सीडीओ अजय कुमार गौतम ने मंगलवार को सीएचसी सरसईनावर का औचक निरीक्षण किया । उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था अच्छी होने की सराहना करते हुए परिवार कल्याण में विवेक कुमार से प्रगति के बारे में जानकारी की। महिला नसबंदी के मामलों में प्रगति अच्छी मिली। पुरुष नसबंदी के केस बढ़ाने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य में बीसीपीएम तेज प्रताप लक्ष्य एवं प्रगति की गहन समीक्षा की। आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जनसेवा केंद्र संचालकों से संपर्क करके प्रगति को बढायें, एफ आर यू में प्रसव नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। कहा जो मरीज बाहर जाते है उन्हें उचित इलाज दिया जाये। आशा कक्ष में गेट नहीं होने पर गेट लगवाने को कहा। जल्द कक्ष की व्यवस्था सही करने के निर्देश दिये।

वन रेंज कार्यालय को महिलाओं ने घेरा

संवाददाता बकेवर, इटावा

- लखना वन रेंजर को ज्ञापन दिया
- भाकियू लोक शक्ति ने अभद्रता का आरोप लगाया

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सरिता यादव एवं जिला अध्यक्ष इंद्र कुमारी के नेतृत्व में महिलाओं ने हरे भरे पेड़ों के कटाने के विरोध में लखना वन रेंज कार्यालय का घेराव किया। मंगलवार को उपजिलाधिकारी भरथना के नाम संबोधित कर लखना वन रेंजर को ज्ञापन दिया । घेराव करीब तीन घंटे तक चला।

प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सरिता यादव ने बताया कि हरे पेड़ों के कटान एवं उनकी शिकायत करने पर वन कर्मचारी की अभद्रता के चलते ज्ञापन दिया है। लखना रेंजर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो आगे जिला पर धरना दिया जाएगा।

धरने को विमलेश यादव, बब्ली ,ज्ञान कुमारी,माया ,रशिमी,उपासना,ज्योति, रश्मि, मीना,रुबी मौजूद रहे।

ज्ञापन देतीं प्रदेश अध्यक्ष सरिता यादव । अमृत विचार

मतदाता सूची से संबंधित बैठक कल

इटावा। प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता की तारीख 1 जनवरी के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 का अन्तिम प्रकाशन 23 जनवरी को विधिवत करा दिया गया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद निरन्तर पुनरीक्षण के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी है। उन्होने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों से अनुरोध किया है कि बैठक में प्रतिभाग करें।

बैठक के दौरान चर्चा करते शिक्षक। अमृत विचार

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ । अमृत विचार

शिक्षण कार्य में बदलाव लाकर बनायें रोचक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- शिक्षक संकुल बैठक में हुई नवाचारों पर चर्चा

अमृत विचार। शिक्षण की विधाओं में परिवर्तन लाकर उसे और अधिक रोचक बनाया जा सकता है। ताकि विद्यार्थी उसमें रुचि लें और ध्यान पूर्वक पढ़ाई करें। यह बात मिहौली शिक्षक संकुल की बैठक जो कि प्राथमिक विद्यालय रौतियापुर में हुई में एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही।

न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षक संकुल के प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय रौतियापुर में हुई। बैठक में एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने सभी शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के तहत अपने-अपने विद्यालय को प्रेरक बनाने के सारे मापदंडों पर कार्य करने का सुझाव दिया। बैठक में निपुण भारत मिशन की संकल्पनाओं, निपुण सूची, निपुण तालिका और मॉड्यूल पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षक संकुल सदस्य अखिलेश दुबे ने एक प्रयोगात्मक सेशन लेकर उपस्थित अध्यापकों को दीक्षा पर क्यूआर कोड स्कैन की प्रक्रिया व साप्ताहिक क्विज, प्रेरणा एप को रीड अलांग एप से पार्टनर कोड के माध्यम से समायोजित करवाना बताया। इसके बाद शिक्षक संकुल सदस्य विशाल मिश्र ने पपेट बनाकर शिक्षण व्यवस्था में छूटे बच्चों को रोचक विधियों से पढ़ना बताया। इस दौरान मीटिंग में मौजूद शिक्षकों चार्ट टीएलएम से अपने अपने नवाचार का प्रदर्शन किया। संकुल मीटिंग में नेहा चतुर्वेदी, उर्मिला गौतम, मुहम्मद सलीम,बलराम सिंह, हरिओम दिव्यांशी त्रिपाठी कामिनी दुबे,रंजना देवी, छाया देवी मनोज उपस्थित सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

शैक्षणिक भ्रमण पर कानपुर गये किसान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। राज्य के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए मुख्य विकास अधिकारी अनिल सिंह द्वारा किसानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अपेक्षा महिला एवं बाल विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विभाग के सहयोग से जनपद के 50 किसानों को 4 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्स्टेंशन योजना अंतर्गत (एसएमएई) राज्य के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण के लिए चन्द्र शेखर आज़ाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर दलहन अनुसंधान कल्याणपुर कानपुर एवं नेशनल वेजिटेबल सेंटर उमर्दा जनपद कन्नौज के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समिति सचिव रीना पाण्डेय ने बताया कि विगत 9 वर्षों से समिति जनपद औरैया में किसान महिला आजीविका महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर कार्य कर रही है।

किसानों को शैक्षणिक भ्रमण प्रशिक्षण के माध्यम से समुदाय के सीमांत एवं मध्यम किसानों को दो गुनी आय जैविक कृषि के लिए जागरूक करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी औरैया बब्बन प्रसाद मौर्य, कृषि उपनिदेशक प्रदीप कुमार, एसडीओ हिमांशु रंजन श्रीवास्तव समिति सचिव रीना पाण्डेय मौजूद रहे।

युवक को बनाया जहर खुरानी का शिकार

इटावा । बस में सवार युवक को जहरखुरानी का शिकार बनाया गया। बस स्टॉफ नेशनल हाईवे पर इकदिल थाना क्षेत्र में छोटी फूफई के पास शिवम कोल्ड स्टोर के किनारे बेहोशी की हालत में उतारकर चला गया। सूचना पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया। जिला उन्नाव में थाना अजगेन क्षेत्र के गांव नेवरला का 25 साल का अभिषेक तिवारी चंडीगढ़ से बस में सवार होकर घर आ रहा था। रास्ते में जहरखुरानी गैंग ने उसे अपना शिकार बना लिया। बस के स्टॉफ ने उसे बेहोश देखा तो उपरोक्त स्थान पर उतारकर चला गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पिता मनोज कुमार तिवारी ने इटावा में अपने रिश्तेदारों को फोन पर बताया जो अस्पताल पहुंचे। पिता ने बताया कि वह सोमवार शाम को चंडीगढ़ से उन्नाव के लिए निकला था। वह वहां पर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है।

कर्मचारियों को नहीं पता कितने नलकूप चालू

संवाददाता ताखा, इटावा

- किसान ने सीडीओ से की शिकायत
- नगला बले गांव के युवक ने की सीडीओ से शिकायत

अमृत विचार । तहसील दिवस में पहुंचे सीडीओ अजय कुमार गौतम ने फरियादियों की शिकायतें सुनी और उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को दिए।

नगला बले निवासी सुनील यादव ने सीडीओ से शिकायत की उनके गांव में लगा सरकारी नलकूप पिछले तीन साल से खराब पड़ा है। कई बार शिकायत के बाद विभाग ने अभी तक उसको सही नहीं कराया है । जिसपर सीडीओ ने नलकूप विभाग के कर्मचारी को सही नहीं होने की जानकारी ली तो विभाग के कर्मचारी यह भी नहीं बता सके नलकूप बंद है या चालू। जिसपर उन्होंने जल्द से जल्द सही कराने को कहा। वहीं कछपुरा निवासी मनोज कुमार ने शिकायत कर बताया कि उनके खेतों पर जाने वाले चकरोड पर लोगों ने कब्जा कर लिया है जिसे खाली कराने के लिए चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिये। तहसील दिवस में कुल 9 शिकायतें आयी जिसमें दो का निस्तारण किया गया।

इस मौके पर एसडीएम ताखा देवेंद्र कुमार पाण्डेय, तहसीलदार मोहम्मद असलम, बीडीओ राजकुमार शर्मा समेत सभी विभागों के कर्मचारी व मौजूद रहे।

बिजली विभाग ने चलाया अभियान

बकेवर, इटावा। विद्युत विभाग ने कस्बा लखना में सघन चेकिंग अभियान चलाकर 15 बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए तीन बिजली चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई। उपखंड अधिकारी भूप सिंह, अवर अभियन्ता वीरेन्द्र सिंह, लाइनमैन टीम प्रेम कुशवाहा, सुरेश पांडेय, महेन्द्र सिंह,पप्पू पाल, मीटर रीडर विपिन शुक्ला,रविन्द्र तिवारी के अड्डा परम सिंह और बाईपास रोड सहित नया नहर पुल के पास सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए तीन लाख 35 हजार रुपये के 15 विद्युत बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये। इसके अलावा चार उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन दिये गये। साथ ही दो उपभोक्ताओं का भार वृद्धि की गयी। इसके अलावा सात उपभोक्ताओं ने घरेलू से कमर्शियल कनेक्शन कराया। इसके साथ ही 1 लाख 35 हजार रुपये की वसूली की गयी। इनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। चैकिंग से हड़कंप मचा रहा।

रोजगार मेला के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

पालिका के अतिक्रमण विरोधी अभियान से मचा हड़कंप

इटावा। मंगलवार को नगर पालिका टीम द्वारा नामित मजिस्ट्रेट अपर तहसीलदार की मौजूदगी में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। शहर के जिला अस्पताल परिसर के बाहर से शुरू होकर यह अभियान डीएम चौराहे के रास्ते आईटीआई चौराहे तक जारी रहा। इस दौरान दो दुकानदारों पर अतिक्रमण करने के चलते 1500 रूपये का जुर्माना लगाया गया। सड़क किनारे अवैध रूप से लगाई गई होर्डिंग को भी हटाया।

समाधान दिवस 26 शिकायतों में से सिर्फ चार का हुआ मौके पर निस्तारण

सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि विवाद की रहीं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। यहां सदर तहसील में जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें आने वाले फरियादियों की सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित थीं। इस समाधान दिवस में कुल 26 शिकायतें आई इनमें से मौके पर सिर्फ चार शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका।

डीएम अवनीश राय ने अधिकारियों से कहा कि निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। अधिकारी सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तहसील सदर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 26 प्रार्थना पत्रों में से चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकीय अतुलकांत शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीता राम, क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मौजूद रहे।

भरथना में एडीएम ने सुनीं 35 शिकायतें

संवाददाता भरथना, इटावा

अमृत विचार। भरथना में इटावा के अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में 35 फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें एक समस्या का मौके पर निस्तारण हो सका। अपर जिलाधिकारी अभिनव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। तहसील क्षेत्र के 35 फरियादियों ने राजस्व, पुलिस सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए फरियादियों ने अपने-अपने प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करके जल्द समस्या समाधान की गुहार लगायी। इस मौके पर एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, एसडीएम कुमार सत्यम जीत, तहसीलदार राजकुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक जय सिंह,सदर लेखपाल विपिन कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

मेले में 68 युवाओं को मिला रोजगार , खिल उठे चेहरे

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। पं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास मिशन सेवायोजन कार्यालय व आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ऐरवाकटरा विकास खंड में आयोजित रोजगार मेला में शामिल हुए 165 बेरोजगार छात्र-छात्राओं का छह कंपनियों के अधिकारियों ने साक्षात्कार लिया। जिनमें 68 युवाओं को रोजगार के लिए चयनित किया गया। पं. दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना के तहत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन,सेवायोजन कार्यालय व आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ऐरवाकटरा ब्लॉक परिसर में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख ऐरवाकटरा के प्रतिनिधि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक संजीव कुमार जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार जिला कौशल विकास प्रबंधक अतुल सिंह आईटीआई के अधिकारियों के साथ कौशल विकास केन्द्र संचालक विकास के अरविंद कुमार सिंह राजावत की प्रमुख रूप से मौजूद रहे। चयनित युवाओं से अधिकारियों ने कहा कि वह अवसर को न छोड़ें। मेहनत करें और उच्च शिखर पर पहुंचने के लिए प्रयासरत रहें।इस मौके पर संजीव कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 68 युवाओं को नौकरी के लिए चयनित किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने जगदीशपुर भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी लिया है जिसका नंबर–215006030 है । जिसमें बजरंग अग्रहरि दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड और बैंक पासबुक में हर्ष गुप्ता अंकित है दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं । इसी दोनों नाम से मुझे जाना वा पहचाना जाए ।– **हर्ष गुप्ता उम्र 21 वर्ष सुत गिरधारी लाल गुप्ता मकान नंबर 256 गली नंबर 8 न्यू लाहौर शास्त्री नगर गांधीनगर एस0ओ0, ईस्ट दिल्ली 11003**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने HARAROOL HAK से अपना नाम बदलकर AHARAROOL HAK S/O SIRAJUL HAK **निवासी– ग्राम अकबरपुर बुजुर्ग पोस्ट मुड़की थाना फखरपुर बहराइच उत्तर प्रदेश** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैं **हुस्ना जहाँ पत्नी ताहिर शेख पुत्री मोहम्मद शानू, निवासी– 419/115, हाता सूरत सिंह, ठाकुरगंज लखनऊ,** मेरे पुत्र मो0उजैर (MOHD UZAIR) के पिता का नाम (TAHIR SHAIKH) है परन्तु उसके पासपोर्ट में पिता का नाम त्रुटिवश (MOHD TAHIR SHAIKH) अंकित हो गया है। अतः मेरे पुत्र को (MOHD UZAIR) पुत्र (TAHIR SHAIKH) के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सुचित किया जाता है कि RAHUL पुत्र RAJESH **निवासी– लौवाबीरपुर, पो0– नवावगंज जिला गोण्डा** मैंने अपना नाम बदल कर RAHUL YADAV **पुत्र** RAJESH YADAV रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य पूरक परीक्षा सन् 2010 अनुक्रमांक 788608 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है।– **प्रदीप कुमार पुत्र धर्मराज सिंह, निवासी– ग्राम– करहा, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश**

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14600-14800
अरहरस्पेशल1	12100-12300
चनादाल	7050-7150
मटरदाल	5050-5150
मसूरमलका	6950-7000
मसूरदाल	6950-7000
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5000-5050
अलसी	4500-4600 रुपये।

निजी पूंजीगत व्यय से वृद्धि को मिलेगी गति

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुलेटिन जारी करके अगले चरण के लिए जताई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई वृद्धि की रफ्तार को बरकरार रखा है और कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर से वृद्धि के अगले चरण को गति मिलने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुलेटिन में मंगलवार को यह बात कही गई।

बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया- हाल के महीनों में यह धारणा मजबूत हुई है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में उम्मीद से अधिक मजबूत वृद्धि हासिल करेगी और जोखिमों को व्यापक रूप से संतुलित किया गया है। लेख के मुताबिक, उच्च आवृत्ति संकेतकों के आधार पर

कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई गति को बरकरार रखा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में कहा गया-कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के नए दौर की उम्मीद से वृद्धि के अगले चरण को बढ़ावा मिलने की संभावना है। जिन परियोजनाओं के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने ऋण स्वीकृत किए हैं, उनकी कुल लागत अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान 2.4 लाख करोड़ रुपये थी। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर इस साल अब तक निजी कॉरपोरेट क्षेत्र के निवेश इरादे सकारात्मक रहे हैं।

लेख में कहा गया कि केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। लेख में कहा गया कि स्थिर और चार प्रतिशत की मुद्रास्फीति जीडीपी वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए आधार तैयार करती है।

आरबीआई ने भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात पर आईएमएफ के तर्क को खारिज किया

आरबीआई के एक लेख में देश के सामान्य सरकारी ऋण के बारे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज किया गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए लेख में इस बात पर जोर दिया गया कि ऋण-जीडीपी अनुपात अनुमान से काफी कम हो सकता है। 'राजकोषीय समेकन के अनुकूल वृद्धि का आकार' शीर्षक वाले लेख में कहा गया है कि अनुभव से मिले निष्कर्षों से पता चलता है कि विवेकपूर्ण राजकोषीय समेकन और वृद्धि के बीच मध्यम अवधि की पूरकता अल्पकालिक लागत से अधिक हैं। लेख के मुताबिक, सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे, जलवायु कार्यवाही, डिजिटलीकरण और श्रमबल को कुशल बनाने पर किए जा रहे खर्च का दीर्घकाल में फायदा मिल सकता है।

गन्ना की 3 नई प्रजाति बढ़ाएंगी मिठास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शाहजहांपुर ने एक और लखनऊ संस्थान ने विकसित की दो किस्म
- गन्ने की अन्य प्रजाति से उत्पादन और चीनी परता होगा अधिक

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में गन्ने की नई 3 प्रजाति आच्छादन, गन्ना उत्पादन के साथ चीनी का उत्पादन बढ़ाने में सहायक होंगी।

नवविकसित प्रजाति में शीघ्र होने वाला कोयम्बटूर शाहजहांपुर (को.शा) 18231 शामिल है। इसे गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने शोध और परीक्षण कर विकसित किया है। यह फसल प्रदेश भर में की जाएगी। जबकि भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने अधिसूचित अगेती गन्ना प्रजाति कोयम्बटूर लखनऊ (को.लख) 16202 व 15206 मध्यदेर को विकसित किया है। यह प्रजाति प्रदेश के मध्य एवं पश्चिमी उप्र में की जाएगी। इन प्रजातियों को विकसित करने में आठ से 10 साल लगे हैं।

मंगलवार को तीनों प्रजाति को

आयुक्त गन्ना एवं चीनी पीएन सिंह की अध्यक्षता में हुई बीज गन्ना एवं गन्ना किस्म स्वीकृति उपसमिति की बैठक में स्वीकृति दी गई है। पैदावार के लिए किसानों को शरदकालीन गन्ना बुआई से बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

सभी में चीनी परता ज्यादा, दिया गया प्रस्तुतीकरण: नवविकसित प्रजाति यह उच्च गुणवत्तायुक्त अधिक रोगरोधी हैं। यह अन्य प्रजाति से अधिक मीठा है। बैठक में प्रजातियों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

18231 के शोध व परीक्षण आंकड़ों के अनुसार उपज 90.16 टन/हेक्टेयर पाई गई। जो प्रमाप की तुलना में 11.36 व 27.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें 18231 में रस में शर्करा प्रतिशत व पोल प्रतिशत इन केन भी प्रमाप की तुलना में अधिक बताया गया और भी खूबियां बताई गईं। सीसीएस टन/हेक्टेयर की दृष्टि से 11.89 प्रमाप को. 0238 की तुलना में 13.84 प्रतिशत अधिक पाई गई। सभी में चीनी परता ज्यादा है। उपसमिति ने आंकड़ों का विस्तृत तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद सम्पूर्ण प्रदेश के लिए स्वीकृत किया। इसी तरह इसी तरह 16202 (शीघ्र) व 15206 (मध्यदेर) को पश्चिम व मध्य के लिए स्वीकृत किया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,800
गिन्नी (प्रति नग)	47,500-47,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,850
सोना जेवरात गिन्नी	62,850
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,100।

ईपीएफओ ने दिसंबर में 15.62 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मंगलवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उनसे दिसंबर 2023 में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय के अनुसार, पिछले महीने की तुलना में दिसंबर 2023 के दौरान सदस्यों की संख्या मं 11.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक निकाय ने दिसंबर में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। यह दिसंबर 2022 की तुलना में 4.62 प्रतिशत की वृद्धि है।

भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा

मुंबई, एजेंसी

- नैसकॉम-बीसीजी ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद

भारत का कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार सालाना 25-35 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसके 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

नैसकॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यह वृद्धि उद्यम प्रौद्योगिकी खर्च में वृद्धि, भारत के बढ़ते एआई प्रतिभा आधार तथा एआई निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि सहित कई कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट का शीर्षक 'एआई पावर्ड टेक सर्विज : ए रोडमैप फॉर फ्यूचर रेडी फर्म्स, एआई एंड जनएआई रोल इन टर्बोचार्जिंग द इंडस्ट्री' है।

बीसीजी के साथ साझेदारी में नैसकॉम रिपोर्ट मंगलवार को यहां नैसकॉम टेक्नोलॉजी एंड लीडरशिप फोरम 2024 के मौके पर जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर एआई में निवेश में 2019 से 24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई है। 2023 में 83 अरब डॉलर के करीब निवेश हुआ था। अधिकतर निवेश डेटा एनालिटिक्स, जेनएआई और एमएल एल्गोज़ और मंच में किए गए थे।

प्याज निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च तक जारी रहेगा

नई दिल्ली। प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च तक जारी रहेगा। सरकार की कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिश जारी है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने आठ दिसंबर 2023 को 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह जारी है। मौजूदा स्थिति में कोई भी बदलाव नहीं है।

सेंसेक्स 349 अंक चढ़ा, निफ्टी का फिर बना नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 349 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 349.24 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,057.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ में जबकि 12 नुकसान

में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 74.70 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 22,196.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 22,215.60 अंक तक गया। निजी बैंकों के शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार नुकसान से उबर गया।

राष्ट्रीय

एक नजर

बुजुर्ग की मौत पर उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को मुंबई हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर की अनुपलब्धता के कारण एक बुजुर्ग व्यक्ति (80) की मौत के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस दिया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों का स्वत: संज्ञान लेते हुये यह नोटिस जारी किया।

शिक्षक भर्ती घोटाले में बिचौलिया गिफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल सरकार के स्वामित्व वाले विद्यालयों में 'शिक्षक भर्ती घोटाले' मामले में बिचौलिया होने के संदेह में ट्रैवल एजेंसी के मालिक प्रसन्ना रॉय को 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्र मंगलवार को यह जानकारी दी। शिक्षकों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं में धन के लेन-देन की जांच कर रही ईडी ने यहां स्थित अपने कार्यालय में पूछताछ करने के बाद सोमवार रात रॉय को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अगस्त 2022 में द्वारा जारी उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद रॉय जमानत पर थे।

कांग्रेस देश का कभी विकास नहीं कर सकती

गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया

जयपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे परिवारवादी व दिशाहीन पार्टी करार दिया तथा कहा कि वह देश का कभी विकास नहीं कर सकती। शाह ने उदयपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-कांग्रेस पार्टी परिवारवाद पार्टी है, इतना ही नहीं यह दिशाविहीन पार्टी है।

उन्होंने कहा-भारत का विकास कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। गरीबों का कल्याण कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत को सुरक्षित यह कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। भारत का गौरव कांग्रेस पार्टी नहीं बढ़ा सकती।' शाह ने कहा कि कांग्रेस वाले एफिडेविट देते हैं कि राम का अस्तित्व भी नहीं है। उन्होंने कहा,' कांग्रेस देश का विभाजन करने पर तुली है। उनके नेता उत्तर भारत और दक्षिण भारत दो हिस्सों में बांटने की मांग करते हैं। लेकिन अब किसी की हिम्मत नहीं है कि राजस्थान या देश में दंगे कर सके। हम भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगे, ये भारतीय जनता पार्टी सरकार का वादा है।' भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर के मुद्दे को अटकाकर रखा।

शाह ने कहा-हमने वादा किया था कि हम मंदिर बनाएंगे। करोड़ों लोगों के आराध्य भगवान राम एक टेंट में अपमानित होकर, अपना स्थान गंवाकर बैठे थे।...कांग्रेस ने प्रभु श्रीराम के मंदिर के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर व भटकाकर रखा। कहीं पर भी इनकी मंशा नहीं थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दस साल में देश के पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया। गरीबों को घर दिया, गैस सिलेंडर दिया, बिजली दी, प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया, पांच लाख तक की दवा का खर्च आज मोदी सरकार उठा रही है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश को सुरक्षित करने का काम किया है।

इंडी गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा-मोदी जी के नेतृत्व में राजग एक विकास करने वाला एलायंस है जबकि यह घमंडिया, इंडी गठबंधन यह सात परिवारों का परिवारवादी पार्टियों का स्वार्थी मेलजोल है।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासी समुदाय को सम्मान देने का काम किया है और द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाया है। शाह ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की भी अपील की। इससे पहले शाह राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार दोपहर बीकानेर पहुंचे। उन्होंने वहां आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बीकानेर क्लस्टर में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित किया।

नई दिल्ली में मंगलवार को मिस वर्ल्ड इवेंट के उद्घाटन से पहले रिहर्सल के दौरान प्रतियोगियों ने रैंप अपना जलवा बिखेरा। राजधानी में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के विभिन्न देशों की प्रतियोगी पहुंचीं हैं। ● एजेंसी

राजस्थान में जेईएन पेपर लीक मामले में पटवारी सहित चार लोग गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा एसओजी ने कनिष्ठ अभियंता (जेईएन) पेपर लीक मामले में एक पटवारी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी सरकारी कर्मचारी हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस एवं एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षा का आयोजन छह दिसंबर 2020 को विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण की जांच में पेपर लीक पाये जाने पर बोर्ड ने परीक्षा रद्द कर दी थी। उन्होंने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान के दौरान 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

विधानसभा में हंगामे पर कांग्रेस के 10 सदस्य निलंबित

गांधीनगर, एजेंसी

- गुजरात के सदन में कर रहे थे नारेबाजी, कुल संख्या 15 हो गई

पिछले साल गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में सामने आए एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय के खुलासे और सिंचाई परियोजनाओं के लिए धन की हेराफेरी के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामे और नारेबाजी के बाद मंगलवार को विपक्षी कांग्रेस के 10 सदस्यों को सदन से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों की कुल संख्या 15 है लेकिन हंगामे के वक्त उसके पांच विधायक सदन में नहीं थे। चालू बजट सत्र के प्रश्नकाल के दौरान, कांग्रेस विधायक तुषार चौधरी ने जानना चाहा कि सरकार ने उन लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जिन्होंने छोटा उदयपुर जिले में एक 'फर्जी' सरकारी कार्यालय खोला था और आदिवासी क्षेत्र में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए सरकारी धन की हेराफेरी की थी। जनजातीय विकास मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि उदयपुर जिले में ऐसा कोई कार्यालय नहीं पाया गया और इसलिए कार्रवाई के बारे में कोई सवाल ही नहीं उठता।

मराठों को 10 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित विधेयक महाराष्ट्र में पारित

मुंबई। महाराष्ट्र विधानमंडल ने शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक मंगलवार को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मराठा आरक्षण पर विधानमंडल के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सदन में महाराष्ट्र राज्य सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र की कुल आबादी में मराठों की हिस्सेदारी 28 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि बड़ी संख्या में जातियां और समूह पहले से ही आरक्षित श्रेणी में हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने संबंधी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्रालय व दिल्ली सरकार के खिलाफ नोटिस जारी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाथ से मैला उठाने की अनुमति देने वाले कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिक पर केंद्र और दिल्ली सरकार से मंगलवार को जवाब तलब किया।

याचिका में कहा गया है कि ऐसे प्रावधान हाथ से मैला उठाने वाले और सुरक्षात्मक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए मैला उठाने वाले लोगों के बीच 'अतार्किक विभेद' पैदा करते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि संबंधित कानून हाथ से मैला उठाने की "अमानवीय" प्रथा

को खत्म करने में विफल रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिका पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किए। उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया तथा मामले की अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तारीख तय की। याचिका में ''हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013'' की विभिन्न धाराओं को निरस्त करने की मांग की गयी है, साथ ही इस आमनवीय प्रथा को अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण) और अनुच्छेद 23 का उल्लंघन बताया गया है।

हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में यहां ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया गया है।

स्थिति भयावह होने के साथ-साथ पूरी तरह अराजक

कोलकाता, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद क्षेत्र पहुंचे भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी बोले

कलकत्ता उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद मंगलवार को दोपहर बाद पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने संघर्षग्रस्त क्षेत्र की स्थिति को भयानक तथा अराजकता का स्पष्ट उदाहरण बताया। एक अन्य विधायक शंकर घोष के साथ पहुंचे अधिकारी ने महिलाओं सहित स्थानीय लोगों से बात की।

महिलाओं ने फरार चल रहे शाहजहां शेख सहित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं द्वारा दिए गए अपने दर्दनाक अनुभवों को

साझा किया। भाजपा नेता नाव से कालिंदी नदी पार कर संदेशखालि पहुंचे, जहां महिलाओं सहित स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा-स्थानीय लोगों द्वारा साझा किये गये अनुभव बेहद दर्दनाक हैं। उनकी जमीनें हड़प ली गईं और महिलाओं का शोषण किया गया। सब कुछ पुलिस और प्रशासन की मदद से हुआ। स्थिति पूरी तरह से भयावह है और इलाके में अराजकता का स्पष्ट उदाहरण है। अधिकारी ने संदेशखालि में घरों का दौरा करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बात की। वह 2007-08 में नंदीग्राम में भूमि अधिग्रहण-विरोधी आंदोलन के दिनों में तत्कालीन विपक्षी नेता ममता बनर्जी के करीबी विश्वासपात्र थे।

शाहजहां की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने जताई हैरानी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को संकटग्रस्त संदेशखालि गांव का दौरा करने की अनुमति दे दी लेकिन साथ ही इस बात पर आश्चर्य जताया कि मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को अब तक राज्य पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा-यह काफी आश्चर्य की बात है कि जिस व्यक्ति को इस समस्या का मूल कारण बताया जा रहा है उसे अभी भी पकड़ा नहीं जा सका है और वह कानून तोड़कर भागा हुआ है। पीठ ने कहा कि अदालत को नहीं पता कि उसे संरक्षण प्राप्त है या नहीं, तथ्य यह है कि उसे पकड़ा नहीं गया है। एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, "इसका मतलब यह हो सकता है कि राज्य के पुलिस तंत्र के पास उसे पकड़ने के साधन नहीं हैं या (वह) राज्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

एक नजर

डब्ल्यूटीओ में निवेश पर चीन के प्रस्ताव पर भारत की आपत्ति

नई दिल्ली। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में निवेश सुविधा मामले में प्रस्ताव को आगे बढ़ाने को लेकर चीन जैसे कुछ देशों के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उसका कहना है कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर का मामला है। यह मुद्दा अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में उठेगा। चार दिन की यह बैठक 26 फरवरी से शुरू होगी। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। चीन के नेतृत्व वाला 130 देशों का समूह विकास के लिए निवेश सुविधा (आईएफडी) प्रस्ताव को आगे बढ़ा रहा है। समूह इस प्रस्ताव को डब्ल्यूटीओ के समझौते से जुड़े अनुबंध-चार के माध्यम से लाना चाहता है। इसके तहत यह प्रस्ताव केवल हस्ताक्षरकर्ता सदस्यों के लिए बाध्यकारी होगा न कि उन लोगों के लिए जो इसका विरोध कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया अपनी नौसेना में युद्धपोतों को करेगा दोगुना

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने देश की नौसैना में युद्धपोतों की संख्या दोगुना से ज्यादा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलियी रक्षा मंत्री, उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने मंगलवार को इस बड़े बदलाव की घोषणा की। योजना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अपने युद्धपोतों के बेड़े को वर्तमान 11 से बढ़ाकर 26 तक विस्तारित करेगा। ऑस्ट्रेलिया भविष्य में युद्धपोतों की डिलीवरी में तेजी लाने के लिए अगले दशक में अतिरिक्त 11.1 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (7.2 अरब अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगा। मार्ल्स और कॉनरॉय ने कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा विस्तार होगा।

बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत

हिसार। रोडवेज बस में बनाये गये रैन बसेरे में सोमवार रात एक बुजुर्ग की संभवत: बीड़ी सुलगाने से गद्दे में लगी आग में जलने से मौत हो गयी। पॉलिक के अनुसार मृतक की शिनाख्त उमरा गांव निवासी प्रेम (60) के रूप में हुई जो दिन में यहां हिसार बस स्टैंड पर ही रहते थे और रात में रैन बसेरे में चले जाते थे। घटना के समय प्रेम बस में अकेले ही थे। इसलिए वास्तव में क्या हुआ, बताना मुश्किल है, पर संभवत: आग प्रेम के बीड़ी सुलगने से लगी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने रैन बसेरा बस से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने बस स्टैंड चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में लगी आग को बुझाया। आग की चपेट में आने से प्रेम बुरी तरह जल गये थे, और उनकी मौत हो गयी थी।

देश में विकसित डिजिटल कंप्यूटर प्रणाली के साथ तेजस ने उड़ान भरी

लड़ाकू विमान उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में है सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी

● हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से किया डिजाइन

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, स्वदेशी रूप से विकसित 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' को हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एकीकृत किया गया है जो एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्वदेश निर्मित तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में सक्षम है। इसे हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' (डीएफसीसी) को प्रोटोटाइप एलएसपी-7 में एकीकृत किया गया। 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ान का संचालन किया गया। 'तेजस-एमके1ए' संस्करण के लिए डीएफसीसी को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी महत्वपूर्ण मानक और प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। कहा कि पहली उड़ान का संचालन राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र से संबद्ध विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह केएमजे (सेवानिवृत्त) ने किया।

भारतीय वायुसेना पहले ही 'तेजस एलसीए एमके1' का संचालन शुरू कर चुकी है। विमान के उन्नत संस्करण 'तेजस एमके1ए' में उन्नत मिशन कंप्यूटर और उच्च-प्रदर्शन डिजिटल उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (डीएफसीसी एमके1ए) सहित कई आधुनिक प्रणालियां हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए इस महत्वपूर्ण प्रणाली के विकास एवं सफल उड़ान परीक्षण में शामिल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), वायुसेना, एडीए और उद्यमों की की सराहना की। सिंह ने इसे 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। तेजस विमान भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनने के लिए तैयार है जिसमें शुरुआती संस्करण के लगभग 40 तेजस पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।

बच्चा गोद लेने का अधिकार मौलिक नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी : दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चा गोद लेने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता और इसके इच्छुक माता-पिता के पास यह चुनने का कोई अधिकार नहीं है कि किस बच्चे को गोद लेना है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने उस नियम को बरकरार रखा, जिसके तहत दो या दो से अधिक बच्चों वाले दंपति को केवल विशेष जरूरतों वाले या ऐसे बच्चों को गोद लेने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें अधिक लोग गोद लेने के इच्छुक नजर नहीं आते। अदालत ने कहा कि इस प्रक्रिया में बच्चों के कल्याण को तरजीह दी जाती है, और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के अधिकारों को इस पर तवज्जो नहीं दी जा सकती।

उच्च न्यायालय ने एक हालिया आदेश में कहा, गोद लेने के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता है और न ही इसे उस स्तर तक बढ़ाया जा सकता है जिससे पीएपी को यह विकल्प मिले कि किसे गोद लेना है। गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह बच्चों के कल्याण के आधार पर संचालित होती है। न्यायाधीश ने कहा कि गोद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है और कई निःसंतान दंपति और एक बच्चे वाले माता-पिता हैं, जो सामान्य बच्चे को गोद लेना चाहेंगे, ऐसे में विशेष जरूरतों वाले बच्चे को गोद लेने की संभावना बहुत कम हो जाती है, इसलिए उपरोक्त नियम का उद्देश्य केवल यही है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विशेष आवश्यकता वाले अधिक से अधिक बच्चों को गोद लिया जाए।

सेवानिवृत्ति के पांच माह बाद सुनाया फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

● न्यायालय ने कहा - सेवानिवृत्ति के बाद मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य

उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में एक पंक्ति का आदेश सुनाने और सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद विस्तृत फैसला जारी करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की आलोचना की है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पांच महीने तक मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि आदेश का मुख्य अंश 17 अप्रैल, 2017 को सुनाया गया था।

इसमें कहा गया है कि न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख तक तर्क-सहित निर्णय जारी करने के लिए पांच सप्ताह का समय उपलब्ध था। पीठ ने कहा, हालांकि, 250 से अधिक पृष्ठों का विस्तृत निर्णय न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख से पांच महीने के बाद सामने आया है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि न्यायाधीश ने पद छोड़ने के बाद भी कारण बताए और निर्णय तैयार किया। पीठ ने कहा, हमारे अनुसार, सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद तक मामले की फाइल अपने पास रखना न्यायाधीश की ओर से घोर अनुचित कार्य है। इस मामले में जो किया गया है, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति टी. मथिवनन 26 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे और मामले में विस्तृत निर्णय उसी वर्ष 23 अक्टूबर को उपलब्ध कराया गया।

पीठ ने फैसले को रद्द करते हुए कहा, हम ऐसे अनुचित कृत्यों का समर्थन नहीं कर सकते हैं और इसलिए, हमारे विचार में, इस अदालत के लिए एकमात्र विकल्प विवादित फैसले को रद्द करना और मामलों को नये फैसले के लिए उच्च न्यायालय के पास वापस भेजना है। इसमें कहा गया है, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमने विवाद के गुण-दोष पर कोई निर्णय नहीं दिया है और सभी मुद्दों को उच्च न्यायालय द्वारा तय किए जाने के लिए खुला छोड़ दिया गया है।

मातृभाषा दिवस

कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवक रंगोली तैयार करते हुए। ● एजेंसी

भारत ने दिया 10 लाख डॉलर का योगदान

संयुक्त राष्ट्र। गरीबी और भूखमरी से निपटने के उद्देश्य से स्थापित किये गये एक कोष में भारत ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। इस कोष को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने गरीबी और भूखमरी उन्मूलन कोष (आईबीएसए कोष) के लिए योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) के निदेशक दिमा अल-खतीब को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंबोज ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

श्रीनगर में हुई मौसम की दूसरी बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में यातायात बाधित

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कई स्थानों पर मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को सर्दी के मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 48 घंटों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में रविवार से भारी बारिश हो रही थी जिसके बाद आज दिन के शुरुआती हिस्से में मध्यम बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कम से कम 228 सड़कें अवरुद्ध हो गईं। गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल और घाटी के अन्य पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं जिसके परिणामस्वरूप घाटी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं से टिन की छतें उड़ने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि बारामूला जिले में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 फुट ताजा बर्फबारी हुई है।

उत्तरी कश्मीर के तंगमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी सड़क।

● हिमाचल में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 228 सड़कें अवरुद्ध

गाजा में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत

गाजा, एजेंसी

● फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने दी जानकारी

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में इजरायल की ओर से किए जा रहे लगातार हमलों के कारण कई दिनों तक बिजली गुल होने और ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने सोमवार को दी।

अल-कैला ने कहा कि इजरायली हमले के कारण नासिर अस्पताल में उपचार करवा रहे अन्य रोगियों के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बिस्तर पर पड़े मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया और दावा किया कि इजरायली सैन्य ट्रकों द्वारा उन्हें अस्पताल से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि इजरायली बलों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल की दक्षिणी दीवार को ध्वस्त करने के बाद उस पर धावा बोल दिया। उधर, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को कहा कि उसने इजरायली सुरक्षा एजेंसी बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में सैकड़ों आतंकवादियों और अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो अस्पताल में छिपे हुए थे और कुछ चिकित्सा कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे।

सिखों को मुसलमान समझने की भूल संबंधी पोस्ट पर मांगी माफी

लंदन। बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को हटाते हुए माफी मांगी है। इस पोस्ट में ऐसा लग रहा था कि सिख विद्यार्थियों को मुसलमान समझने की भूल हुई है। बर्मिंघम मेल की खबर के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा किये गये पोस्ट में कहा गया था कि इस माह के प्रारंभ में विश्वविद्यालय की सिख सोसाइटी द्वारा आयोजित 20वां 'लंगर ऑन कैंपस' कार्यक्रम इस्लामिक जागरूकता सप्ताह का हिस्सा था। विश्वविद्यालय के इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट में लंगर की तस्वीरें टैग की गयीं और 'डिस्कवर इस्लाम वीक' लिखा गया। सिख प्रेस एसोसिएशन के प्रवक्ता जसवीर सिंह ने कहा, जिन लोगों पर बर्मिंघम विश्वविद्यालय की छवि का जिम्मा है, वे विश्वविद्यालय में समुदायों को लेकर अनभिज्ञ हैं।

अमेरिका ने भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी

● पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों का मामला

अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने मंगलवार को कहा, उनका देश एक सिख अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश के मामले में भारत से संपर्क बनाए हुए है और इसकी जांच के लिए नयी दिल्ली द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है।

विभिन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों के मद्देनजर रणनीतिक जल क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की। अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में दावा किया था कि उसने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए कथित रूप से एक भारतीय एजेंट द्वारा रची गई साजिश को विफल कर दिया। इन आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत ने 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' (ओआरएफ) द्वारा आयोजित परिचर्चा सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को रखा है। एक जांच समिति इस मामले की जांच कर रही है और हम सरकार के साथ जुड़े रहेंगे एवं उनके निष्कर्षों की प्रतीक्षा करेंगे। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया है जिसके लिए हम आभारी हैं। उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा नौसेना के जरिए लाल सागर में किए जा रहे काम और उनके द्वारा प्रदान किए गए अविश्वसनीय समर्थन की सराहना करते हैं।

पुणे में 1100 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त तीन लोग गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी : पुलिस ने करीब 1,100 करोड़ रुपये मूल्य का 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पहले 3.85 करोड़ रुपये मूल्य का करीब 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को दो गादामों का पता चला जहां और 55 किलोग्राम एमडी मिला। तीनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में एक अन्य अभियान चलाया गया और वहां एक इकाई से करीब 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया। अब तक पुलिस ने 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन बरामद किया है जो करीब 1100 करोड़ रुपये मूल्य का है।

एआई के लिए नियमों का मसौदा जुलाई तक किया जाएगा जारी

मुंबई, एजेंसी

● एआई की क्षमता का उपयोग करेंगे दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे: सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए इस साल जून-जुलाई तक नियमों का मसौदा जारी करेगी। यहां सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनजी) के दो दिन के 'लीडरशिप' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सरकार एआई नियमन ढांचे के मसौदे पर काम कर रही है। इसे इस साल जून या जुलाई में जारी किया जाएगा।

हमारा इरादा आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए एआई का उपयोग करना और उससे संभावित जोखिम और नुकसान का समाधान करना है। चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार एआई प्रशिक्षित व्यक्तियों को तैयार करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा, हम एआई की क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करेंगे, लेकिन दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे। आज दुनिया हमें एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मामले में अगुवा देख रही है। हम सभी खेत से लेकर कारखानों तक उपयोग के मामलों में एआई को तैनात करने के पक्ष में हैं। हम आर्थिक वृद्धि, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और किसानों की उत्पादकता के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। सरकार लंबे समय से एआई विनियमन ढांचा जारी करने की योजना बना रही है।

पाकिस्तान में नई सरकार के गठन में गतिरोध के संकेत: बिलावल

इस्लामाबाद, एजेंसी

● शीर्ष नेताओं के बीच हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार को कहा कि यदि कोई अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं है तो उन्हें पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनने में गतिरोध की आशंका है, जो देश के राजनीतिक परिदृश्य में गहराती दरार का संकेत देता है। बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के शीर्ष नेताओं के बीच सोमवार को हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा समाप्त होने के एक दिन बाद आयी है।

पीपीपी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन को समर्थन देने के लिए राष्ट्रपति, सीनेट का अध्यक्ष और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जैसे प्रमुख संवैधानिक पदों की कथित तौर पर मांग कर रही है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, बिलावल ने उच्चतम न्यायालय में पत्रकारों से कहा कि पीपीपी और वह अपने रुख पर अड़े हुए हैं और इस बात पर जोर दिया वह इसे किसी भी कीमत पर नहीं बदलेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने संसद के ऊपरी सदन में कहा, 2018 में, नवाज शरीफ जेल में थे, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई। क्या तब यह उचित था? और उस समय कोई हंगामा नहीं हुआ था। देश के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक परिवार और पीएमएल-एन का नेतृत्व करने वाले शरीफ को 2017 में उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया था और जवाबदेही अदालत ने उन्हें 10 साल जेल की सजा भी सुनाई थी। दोषसिद्धि और सजा के कारण वह आम चुनाव नहीं लड़ सके। सिद्दीकी ने सीनेट में कहा कि यह सच है कि पाकिस्तान का चुनावी इतिहास सही नहीं रहा है और यह स्थिति कई दशकों से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई किसी भी सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे चुनावों का इतिहास वास्तव में सबसे अच्छा नहीं है। लेकिन हम 2018 के चुनावों के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने कहा, ''2018 के आम चुनावों में जो कुछ भी हुआ वह हमारे देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। जेयूआई-एफ के साथ खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की हालिया बातचीत का उल्लेख करते हुए इरफान ने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली पार्टी अन्य दलों के साथ बातचीत क्यों नहीं करती है।

अंतरिक्ष क्षेत्र में महिला इंजीनियरों के लिए शुरू 'कल्पना फेलोशिप'

नई दिल्ली। स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को कल्पना फेलोशिप शुरू करने की घोषणा की। यह भारत का अपनी तरह का पहला फेलोशिप कार्यक्रम है जो विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र की महिला इंजीनियरों को समर्पित है।

हैदराबाद की 'स्टार्ट-अप' कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'कल्पना फेलोशिप' अंतरिक्ष उद्योग में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए महिला इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। बयान के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की विरासत से प्रेरित फेलोशिप एक सर्वव्यापी कार्यक्रम प्रदान करती है जिसमें मासिक राशि, प्रायोगिक ज्ञान, अनुभवी पेशेवरों से मार्गदर्शन, स्काईरूट एयरोस्पेस में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और नवीन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच शामिल है। वर्ष 2024 के लिए फेलोशिप पंजीकरण वर्तमान में जारी है।

खगोल विज्ञान ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद करेगी इसकी तस्वीरें

हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

● 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन का हो रहा निर्माण

अमृत विचार : ग्रह नक्षत्रों की दुनिया अजूबी है। हमारी कल्पना से परे, इनकी थाह पाना कतई आसान नहीं। तकनीकि विकास के चलते हम इनके करीब पहुंचने लगे हैं। हाल ही में हबल ने गोलाकार क्लस्टर (आकाश गंगाओं का समूह) एनजीसी 2298 को कैमरे में कैद किया है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि दूर के इस क्लस्टर से खगोल के क्षेत्र में ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

हमारे निकटवर्ती ब्रह्मांड में आकाशगंगा समूहों में कन्या क्लस्टर, फॉर्नेक्स क्लस्टर, हरक्यूलिस क्लस्टर और कोमा क्लस्टर शामिल हैं। जिन्हें हम देख सकते हैं। माना जाता है लगभग 28 क्लस्टर हैं, जिन्हें हम आसानी से देख सकते हैं। देखने में यह सभी बेहद आकर्षक लगती हैं। स्याह रातों में इनका नजारा अद्भुत होता है। इन्हें निहारने का आकर्षण अक्सर प्रेमियों में रहता है, जबकि वैज्ञानिक वर्ग इनके भीतर का सच जानने को आतुर रहते हैं और रातों को जागकर इनके बारे में जानकारी जुटाते हैं। अब जो क्लस्टर की तस्वीरें भी ले ली गईं हैं यह गोलाकार आकृति के साथ बनी हुई हैं। गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 2298 के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें हजारों तारे पारस्परिक गुरुत्वाकर्षण के साथ एक दूसरे से बंधे हुए हैं और दूर आसमान में शानदार नजारा पेश करता है। यह जानकारी खास है कि गोलाकार समूह के तारे आमतौर पर तारों की पुरानी आबादी होती है, जो इनका आवास जैसा है और ये ज्यादातर आकाशगंगाओं के धूल भरे बाहरी इलाके में रहते हैं। इस क्लस्टर को लेकर खगोलविदों का कहना है कि गोलाकार क्लस्टर के व्यवहार को समझ पाना आसान हो जाएगा। साथ ही उनकी आंतरिक गतिविधियां, कक्षाएं और उनके तारों का विकास के रहस्य को उजागर किया जा सकेगा।



क्लस्टर एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर। ● अमृत विचार

दूरबीन से देखा जा सकेगा ब्रह्मांड का बड़ा हिस्सा

नैनीताल, अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोलीय वैज्ञानिक डा. शशिभूषण पांडेय पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से तारों की मायावी दुनिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और अभी तक अनेकों तारों के व्यवहार व गतिविधि का रहस्य उजागर कर चुके हैं। वह कहते हैं कि इनका रहस्य समझने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक एकजुट होकर शोध कार्य कर रहे हैं। एक दूसरे के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। अब 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन (टीएमटी) का निर्माण किया जा रहा है। यह दूरबीन ब्रह्मांड के बड़े हिस्से को देख पाने में सक्षम होगी। भारत भी इस परियोजना का हिस्सा है।